

आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातःनागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 01 अंक : 185 रांची, मंगलवार, 18 जून, 2024 (ज्येष्ठ शुक्ल 12, संवत 2081), पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com



## 10 लाख का इनामी समेत पांच खूंखार नक्सली ढेर

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि, चाईबासा

### चाईबासा में मुठभेड़ के बाद दो गिरफ्तार



झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) जिले के गुवा और जेटेया थाना क्षेत्र अंतर्गत लीपुंगा जंगल के समीप पुलिस और नक्सलियों के बीच सोमवार सुबह साढ़े पांच बजे हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने पांच नक्सलियों को मार गिराया। सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ स्थल से नक्सलियों के शवों के साथ हथियार और अन्य सामान बरामद किए गए हैं। मुठभेड़ में मारे गये सभी नक्सली इनामी हैं। सिंगराई उर्फ मनोज पर 10 लाख, कांडे और सूर्या पर पांच लाख जबकि अन्य पर दो लाख रुपये का इनाम घोषित है।

मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की प्रारंभिक पहचान जोनल कमांडर सिंगराई उर्फ मनोज, सब-जोनल कमांडर कांडे होनहागा उर्फ दिरशुम, एरिया कमांडर सूर्या उर्फ मुंडा देवगम, महिला नक्सली कैडर जुनगा पुर्ति उर्फ मारला और सपनी हांसदा के रूप में हुई है। इस कार्रवाई में गिरफ्तार किए गए दो नक्सलियों की पहचान टाइगर उर्फ पांडू हांसदा और बातरी पांडा के रूप में हुई है।

आईजी अभियान सह पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछू, चमन, कांडे, अजय महतो, सांगेन अगरिया और अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए एकत्र हुए हैं। सूचना के बाद संयुक्त बलों ने एक विशेष अभियान शुरू किया। इस अभियान में चाईबासा पुलिस, सीआरपीएफ, कोबरा बटालियन और झारखंड जगुआर शामिल थे। सर्च अभियान के दौरान नक्सलियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षार्थ जवानों के जवाबी फायरिंग में पांच नक्सली मारे गये जबकि दो नक्सली भागने के दौरान पकड़े गए। इलाके में सर्च अभियान जारी है। घटनास्थल से अबतक एक इंसास, दो एसएलआर, तीन रायफल और एक नाइन एमएम पिस्टल बरामद किया गया है। आईजी अभियान ने नक्सलियों से आह्वान किया है कि वह हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्य धारा में जुड़कर झारखंड के विकास से जुड़ें और सरकार की नीति के तहत सरेंडर करें। झारखंड पुलिस उनका स्वागत करेगी।

## शिवराज सिंह चौहान झारखंड के चुनाव प्रभारी नियुक्त और सह-प्रभारी बने हिमंत विश्व सरमा

प्रातः नागपुरी संवाददाता, रांची



झारखंड विधासनभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कमर कस ली है। सोमवार यानी 17 जून 2024 को मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को झारखंड का चुनाव प्रभारी बनाया गया है। उनके साथ भाजपा के फायरब्रांड नेता और असम के सीएम हिमंत विश्व सरमा को सह-प्रभारी बनाया गया है।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने यह जानकारी दी है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने संगठनात्मक नियुक्ति से संबंधित एक विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा (जेपी नड्डा) ने आगमी विधानसभा चुनावों के लिए प्रदेश चुनाव प्रभारी एवं सह-प्रभारियों की नियुक्ति की है। शेष पेज 08 पर

## संक्षिप्त

### मक्का में भगदड़ मचने से असम के तीन हजयात्रियों की कुचलकर मौत

**गुवाहाटी।** पवित्र हज यात्रा करते समय असम के तीन तीर्थयात्रियों की मक्का में मौत हो गई। रविवार को मक्का के मीना में जमरात पर पत्थर फेंकने के दौरान यह दुखद घटना घटी। एकत्र हुई भारी भीड़ के कारण मची भगदड़ में वे कुचले गए। मृतकों की पहचान कछार जिले के बोरखोला के मौलाना सैफुद्दीन बारभुइया, हैलाकांडी जिले के चांदपुर गांव की सालेहा बेगम बार भुइया और बारपेटा जिले की जरीना बेगम के रूप में की गई है। अधिकारियों ने उनके शवों को एक अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है। इससे पहले, हाल ही में कछार जिले के तोपखाना के एक अन्य असमिया तीर्थयात्री जसीरुद्दीन मजूमदार की भी हज करते समय मक्का में मृत्यु हो गई थी।

### राजभवन को तुरंत खाली करें पुलिसकर्मी : गवर्नर

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने राजभवन में तैनात कोलकाता पुलिस के कर्मियों को सोमवार को सुबह तत्काल परिसर खाली करने का आदेश दिया। एक अधिकारी ने बताया कि बोस राजभवन के उत्तरी द्वार के पास स्थित पुलिस चौकी को 'जन मंच' में बदलने की योजना बना रहे हैं। राज्यपाल ने प्रभारी अधिकारी सहित राजभवन के अंदर तैनात पुलिस अधिकारियों को तत्काल परिसर खाली करने का आदेश दिया है। कुछ दिन पहले पुलिस ने भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी और राज्य में चुनाव के बाद हुई हिंसा के कथित पीड़ितों को बोस से मिलने के लिए राजभवन में प्रवेश करने से रोक दिया था, जबकि राज्यपाल ने इसके लिए लिखित अनुमति दी थी।

### सीएम ने की पोलावरम प्रोजेक्ट की समीक्षा

**आंध्र प्रदेश।** आंध्र प्रदेश के सीएम एन चंद्रबाबू नायडू ने सोमवार को पोलावरम प्रोजेक्ट स्थल का दौरा कर कार्यों और परियोजना की स्थिति की समीक्षा की। चौथी बार पदभार ग्रहण करने के बाद यह पहली बार है, जब नायडू ने इस स्थल का दौरा किया।

### पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाइगुड़ी स्टेशन के समीप भीषण ट्रेन हादसा

# कंचनजंगा एक्सप्रेस से टकरायी मालगाड़ी, 15 लोगों की हुई मौत

एजेंसियां, कोलकाता

पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाइगुड़ी के समीप में भीषण ट्रेन हादसा हो गया है। जानकारी के मुताबिक यहां एक मालगाड़ी कंचनजंगा एक्सप्रेस से टकरा गई। हादसे में कम से कम 15 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है। वहीं 20 से 25 लोग घायल बताए जा रहे हैं।

**मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख मदद देने का एलान :** जानकारी के मुताबिक कंचनजंगा एक्सप्रेस सियालदह की ओर जा रही थी। तभी पीछे से मालगाड़ी ने टक्कर मार दी। इसके चलते यात्री ट्रेन की तीन बोगी पटरी से उतर गयी। रेल मंत्री ने मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये की मदद देने का एलान किया है।

कटिहार मंडल के रंगापानी और निजबाड़ी वाली स्टेशन के बीच में स्टेशन पर खड़ी कंचनजंगा एक्सप्रेस को पीछे से मालगाड़ी ने पीछे से टक्कर मार दी। कंचनजंगा एक्सप्रेस के करीब तीन बोगी पटरी से नीचे उतर गई। धक्का इतना तेज था कि एक बोगी-दूसरी बोगी पर चढ़ गयी। घटना की सूचना पर कटिहार रेल मंडल में हड़कंप मच गया है। कटिहार और एनजेपी से एक्सीडेंटल रिलीफ ट्रेन और मेडिकल वैन लेकर रेलवे के अधिकारी घटनास्थल की ओर कूच कर गए हैं। बताया जाता है कि घटना में करीब 200 से अधिक लोग जख्मी हुए हैं।

इस घटना में कितने लोगों की मौत हुई है। इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है, लेकिन घटनास्थल से जो वीडियो वायरल हो रहा है। इससे स्पष्ट कहा है कि इस हादसे में कुछ लोगों की जान भी गई है।

बताया जाता है कि सियालदह जा रही कंचनजंगा एक्सप्रेस रंगापानी स्टेशन पर खड़ी थी।

शेष पेज 08 पर





### 19 ट्रेन कैंसिल, कई ट्रेनों के रूट में बदलाव

**कोलकाता।** दार्जिलिंग में हुए इस हादसे के बाद कई ट्रेनों की आवाजाही पर असर पड़ा है। इसके चलते कई ट्रेनों को रद्द किया गया है और 19 ट्रेनों का रूट भी डायवर्ट किया गया है। फिलहाल, रेल कर्मी हादसे के बाद रूट को दुरुस्त करने का काम कर रहे हैं। ये ट्रेनें न्यू जलपाईगुड़ी, सिलीगुड़ी जंक्शन से बगडोगरा और अलूबारी रोड रूट पर डायवर्ट कर दी गई हैं।

### हादसे वाली जगह पहुंचे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, मुआवजे का किया ऐलान

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव पश्चिम बंगाल में उस जगह पहुंचे हैं, जहां हादसा हुआ है। वह ट्रेनों के सुचारू संचालन तक वहीं रहेंगे। इस दौरान उन्होंने मृतकों के आश्रितों को 10-10 लाख रुपये मुआवजा देने का ऐलान किया है।

### इस सरकार को सिर्फ चुनाव की चिंता, रेलवे की नहीं : ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कंचनजंगा एक्सप्रेस रेल हादसे को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि इस सरकार को सिर्फ चुनाव की परवाह है। इन लोगों ने पुरानी पेंशन खत्म कर दी। मैं रेलवे कर्मचारियों और अफसरों के साथ हूं। वे अपनी तरफ से हरसंभव मेहनत करते हैं, लेकिन इस सरकार को सिर्फ चुनाव की ही चिंता रहती है। इन्हें सिर्फ इतना दिखता है कि कैसे ईवीएम को हैक करें और चुनाव नतीजा बदल डालें।

### अंतर्कलह आया सामने, समीक्षा बैठक के दौरान हंगामा

## दुमका में सांसद व विधायक समर्थकों के बीच हाथापाई !



प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि, देवघर

सोमवार को भाजपा ने देवघर में गोड्डा लोकसभा सीट के लोकसभा रिजल्ट की समीक्षा के लिए बैठक बुलाई थी। इस बैठक में स्थानीय विधायक नारायण दास और गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे के समर्थकों के बीच हाथापाई हो गई। विधायक ने सांसद पर हंगामा और मारपीट करने का आरोप लगाया।

इससे पहले दुमका लोकसभा सीट से भाजपा की प्रत्याशी सीता सोरेन ने अपनी हार के लिए भाजपा विधायक रणधीर सिंह, पूर्व मंत्री लुईस मरांडी और पूर्व सांसद सुनील सोरेन समेत कई नेताओं को जिम्मेदार ठहराया था। रविवार को दुमका में भी चुनाव परिणाम की समीक्षा बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। चुनाव परिणाम आने के बाद हार-जीत को लेकर इतना बवाल नहीं हुआ, लेकिन जैसे ही समीक्षा शुरू हुई वैसे ही प्रत्याशियों ने अपनी हार की जिम्मेदारी दूसरे नेताओं पर थोप कर अपनी कमजोरियों को छिपाने की कोशिश शुरू कर दी।

चुनाव परिणाम की समीक्षा करने गये प्रदेश स्तर के नेताओं की कमजोरी के कारण भी कार्यकर्ता अनुशासनहीनता पर उतर आये। संथाल परगना की तीनों लोकसभा सीट के परिणाम की समीक्षा करने के लिए रांची से प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू और प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय संथाल दौरे पर हैं। यह दोनों नेता भाजपा के स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं पर काबू पाने में असक्षम साबित हुए। यही वजह है कि कार्यकर्ता इनके सामने ही हंगामा करने लगे। नारायण दास और सीता सोरेन ने जो आरोप लगाये हैं, उससे यह साफ है कि संथाल परगना में भाजपा के अंदर काफी खींचतान चल रही है। शेष पेज 08 पर

## लोस स्पीकर पद अपने पास रखेगी भाजपा

- सहयोगियों को मिल सकता है डिप्टी स्पीकर का पद

एजेंसियां, नई दिल्ली



तीसरी बार सत्ता संभालने के बाद बीजेपी ने साफ कर दिया है कि लोकसभा में स्पीकर बीजेपी का ही होगा। एनडीए के सहयोगियों को डिप्टी स्पीकर का पद मिल सकता है। बीजेपी ने साफ कर दिया है इस मामले में वो समझौता नहीं करेगी। वहीं, बीजेपी ने अपने वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को विपक्ष समेत सभी दलों से बात कर आम सहमति बनाने की जिम्मेदारी सौंपी है। बता दें कि, चुनाव के नतीजों में किसी भी दल को बहुमत नहीं मिला है। एनडीए की सरकार बनी है, लेकिन किंगमेकर जेडीयू और टीडीपी में लोकसभा मध्यक्ष पद को लेकर तकरार है।

मीडिया रिपोर्ट के हवाले से खबर है कि बीजेपी लोकसभा अध्यक्ष पद अपने पास रखने के मूड में है। वहीं डिप्टी स्पीकर का पद एनडीए को देने के लिए बीजेपी राजी है। एनडीए की आपसी एकजुटता बनी रही और बीजेपी का ही सांसद लोकसभा स्पीकर बने इसके लिए पार्टी ने राजनाथ को बड़ी जिम्मेदारी दी है। बीजेपी ने राजनाथ को एनडीए के सहयोगियों और विपक्षी दलों से बातचीत कर आम राय बनाने की जिम्मेदारी दी है। शेष पेज 08 पर

## देश के 9.26 करोड़ से अधिक किसानों को आज मिलेंगे 20 हजार करोड़

- पीएम- किसान योजना की 17वीं किस्त करेंगे जारी प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 18 जून, 2024 को पीएम-किसान योजना की 17वीं किस्त जारी करेंगे। इसमें 9.26 करोड़ से अधिक किसानों को 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक का लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री कृषि सखियों के रूप में प्रशिक्षित 30 हजार से अधिक स्वयं सहायता समूहों को पैरा एक्सटेंशन वर्कर के रूप में कार्य करने के लिए प्रमाण पत्र भी वितरित करेंगे।

शेष पेज 08 पर

## मणिपुर हिंसा पर बड़े एक्शन की तैयारी

- गृह मंत्री अमित शाह ने की हाई लेवल मीटिंग



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को मणिपुर को लेकर हाई लेवल मीटिंग की। बैठक में केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला खुफिया ब्यूरो प्रमुख तपन डेका सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे समेत कई और बड़े अधिकारी शामिल हुए।

बता दें कि, बीते एक साल से ज्यादा समय से मणिपुर में मैतेयी और कुकी समुदाय में हिंसा का दौर चल रही है। हालांकि प्रदेश में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इलके बाद भी छिटपुट हिंसा की खबर सामने आ ही जा रही है। दोनों समुदाय में संघर्ष के कारण 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। हजारों लोग अपना घर छोड़कर राहत शिविरों में रहने को मजबूर हैं।

अमित शाह ने की अधिकारियों के साथ बैठक : केंद्रीय गृह मंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला, खुफिया विभाग के ब्यूरो प्रमुख तपन डेका, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी, मणिपुर के सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह, मणिपुर के मुख्य सचिव विनीत जोशी, मणिपुर के डीजीपी राजीव सिंह और असम राइफल्स के डीजी प्रदीप चंद्रन नायर शामिल हुए। शेष पेज 08 पर

### सीसीएल : पानी संकट से कर्मी त्रस्त, नगर प्रशासन विभाग दे रहा नसीहत

## सीएसआर पर करोड़ों खर्च कर रही कंपनी, कालोनियों में पानी नसीब नहीं

कुमार राजेश, रांची



कोल इंडिया की सहायक और मिनी रत्नी कंपनी सीसीएल हर साल सीएसआर पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है। हालांकि कंपनी के क्वॉर्टर में रहने वाले कर्मियों को पानी नसीब नहीं हो रहा है। पानी के संकट के कर्मी त्रस्तह हैं। नगर प्रशासन विभाग ने पानी कम खर्च करने की नसीहत दे रहा है। सीसीएल के नगर प्रशासन विभाग ने एक सूचना जारी की है। इसमें कर्मियों से कहा गया है कि जवाहर नगर कॉलोनी, राजेंद्र नगर, गांधी नगर कॉलोनी और अस्पताल, दरभंगा हाउस कॉम्प्लेक्स में बोरिंग फेल हो गया है। रांची नगर निगम से पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। इसके कारण पानी की भारी कमी है। अनुरोध है कि कृपया कम पानी का उपयोग करें। पानी की बर्बादी नहीं करें। इस संबंध में नगर प्रशासन विभाग द्वारा सभी प्रयास किये जा रहे हैं।

ये सभी कालोनियां कंपनी मुख्यालय में स्थित हैं। जवाहर नगर कालोनी में सीएमडी, निदेशक जैसे उच्चाधिकारियों के आवास हैं। दरभंगा हाउस कॉम्प्लेक्स में तो सारे कार्यालय ही हैं। मुख्यारलय और उच्चाधिकारियों के आवास होने के कारण आमतौर पर यहां नगर प्रशासन विभाग की खास नजर रहती थी। इसके बाद भी यहां पानी की किल्लत हो गई है। कर्मियों के मुताबिक गांधीनगर कालोनी में पानी का संकट काफी दिनों से हैं। यहां लगाया गया बोरिंग फेल हुए एक साल से अधिक हो चुका है। बोरिंग के फेल होने की स्थिति आने से पहले ही कालोनीवासियों की ओर से सीएमडी और निदेशकों को कई बार ज्ञापन सौंपा गया। बावजूद इसके इस ओर कोई ध्या न नहीं दिया गया। राजेंद्र नगर कालोनी में पानी संकट का स्थागई समाधान कभी हुआ ही नहीं।

कर्मियों का कहना है कि कंपनी करोड़ों के लाभ में है। केंद्र और राज्यथ सरकारों को करोड़ों रुपये टैक्स के तौर पर देती है। सीएसआर पर हर साल करोड़ों रुपये खर्च करती है। हालांकि कर्मियों को पनी का पानी तक नसीब नहीं हो रहा है। सीएसआर के तहत पैसा खर्च करने पर उन्हें कोई एतराज नहीं है, लेकिन पहले कर्मियों की समस्या ओं का निराकरण होना चाहिए। कर्मियों का यह भी कहना है कि कंपनी हर साल तोड़कर बनाने की नीति पर भी करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। अच्छी कंडीशन में मौजूद चीजों को तोड़कर फिर से बनाया जाता है। इसपर करोड़ों रुपये पानी की तरह बहाया जा रहा है। हालांकि कर्मियों की जनसुविधा का ख्या ल नहीं रखा जा रहा है। इससे सभी परेशान हैं।

## म्यूटेशन लटकाने वाले सीओ पर कार्रवाई शुरू

**हजारीबाग।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने सभी जिलों के डीसी को जमीन के म्यूटेशन के लंबित मामलों को जल्द से जल्द निपटाने का निर्देश दिया है। इसके बाद सभी जिलों के डीसी म्यूटेशन के मामलों को गंभीरता से ले रहे हैं। इसी कड़ी में हजारीबाग डीसी नैंसी सहाय ने 6 अंचल अधिकारियों को म्यूटेशन के पेंडिंग आवेदनों को लेकर शो कॉज किया है और उनसे दो दिन में जवाब मांगा है। शेष पेज 08 पर



- हजारीबाग डीसी नैंसी सहाय ने 7 सीओ को किया शो कॉज

## वायनाड सीट से इस्तीफा देंगे राहुल गांधी, प्रियंका गांधी लड़ेंगी चुनाव



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी वायनाड सीट से इस्तीफा देंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लीकार्जुन खरगे के आवास में लंबी बैठक के बाद इसपर फैसला किया गया। वहीं बैठक में फैसला किया गया है कि वायनाड सीट से प्रियंका गांधी चुनाव लड़ेंगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आज यानी सोमवार को मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि राहुल गांधी रायबरेली से सांसद बने रहेंगे। खरगे ने कहा कि प्रियंका गांधी वायनाड से उपचुनाव लड़ेंगी। वहीं राहुल गांधी ने कहा कि वो भले ही वायनाड सीट छोड़ रहे हैं, लेकिन वहां से उनका नाता खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि वायनाड में उनका आना जाना लगा रहेगा।

खरगे के आवास पर हुई बैठक : बता दें कि, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर सोमवार को कांग्रेस नेताओं की बैठक हुई। मीटिंग में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, पार्टी सांसद राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी और पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल शामिल हुए। शेष पेज 08 पर

## संक्षिप्त

### योग शिक्षिका अर्चना व स्वामी शिवानंद सरस्वती को किया गया सम्मानित

**रांची :** अयोध्या में हुए दो दिवसीय योग महाकुंभ राष्ट्रिय योग वीर सम्मान समारोह में झारखंड से रांची निवासी 'योग शिक्षिका अर्चना' को 'स्वामी धीरेंद्र ब्रहमचारी योग श्री अवार्ड' और 'स्वामी शिवानंद सरस्वती योग शिरोमणि अवार्ड' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ व अखिल भारतीय योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मंगेश त्रिवेदी ने अयोध्या के श्रीराम ऑडिटोरियम मे हुए समारोह मे रांची की योगाचार्या अर्चना को सम्मानित कियो योगाचार्या अर्चना को यह पुरस्कार योग के क्षेत्र मे उत्कृष्ट कार्य करने पर दिया गया है।इस वर्ष संपूर्ण भारत के 300 लोगो को राष्ट्रिय पुरस्कार दिया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य सभा 'दिनेश शर्मा, आश्रम गांधी पुरी सेवाग्राम के अध्यक्ष पद्मश्री अगुस् इंद्र उदयन, वेदमूर्ति पवन दत्त महाराज मौजूद रहे।

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने रेल हादसे में मृत यात्रियों के प्रति जताया शोक

**रांची :** पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में हुए कंचनजंगा एक्सप्रेस रेल हादसे में मृत यात्रियों के प्रति प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने शोक व्यक्त किया और अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने ईश्वर से शोक संतप्त परिवारों को इस असीम दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को मृत व्यक्तियों के परिवारों तथा घायलों को उचित मुआवजे तथा उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा सरकार के स्तर पर उपलब्ध कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस रेल हादसे की नैतिक की जिम्मेवारी रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को लेनी चाहिए,उनके कार्यकाल में देश में कई रेल हादसों में सैकड़ों लोगों की मौत हुई है।

### सीएम से मिले डॉ. एन. बी. चौधरी

**रांची :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से रविवार को बूटी रोड, मोरहाबादी, रांची स्थित आवास में केन्द्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, पिस्का नगड़ी, रांची के निदेशक डॉ. एन. बी. चौधरी ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

### अमेजन की इंटरनेशनल योगा डे सेल 21 जून तक

**रांची :** इस साल इंटरनेशनल योगा डे के मौके पर अमेजन की खासतौर पर तैयार योगा डे सेल के साथ एक सेहतमंद जीवनशैली अपनाएं और अपने फिटनेस रुटीन को बेहतर बनाएं। अमेजन की यह सेल 21 जून 2024 तक जारी रहेगी। यहां पर योगा मैट, व्हील, ब्लॉक आदि जैसे योग से जुड़े प्रोडक्ट के साथ ही वेलनेस प्रोडक्ट की विशाल रेंज उपलब्ध कराई गई है। इस खास संग्रह के साथ अपने मन, शरीर और आत्मा को सुकून देते हुए खुद को सेहतमंद बनाएं। ग्राहक यहां पर योगा मैट, योगा ब्लॉक और एक्सेसरीज जैसी योग से जुड़े अपने सभी पसंदीदा प्रोडक्ट पर 80 प्रतिशत तक की छूट का फायदा उठा सकते हैं। इसके साथ ही ग्राहक योग से जुड़े सभी प्रोडक्ट पर 750 रुपये की न्यूनतम खरीद पर यूपीआई के माध्यम से पेमेंट करने पर 150 रुपये तक का अतिरिक्त 10 प्रतिशत कैशबैक प्राप्त कर सकते हैं। फोम योगा ब्लॉक्स हाई डेन्सिटी वाले एथिलीन-विनाइल एसीटेट फोम से बने हैं। ये ब्लॉक्स योग अभ्यास करते समय भरोसेमंद सपोर्ट प्रदान करते हैं और लंबे समय तक बेहतरीन पफोर्मेंस देते हैं। इसका मॉड्यूलर डिजाइन और फिसलन-रोधी सतह आपको एक सुरक्षित पकड़ प्रदान करते हैं। इसे अमेजन.इन पर 18 से 21 जून के बीच 499 रुपये में खरीद सकते हैं। बच्चों के लिए बोल?डफिट एथिलीन विनाइल योगा मैट्स 269 रुपये में खरीद सकते हैं। यह योगा मैट एंटी-स्लिप टेक्सचर और सॉफ्ट पैडिंग के साथ आता है, ताकि बच्चे हर आसन को सुरक्षित रूप से कर सकें।

## गले मिलकर एक दूसरे को दी बकरीद की मुबारकबाद

# दुआओं के लिए एक साथ उठे हजारों हाथ





संवाददाता

**रांची।** ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर सभी ने जमात में खड़े होकर एक साथ बकरीद की नमाज अदा की। इसे लेकर अकीदतमंदों में खासा उत्साह दिखा। कांके क्षेत्र के ईदगाहों और मस्जिदों में सोमवार की अहले सुबह बकरीद की नमाज अदा करने को अकीदतमंद भारी संख्या में जुटे। लोगों ने सैकड़ों की संख्या में नमाज के बाद एक दूसरे से मिलकर मुबारकबाद दी।

कांके बाजार टांड़, पिठोरिया चौक, होचर, हुसीर, सतकनादू और चुट्ट स्थित ऐतिहासिक ईदगाह में इबादत को हजारों लोग अहले सुबह 7 बजे जुटे और एक साथ नमाज अदा की। इस दौरान कांके ईदगाह में अहले वतन के लोगों को संबोधित करते हुए कारी अशरफ ने कुबार्नी के महत्व पर प्रकाश डाला। अहले वतन की तरक्की, भाईचारगी और अमन चैन के साथ बरकत के साथ खुशहाली की दुआ की गई। साथ ही उन्होंने कहा की दूसरों की भावनाओं का विशेष ख्याल रखें। क्षेत्र के कांके रोड भिट्ठा, चंदवे, चुड़ी टोला, पतराटोली, मिल्लत कॉलोनी, सेमरटोली, बोड़ेया, सुकुरहुट्ठ, हुसीर, होचर, कोकदोरो, ओयना, चुट्ठ, पिरुटोला, कोनकी, सतकनादू, बाढू सहित अन्य गांव में बकरीद की खुशियों में बच्चों में खासा उत्साह देखा गया।

इस अवसर पर आजसू के कार्यकारी जिलाध्यक्ष हकीम अंसारी, प्रमुख सोमनाथ मुंडा, पूर्व जिप सदस्य मोजिबुल अंसारी, उपप्रमुख अंजय बैठा, जिप सदस्य हीना परवीन, सरपंच अईनुल हक अंसारी, सदर मजीद अंसारी, शकिल अंसारी, समनुर मंसुरी, सफिउल्लाह अंसारी, जमील अख्तर, सज्जाद अंसारी ने एक दूसरे को गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी।

# झारखंड में बकरीद को लेकर सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम

बकरीद को लेकर राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सोमवार को ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल बकरीद को लेकर एकरा मस्जिद, डोरंडा मस्जिद, ईदगाह एवं ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के प्रमुख मस्जिदों का भ्रमण कर विधि व्यवस्था में तैनात प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी एवं जवानों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जबकि हिंदपीढ़ी इलाके में कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए रविवार रात से ही कैंप कर रहे हैं। साथ ही मस्जिदों और ईदगाहों पर तैनात जवानों को तैनाती स्थल पर रहने और कई दिशा निर्देश दिए।

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सोमवार को बताया कि राजधानी रांची में बकरीद को लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। एसएसपी ने बताया कि सभी संवेदनशील जगहों पर रैपिड एक्शन फोर्स की तैनाती की गई है, इसके अलावा झारखंड पुलिस के रैप, जैप, आईआरबी के जवानों को भी राजधानी में तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि क्विक रिस्पांस टीम को भी अलर्ट पर रखा गया है, अगर कहीं से भी आपातकालीन व्यवस्था करनी होगी तो वहां दस्ता तुरंत मूव करेगा। इस बार पूरी राजधानी पर नजर रखने के लिए 70 जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं । इनकी निगरानी के लिए 50 से ज्यादा जवानों को तैनात किया गया है। रांची एसएसपी ने कहा कि अगर कोई शांति और सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करता है तो उसे गिरफ्तार कर जेल भेजने का निर्देश दिया गया है। साथ ही सोशल मीडिया पर भी पैनी नजर रखी जा रही है।

वहीं दूसरी ओर मुस्लिम समुदाय के त्योहार ईद- उल-अजहा के मद्देनजर पुलिस मुख्यालय की ओर पूरे राज्य में सुरक्षा- व्यवस्था के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए हैं । ईद-उल- अजहा को शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए पर्याप्त संख्या में अतिरिक्त जवानों के साथ साथ रैफ, बम निरोधक दस्ता की तैनाती की गयी है। सुरक्षा को लेकर 4900 पुलिस बल, छह कंपनी रैपिड एक्शन फोर्स, पांच कंपनी सीआरपीएफ, एक कंपनी आरएएफ, 5000 होमगार्ड के जवान की तैनाती की गई है। इसके अलावा सभी जोन के आईजी और डीआईजी के पास 1000 पुलिस बल रिजर्व में रखा गया है। रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग, गिरिडीह में सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई है, इन जिलों में रैपिड एक्शन फोर्स को लगाया गया है।





**सोशल मीडिया पर विशेष नजर**

सोशल मीडिया पर भी विशेष नजर पुलिस के द्वारा रखी जा रही है। रांची पुलिस के द्वारा एक दिन पूर्व ही यह संदेश जारी कर दिया गया था कि अगर कोई भी सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने की कोशिश करेगा तो उसे बख्शा नहीं जाएगा।

**दो हजार पुलिस जवान तैनात**

दो हजार जवान बकरीद को देखते हुए राजधानी के सभी संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल के साथ-साथ ड्रोन की टीम को भी तैनात किया गया है। सभी थाना प्रभारी नमाज के वक्त अपने-अपने इलाकों में भ्रमणशील रहे। बकरीद को लेकर राजधानी रांची में दो हजार पुलिस बलों की तैनाती की गई है। खासकर वैसे ही इलाके जहां बकरीद के समय पूर्व में सामाजिक सौहार्द बिगड़ा था। वहां विशेष निगरानी रखी जा रही है।

**कर्बला चौक में बच्चों के लिए लगा झूला**

ईद और बकरीद पर हर वर्ष कर्बला चौक पर बच्चों के लिए झूला लगता आया है, इस वर्ष भी लगा है। जहां बच्चों का उत्साह देखते बनता है। बड़ों से ईदी लेकर घूमने जाना और झूला पर बैठना बच्चों को बहुत पसंद है।

## रोटरी और राज अस्पताल ने जोहना में लगाया नि:शुल्क मेगा स्वास्थ शिविर

संवाददाता

**रांची :** रोटरी रांची डाउनटाउन, राज अस्पताल एवं एकस्थ संस्था के द्वारा गुरिडीह पंचायत के जिलिंग सोरेंग गांव में विशाल स्वास्थ्य शिविर एवं आयुष्मान कार्ड बनवाने के शिविर का आयोजन किया गया। राज अस्पताल रांची , रोटरी डाउनटाउन एवं एकस्थ फाउंडेशन के सहयोग से रविवार 16 जून को, जिलिंग सोरेन गांव (अंगड़ा) में एक विशाल स्वस्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे 500 से ज्यादा मरीजों को निःशुल्क परामर्श, जांच एवं निःशुल्क दवाइयाँ दी गयी। इसके साथ ही जिन मरीजों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं था उनका आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया. स्वस्थ्य शिविर में हड्डी, गुर्दे, सामान्य रोग एवं सर्जरी, छाती एवं फेफड़ा, दांत एवं जबड़े , स्त्री एवं प्रसूति, शिशु सम्बन्धी रोगों की जांच की गयी एवं मरीजों को चिकित्सीय सलाह के साथ साथ दवाईयाँ भी दी गयी। इस शिविर में राज अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सक एवं पैरामेडिक टीम उपलब्ध थी। स्वस्थ्य शिविर में ग्रामीणों की सहभागिता एवं जागरूकता देखते ही बन रही थी। शिविर में रोटरी रांची डाउनटाउन से शालिनी जैस्वाल , सुखमीत मोदी, डॉ श्रुति गुप्ता , तूलिका झा , रैनि चंडोक, रिशा गुप्ता एवं बिंदिया आर्या जी शामिल थी।

## श्री श्याम मंदिर में भव्य रूप से मनी निर्जला एकादशी

संवाददाता

**रांची :** हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में आज निर्जला एकादशी बड़े ही भव्य रूप से मनाया गया। आज निर्जला एकादशी के अवसर पर प्रातः 5:00 बजे मंदिर के पट खुलते ही भक्तों का आना-जाना निरंतर मंदिर में लगा हुआ था । सुबह 5:30 की मंगला आरती में भक्तों ने प्रातः कालीन दर्शन कर अपने इष्ट देव को मनाया। इसके बाद 6:00 बजे मंड का पर्दा लगाकर श्याम बाबा का अद्भुत श्रंगार किया गया। 8:30 बजे की श्रृंगार आरती में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्त दर्शन कर अपने इष्ट देव को मना कर श्याम प्रेमियों ने जयकारा लगाकर श्याम बाबा की जय, हारे के सहारे की जय से पूरा मंदिर परिसर गूंज रहा था। श्याम प्रेमी दरबार में बाबा श्याम को भजन सुनाकर दरबार में हाजिरी लगा अपनी मनोकामना की



अर्जी लगा रहे थे।12:15 बजे के विश्राम आरती के बाद मंदिर के पट लगा दिए गए। दोपहर बाद मंडल के मंत्री श्री श्याम सुंदर शर्मा के नेतृत्व में बाबा का द्वितीय एकादशी श्रृंगार किया गया। कोलकाता बेंगलुरु से मंगाए गए मोटी मोटी मालाओं से सजाकर रूह गुलाब की मालिश कर का भोग लगाया गया। लाल गुलाब पीला गुलाब गुलबहार रंजनीगंधा सॉन्ग ऑफ इंडिया लाल गेंदा पीला गेंदा जूही बेली तुलसीदल के फूलों की मोटी मालाओं से बाबा का मनोहारी श्रृंगार किया गया। 4:30 बजे जब मंदिर के पट खुले तो भक्त दर्शन कर बाबा का भक्ति में भाव विभोर हो गए। नयनाभिराम झांकी अद्भुत श्रंगार नवीन बागा पहन बाबा श्याम ऐसा दर्शन दे रहे हो मानो सबका मन मोह रहे थे। आज का विशेष श्रृंगार एवं बागा सेवा कैलाश सिंघानिया एवं आशा सिंघानिया के द्वारा निवेदिता था। रबड़ी प्रसाद की सेवा अन्नपूर्णा सरावगी पंचमेवा भोग की सेवा गोकुल यश गोकुलका राजेश जायसवाल फल की सेवा डॉक्टर खुशबू प्रमोद पोद्दार दीपक अग्रवाल राजेश जायसवाल एवं अन्य श्याम भक्त गिरीगोला सेवा मुकेश मित्तल द्वारा निवेदित थी।निर्जला एकादशी का विशेष कार्यक्रम रात्रि 9:30 बजे से अध्यक्ष सुरेश सरावगी एवं महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया के नेतृत्व में शुरू हुआ।

## मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा खेल संघ समिति गठित

संवाददाता

**रांची :** मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा खेल संघ समिति सोमवार को गठित की गई। साथ ही खेलों का प्रशिक्षण सुचारू रूप से मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा खेल परिसर में पहले की तरह शुरू करने का निर्णय लिया गया। कुछ खेलों का प्रशिक्षण चल भी रहा है। इसके लिए सभी की अनुमति से मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा खेल परिसर खेल संघ की एक समिति का गठन किया गया। इसमें सभी के सहयोग से हमेशा हर सप्ताह किसी न किसी खेल का एक जिला स्तरीय प्रतियोगिता कराते रहने का निर्णय भी लिया गया। इससे सभी खेल का और खिलाड़ियों का विकास हो सके। बैठक में सभी के सर्वसम्मति से संरक्षक आशुतोष द्विवेदी, अरुण कुमार, राजेंद्र प्रसाद, गोविंद झा, मिथलेश कुमार सिंह, अजय वर्मा, रिंकू वर्मा को बनाया गया है। दीपक वर्मा को अध्यक्ष, गौतम सिंह, गणेश कुमार गुप्ता,नीरज वर्मा, संतु कुमार, आचार्य प्रहलाद, ऋषि केश लाल को उपाध्यक्ष, ब्रजेश गुप्ता को महासचिव, अमरजीत कुमार, अनंत नाग चंदन, चंदन कुमार, पंकज जोसेफ को सह सचिव बनाया गया है। अंश वर्मा को सह सचिव, सचिन लोहार को सह कार्यालय प्रभारी और शमा टोप्पो को कोषाध्यक्ष बनाया गया।

# एक्सआईएसएस में आदिवासी साहित्य निर्माण विषय पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी

संवाददाता

**रांची :** जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस), रांची ने अपने डॉ के.एस. सिंह ट्राइबल रिसोर्स सेंटर, रिसर्च एवं प्लानिंग विभाग और रूरल मैनेजमेंट कार्यक्रम तथा जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू), दिल्ली में यूएस फुलब्राइट-नेहरू शोधकर्ता सुश्री मैरी गिरार्ड के साथ मिलकर सोमवार को संस्थान के फादर माइकल वैन डेन बोगार्ट एस.जे. ऑडिटोरियम में दो-दिवसीय 'रोहतासगढ़ का पुनरावलोकन': सांस्कृतिक अनुकूलन और कहानी कहने की कलाः आदिवासी साहित्य का निर्माण विषय पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। यह संगोष्ठी आदिवासी संस्कृतियों और उनकी साहित्यिक विरासत की खोज में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई। क्योंकि इसने संस्कृति, अनुकूलन और कहानी कहने के बीच जटिल संबंधों पर गहन चर्चा हुई। इस संगोष्ठी का स्वागत नोट एक्सआईएसएस के निदेशक डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे द्वारा दिया गया, जिसमें उन्होंने कार्यशाला में सभी का स्वागत किया और कहा, एक्सआईएसएस, रांची ओने ट्राइबल रिसोर्स सेंटर, रिसर्च एवं प्लानिंग विभाग और रूरल मैनेजमेंट कार्यक्रम के माध्यम से भारत के आदिवासी समुदायों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने और संरक्षित करने की अपनी



प्रतिबद्धता पर बहुत गर्व करता है। संस्थान में स्थित इस सेंटर से शैक्षणिक उत्कृष्टता को सामाजिक प्रभाव से जोड़ने के उद्देश्य को बढ़ावा मिलता है और देश भर में आदिवासी आबादी के अधिकारों और विकास को समझने और उनकी वकालत करने के लिए हमारे समर्पण का प्रतीक है। साथ ही हमारा रूरल मैनेजमेंट कार्यक्रम छात्रों को ग्रामीण और आदिवासी समुदायों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए व्यावहारिक कौशल और अंतर्दृष्टि से लैस करके इन प्रयासों को और आगे बढ़ाता है, यह सुनिश्चित करता है कि हमारे संस्थान से निकले हुए मैनेजर सकारात्मक बदलाव के उत्प्रेरक हों। उन्होंने आगे कहा कि, यह सेमिनार आदिवासी साहित्य के निर्माण में योगदान देने वाले समृद्ध सांस्कृतिक अनुकूलन और कहानी कहने की परंपराओं पर चर्चा करता है, जो विद्वानों और शोधकताओं को इन विषयों को गहराई से जानने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। संस्थान विद्वानों और हितधारकों को भारत के आदिवासी समुदायों के लिए अधिक न्यायसंगत और सशक्त भविष्य की दिशा में इस परिवर्तनकारी यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित करता है। आदिवासी संस्कृतियों की समृद्धि और विविधता का जश्न मनाने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है, ये बातें जेएनयू में रिसर्चर और यूएस फुलब्राइट-नेहरू शोधकर्ता और कार्यक्रम की आयोजक मैरी गिरार्ड ने कहा। उन्होंने कहा, ?रोहतासगढ़ का फिर से दौरा करके, हमारा उद्देश्य न केवल कहानी कहने की परंपराओं का सम्मान करना है, बल्कि आदिवासी साहित्य की गतिशील प्रकृति और सामूहिक पहचान को आकार देने में इसके महत्व पर प्रकाश डालना भी है। सेमिनार के दौरान, रोहतासगढ़ पर विस्तार से चर्चा की गई और इसे इतिहास और लोककथाओं में समाहित स्थान बताया गया। अंतःविषय दृष्टिकोण के माध्यम से, प्रतिभागियों ने आदिवासी साहित्य की गहराई में जाकर आख्यानों, मिथकों और मौखिक परंपराओं की परतों को उजागर किया, जिन्होंने भारत के सांस्कृतिक परिदृश्य को आकार दिया है।

## संक्षिप्त

### अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**कोडरमा** : पुलिस अधीक्षक कोडरमा को गुप्त सूचना मिली कि एक अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह जो किसी बड़े वाहन की चोरी की घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से कोडरमा एवं हजारीबाग जिला के सीमावर्ती क्षेत्र में भ्रमणशील है। उक्त सूचना के आधार पर कोडरमा पुलिस एवं हजारीबाग पुलिस द्वारा संयुक्त विशेष टीम गठित कर संयुक्त रूप से तहत्कार्रवाई किया गया। छापामारी के कर्म में दो अपराधी क्रमशः राजु रजक, पिता-लोकन राम, ग्राम-काको, थाना-जयनगर जिला कोडरमा एवं सहदूल खान उर्फ मुन्ना खान, उम्र लगभग 43 वर्ष, पिता-अब्दुल सतार साकिन अवन्तिका, सेक्टर-2 रोहिनी, नई दिल्ली को गिरफ्तार किया ।

### स्पीड स्केटिंग प्रतियोगिता 2024 में पहुंचे मुन्ना सिंह ने किया बच्चों को प्रोत्साहित

**हजारीबाग** : रविवार को झील परिसर में स्पीड स्केटिंग प्रतियोगिता 2024 का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए और बच्चों का हौसला-अफजाई किया। आउटडोर एस्केप एकेडमी, हजारीबाग द्वारा आयोजित किए गए इस प्रतियोगिता में मुन्ना सिंह का स्वागत, एकेडमी के आयोजक कोच और पूरी टीम ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया। मुन्ना सिंह ने सभी विजेताओं और उपविजेताओं को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया और उनको खेल के क्षेत्र में मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर मुन्ना सिंह ने कहा कि आज के बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं और अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। मुख्य रूप से उपस्थित बबलू सिंह, दिनेश यादव, सुजीत सिंह, विक्की कुमार धान, विशाल कुमार इत्यादि कई लोग उपस्थित थे।

### हेमन्त विश्व सरमा को उप प्रभारी बनाये जाने पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने दी बधाई

**बरही** : भाजपा द्वारा झारखंड में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए केंद्रीय कृषि मंत्री सह पूर्व मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शिवराज सिंह चौहान को प्रभारी एवं असम के मुख्यमंत्री हेमन्त विश्व सरमा को सह प्रभारी नियुक्त किया है। वहीं बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने केंद्रीय कृषि मंत्री सह पूर्व मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शिवराज सिंह चौहान को चुनाव प्रभारी एवं असम के मुख्यमंत्री हेमन्त विश्व सरमा को सह प्रभारी बनाए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि दोनो के मार्गदर्शन में झारखंड भाजपा को नई ऊर्जा और उत्साह प्रदान होगा और 2024 विधानसभा चुनाव बहुमत के साथ भारतीय जनता पार्टी अपनी सरकार बनाएगी।

### ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की

**विष्णुगढ़** : सोमवार को विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत बकरीद का त्योहार पूरे हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया ।इस दौरान विष्णुगढ़,चेडरा,नवादा सहित विभिन्न क्षेत्रों के मस्जिदों में मुस्लिम धर्मलंबियों ने ईद-उल-अजहा की नमाज अदा कर अमन चैन और शांति की दुआएं मांगी ।वही नवादा के ईदगाह मैदान में सुबह सात बजे हजारों की संख्या में अकीतमंदो ने बकरीद की नमाज अदा की ।नमाज में इमामत हाजी व हाफिज इलियास मिस्बाही ने किया ।जिसमें हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शरीक होकर एक दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद एवं बधाई दी ।इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि निजाम अंसारी ने कहा कि ईद-उल-अजहा बलिदान और संयम का पर्व है,बुराइयों की कुबार्नी देकर आत्मा को शुद्ध करने का यह एक उत्तम साधन है। जिसे इस पर्व में त्याग एवं समर्पण के प्रतीक स्वरूप के अनुसार बकरे की कुबार्नी दी जाती हैं। नसीहत देते हुए कहा कि आपसी भाईचारा कायम रखें, और एक दूसरे का सहयोग करें।

# सौहार्द के साथ मनायी गयी बकरीद

संवाददाता

**जामताड़ा** : जामताड़ा व आसपास के क्षेत्रों में सोमवार को बकरीद उल्लास व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाई गई. मुस्लिम समाज के लोगों ने सुबह में मस्जिदों व ईदगाहों में समूहिक नमाज अदा कर सुख, शांति व खुशहाली की दुआएं मांगी गईं। त्याग और समर्पण के प्रतीक स्वरूप बकरों की कुर्बानियां दी गईं। इस मौके पर जामताड़ा के न्यू टाउन स्थित ईदगाह, पाकडीह, सरखेलडीह ईदगाह, मियांडीह, बुधुडीह, नाराडीह, बेवा, धनबाद, चिरूनबांध, शहरपुरा, मोहड़ा, पोसोई सहित अन्य ईदगाहों में बकरीद की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर बकरीद की बधाई दी। पर्व को लेकर सुबह से ही मुसलमानों में उत्साह देखा गया। नए कपड़े पहनकर लोग ईदगाह और मस्जिदों में जमा होने लगे थे। पाकडीह व सरखेलडीह ईदगाह में इमाम मौलाना अख्तर रजा ने कहा कि ईद उल अजहा बलिदान और संयम का दिन है। इस्लामी कैलेंडर के अंतिम माह जिलहिज्जा की दसवीं तारीख को यह पर्व मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि कुबार्नी आत्मा को शुद्ध करने का एक उत्तम साधन है। कुबार्नी में इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि दिखावे के लिए न हो। हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम ने अल्लाह के हुक्म पर अपने बेटे हजरत इस्माइल अलेही सलाम की कुर्बानी देने के लिए तैयार हो गए थे।अल्लाह को यह अदा काफी पसंद आई। इसके बाद सभी लोगों ने त्याग एवं समर्पण के प्रतीक स्वरूप बकरे की कुबार्नी दी गई। इस दौरान जामताड़ा विधायक डॉ। इरफान अंसारी, भाजपा नेता वीरेंद्र मंडल, झामुमो केंद्रीय कमेटी के सदस्य अशोक मंडल, कांग्रेस जिला अध्यक्ष दीपिका बेसरा, आजसू नेता तरुण गुप्ता सहित अन्य नेताओं ने मुस्लिम बस्तियों में जाकर बकरीद की बधाई दी। इस सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।



## समर्पण व बलिदान का पावन त्योहार ईद-उल-अजहा की हुई विशेष नमाज

**गुमला** : शहर तथा ग्रामीण क्षेत्र के मस्जिदों एवं ईदगाह में मुस्लिम धर्म व लंबियों ने अकीकदत और एतेराम के साथ ईद उल अजहा की नमाज अदा किया, और देश और शहर में अमन और शांति के लिए विशेष दुआ किया गया। इस मौके पर सिसई रोड स्थित ईदगाह में दिन के ठीक 8:00 जामा मस्जिद के इमाम जनाब ऐनाम रब्बानी साहब ने एक बड़ी जमात को नमाज पढ़ाई उन्होंने इस मौके पर कहा कि आज हम सब अल्लाह के प्यार पैगंबर हजरत इब्राहिम अलेही वसल्लम के द्वारा पेश किया गया महान कुबार्नी की याद में मना रहे हैं क्योंकि अल्लाह को सबसे ज्यादा कुबार्नी पसंद है कुबार्नी का मतलब सिर्फ जानवर को कुर्बान करना नहीं बल्कि हम सबको इस मौके पर सीख लेने की आवश्यकता है हमें अपने आचार, विचार ,आचरण को ठीक रखना है एक दूसरे के प्रति घृणा द्वेष बदला भेदभाव नहीं रखनी चाहिए हम सभी को अपनी जिंदगी अल्लाह के बताए हुए दीन ए मोहम्मद के सुन्नत पर अमल करके गुजरने की जरूरत है हम जैसा कर्तव्य करेंगे उसका फल भी हमें वैसा ही मिलेगा हम सबको पता है कि हजरत इब्राहिम अलैहि वसल्लम ने अपने प्यारे इकलौता पुत्र पैगंबर हजरत इस्माइल अलैहि वसल्लम को अल्लाह की राह में जो कुबार्नी पेश किया है वैसा कुबार्नी रहते दुनिया तक कोई पेश नहीं कर सकता इस कुबार्नी में समर्पण ,त्याग ,और बलिदान का जो नमूना पेश किया गया है वह अमूल्य है। इसे नहीं बुलाया जा सकता इस मौके पर उन्होंने दुनिया में रहने वाले सभी जाति धर्म के रहने वाले मनुष्यों के लिए शांति और अमन के लिए दुआ किया ईद उल अजहा की नमाज को लेकर अंजुमन इस्लामिया गुमला के सदर मुशाहिद आदमी सेक्रेटरी मकसूद आलम तथा अंजुमन से संबंधित तमाम नौ पंचायतों के पदाधिकारी खासकर मोहम्मद लड्डन कलीम अख्तर, अफसर आलम, शहजाद अनवर नसीम खान, सरवर मास्टर, मोहम्मद मेराज मोहम्मद कौसर इरफान अली शकील खान मोहम्मद इलियास आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा शहर गुमला में लगभग दर्जन भर जगह पर ईद अल-आधा की नमाज अदा की गई।



## अकीदत के साथ अदा की गयी बकरीद की नमाज

**महुआडांड़/लातेहार** : उल अजहा (बकरीद) त्यौहार को लेकर सोमवार की सुबह से ही लोग नहा धोकर नए कपड़े पहन कर नमाज अदा करने के लिए मस्जिद के ओर रवाना हो गए। त्योहार को लेकर बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। महुआडांड़ के जामा मस्जिद गौसिया मस्जिद व मदीना मस्जिद में अकीदत के साथ मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईद उल अजहा (बकरीद) की नमाज अदा की। इस दौरान जामा मस्जिद में ईमाम मौलाना रेयाज साहब,मदीना मस्जिद में इमाम खालिक साहब गौसिया मस्जिद में इमाम गुलाम सरवर फैजी के द्वारा नमाज अदा कराई गई। नमाज से पूर्व सभी मस्जिदों के इमाम के द्वारा उपस्थित लोगों को उल अजहा (बकरीद) के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया ।जामा मस्जिद के इमाम रेयाज साहब ने कहा कि ये दिन कुबार्नी का दिन है ।इस दिन जो मालदार है कुबार्नी देने की हैसियत रखतें हैं सभी को कुबार्नी देनी चाहिए ।जब अल्लाह ने इब्राहिम अलैहिस्सलाम से सबसे प्यारी चीज की कुबार्नी मांगी तो तो उन्होंने ने अल्लाह के राह में अपने प्यारे बेटे इस्माइल अलैहिस्सलाम को कुबार्नी देने के लिए निकल पड़े ।जब उन्होंने ने इस्माइल अलैहिस्सलाम को कुर्बान करना चाहा तो अल्लाह ने उस स्थान पर एक दुम्बे (दुम्बा एक जानवर होता है) को मौजूद कर दिया और इब्राहिम अलैहिस्सलाम ने दुम्बे को अपने हाथों से कुबार्नी दे दी। अल्लाह को इनका कार्य इतना फसंद आया की इस दिन को मुसलमानों के लिए कुबार्नी का दिन मुकर्रर कर दिया। इब्राहिम अलैहिस्सलाम को जो अल्लाह के तरफ से हुक्म हुआ था उसके लिए उन्होने अपने प्यारे बेटे को कुर्बान करने से भी गुरेज नहीं किए। हमलोगों को भी इस बात से अपना जायजा लेना चाहिए कि हम अल्लाह के राह में कितने खरे उतरते हैं। हमें भी चाहिए कि अल्लाह के राह में अपनी प्यारी चीजों की कुबार्नी दे ।साथ ही साथ हमें हमारे अंदर जो बुराई जैसे झुठ, गीबत, चुगली,दुसरे का दिल दुखाना, समेत अन्य तरह के बुराई है उसे दुर करना और एक दुसरे से मिलकर रहना है।

## बिनोद विश्वकर्मा ने उपायुक्त से मिल कर बरही व चौपारण प्रखण्ड में पेयजल समस्या दूर करने की मांग की



संवाददाता

**बरही** : हजारीबाग उपायुक्त से मिले झामुमो के पूर्व प्रत्याशी बरही विधानसभा क्षेत्र के नेता बिनोद विश्वकर्मा ने बताया की बरही व चौपारण प्रखण्ड में पिछले लगभग दस वर्षों से क्षेत्र की जनता पेयजल आपूर्ति ठप रहने के कारण पेयजल ही नहीं अपने दैनिक क्रियाओं के लिए भी पानी खरीदकर उपयोग करने के लिए मजबूर हैं आज भीष्ण गर्मी के कारण जल स्तर नीचे चले जाने के कारण अधिकांशतः बोरिंग चापकल कुआं सूख चुका है पूरे क्षेत्र की जनता पानी के लिए त्राहिमाम कर रही है। ग्रामीणों के द्वारा सैकड़ो हस्ताक्षर युक्त विभागीय मंत्री मिथिलेश ठाकुर के नाम शौंपा ज्ञापन। वही डीसी मैडम ने कही इस गंभीर समस्या को लेकर विभागीय पदाधिकारी के साथ शीघ्र बैठक कर समस्या का समाधान करने का प्रयास करूंगी।

## मारवाड़ी युवा मंच ने लगाया रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर

संवाददाता

**हजारीबाग** : सामाजिक क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाली संस्था मारवाड़ी युवा मंच द्वारा 17 जून को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के सहयोग से रक्तदान शिविर एवं हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल, संत कोलंबा मिशन हॉस्पिटल, टाइटन आई प्लस ,फिट फिजियोथैरेपी क्लिनिक के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया ।शिविर का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त नैंसी सहाय द्वारा दीप प्रज्वलित कर के किया गया` उपायुक्त को मंच द्वारा पुष्प गुच्छ ,सॉल एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष विनीत अग्रवाल सी ए, कोषाध्यक्ष अनिकेत जैन संयोजक विनीत अग्रवाल, बादल गोयल ने रक्तदान कर किया। तत्पश्चात कृष्णा चौधरी, अभिषेक अग्रवाल, शुभम अग्रवाल ,आदित्य खंडेलवाल संगीत सोनम अग्रवाल, अमन अग्रवाल, प्रतीक राम राईका ,शुभम, देवेंद्र जैन, धीरज कुमार, प्रकाश कुमार, मोहित खंडेलवाल ,रोहित खंडेलवाल, देवांश खंडेलवाल ,श्रेयांश खंडेलवाल ,आदर्श अग्रवाल, शुभम मुनका ,प्रियांशु माहेश्वरी चेतन पोद्दार सोनाली बंसल एसके झा ,इयान गोयल,, हर्ष गोयल चिकू इशिका बांका, गुंजन ,हरिप्रकाश बुबुन ,भैया अनुभव ,दीपक अग्रवाल सजन अग्रवाल अग्रवाल अमित कुमार जैन संजय कुमार सुसुम सौरभ महेंद्र प्रसाद गुप्ता सुधांशु कुमार अमन केसरी आकांक्षा जैन सौरभ मुर्मू गोलू चंद्रवंशी शिखा अग्रवाल रोहित कुमार सिन्हा आदि 55 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया` उपायुक्त नैंसी सहाय ने रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट देखकर सम्मानित किया साथ ही 10 एवं 12वीं कक्षा के मेधावी बच्चों को जिन्होंने 90 प्रतिशत से ऊपर लाने वाले बच्चों को उनके द्वारा सर्टिफिकेट देखकर सम्मानित किया गया सभी रक्तदाताओं को मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष विनीत अग्रवाल कोषाध्यक्ष अनिकेत अग्रवाल संयोजक विनीत अग्रवाल, बादल गोयल द्वारा सर्टिफिकेट एवं पौधा देखकर सम्मानित किया गया । स्वस्थ शिविर में 400 अधिक लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर को सफल बनाने मारवाड़ी समाज के सांवरमल अग्रवाल, नीरज अग्रवाल,निर्मल जैन, दिनेश खंडेलवाल,श्रवण अग्रवाल सुबोध सेठी विजय लुहाडिया मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष हजारीबाग कॉलेज ऑफ हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल के डॉक्टर सौम्या राज और डॉ शिखा टाइटन ए प्लस के राहुल जयपुरिया कुमारी मुस्कान का विशेष सहयोग रहा ।

## अगामी मांडू विधानसभा चुनाव तैयारी को लेकर बैठक, कमेटी विस्तार को लेकर चर्चा



संवाददाता

**चरही** : चुरचू प्रखण्ड के चरही आकाश गंगा कार्यालय में अगामी मांडू विधानसभा चुनाव तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता आनंद सोरेन व संचालन चुरचू पूर्व उपमुखिया सहदेव किस्कु ने किया। बैठक में मांडू विधानसभा के प्रत्येक प्रखंड में बूथ कमेटी बनाने और हरेक प्रखण्ड में प्रखण्ड स्तरीय सम्मेलन आयोजन किया का निर्णय लिया गया। बैठक में कार्यकताओं ने अगामी मांडू विधानसभा चुनाव में आनंद सोरेन को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में उतारने का निर्णय लिया . मौके पर बिशुन मुर्म, सुखदेव सोरेन, अर्जुन टुडू, मोहन हेब्रोम, सहदेव किस्कू, एहतेसामुल हसन,मुनेश्वर रविदास, विकास टुडू राजेश भुईया, जय नादान भारती, निखिल किस्कू, सुनील किस्कू, ऐनुल अंसारी, सुलताल अंसारी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## इंडी गठबंधन का दुष्प्रचार नहीं आया काम : बाबूलाल मरांडी

संवाददाता

**लातेहार** : लोकसभा चुनाव के दौरान इंडी गठबंधन द्वारा भाजपा का सरकार बनने के बाद संविधान बदले जाने एवं आदिवासी मूलवासी के आरक्षण समाप्त करने जैसे दुष्प्रचार बढ़ चढ़कर किया गया। उक्त बाते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पुर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने गारू मे आभार यात्रा में कही। बाबूलाल मरांडी गारू प्रखंड के कुई गावं पहुचे थे जहा लोकसभा चुनाव 2024 में कुई गांव के बूथ पर बीजेपी को सर्वाधिक 82 प्रतिशत मत प्राप्त हुआ था। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता एवं मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि विपक्षी दल दुष्प्रचार कर चुनाव जीतने का प्रयास किया मगर चतरा के मतदाताओं ने नकार दिया। उन्होने कहा कि इस चुनाव में राज्य सरकार के 11 मंत्री अपने विधान सभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन को आगे नहीं रख पाए जो सरकार की नाकामी साफ झलकती है। चंपई सोरेन की सरकार राज्य का विकास नही अपने निजी स्वार्थ एवं निजी विकास मे लगे है। मंत्री के चपरासी के घर से



नोटो के पहाड़ मिल रहे है ये भ्रष्टाचार मे लिप्त होकर यहां के लोगों का विकास रोक रहे है। उन्होंने कई गांव के मतदाताओं एवं बुथ कमिटी की प्रशंसा करते हुए कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव के तैयारी मे लग जाए। इससे पुर्व एसटी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चेरो, मुखिया सुनेश्वर सिंह, बुथ अध्यक्ष रमेश सिंह ने बाबूलाल मरांडी का अंग वस्त्र से समानित किये। मौके पर जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिंहा, जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, मण्डल महामंत्री संतोष यादव,मुखिया सुनेश्वर सिंह, शिवशंकर सिंह, मंगल उरांव, रामकुमार उरांव, प्रमुख सीता देवी, संजय सिंह, समेत काफी संख्या महिलाएं समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## डोडा की तस्करी करते धराये पांच तस्कर

**चौपारण** : चौपारण थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बड़ी कारवाई करते हुए 301 एक किलो डोडा जप्त करते हुए पांच तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस सम्बंध में थाना प्रभारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि वरीय पदाधिकारी के द्वारा गुप्त सूचना मिली कि दनुआ स्थित ड्राईवर भाई पंजाबी लाईन होटल के पास एक ट्रक वाहन सं आर जे 23 जिए 5707 पर अवैध रुप से भारी मात्रा में डोडा लोड किया जा रहा है। इस संबंध में त्वरीत कार्रवाई करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्री सूरजित कुमार एवं थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर सशस्त्र बल के साथ दनुआ स्थित ड्राईवर भाई पंजाबी लाईन होटल के पास छापामारी किया गया। छापामारी दल होटल के पास पहुँचा तो देखा कि एक ट्रक लगा है और उक्क्त ट्रक के उपर कुछ लोग चढे हुए है और कुछ लोग माथा पर प्लास्टिक का बोरा ला रहे हैं और कुछ लोग उस बोरा को चढ़ाने में मदद कर रहे हैं।

# गुमला में झमाझम बारिश से उमस भरी गर्मी से मिली राहत, आंधी से नुकसान

संवाददाता

**गुमला।** चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र में बढ़ती गर्मी व तपिश से लोगों को सोमवार को राहत मिली। पिछले दो दिनों से लोग उमस भरी गर्मी से बेहाल थे। सोमवार को दोपहर से आसमान हल्के बादलों ने डेरा डाल लिया। शाम होते ही तेज हवा के साथ झमाझम बारिश होनी शुरू हो गई। इससे उमस भरी गर्मी से बेहाल हो रहे लोगों को राहत मिल गई। मौसम सुहाना होते ही लोग घरों के बाहर गली-मोहल्लों की सड़कों व घरों की बालकोनी पर मौसम का आनंद लेते दिखाई दिए। आंधीआरईओ ऑफिस में पेड़ का डाली टूटा।

**नाली का गंदा पानी सड़क पर**



सोमवार की दोपहर करीब डेढ़ घंटे बारिश हुई। इससे मुख्यालय का बस स्टैंड, चर्च रोड, ब्लॉक चौक, बैंक रोड़, कुरूमगढ़ रोड़ तथा पिपल चौक, प्रेमनगर सहित अन्यद जगहों पर पानी भर गया। जाम होने के कारण नाली का गंदा पानी भी ओवर फ्लो होकर सड़क पर आ गया। स्टेट हाइवे गंदे पानी से लबालब भर गया। राहगीरों को घुटने तक गंदे पानी को पारकर आवाजाही करनी पड़ी।

### मुख्य मार्ग का डायवर्सन खराब

**चैनपुर** डुमरी मुख्य मार्ग का काम तेजी से चल रहा है, लेकिन बीच बीच में बनाए गए डायवर्सन मजबूत नहीं होने के कारण बारिश होते ही पूरी तरह कीचड़मय हो जाते हैं। इससे डुमरी की ओर जाने वाले वाहनों एवं राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। आवागमन बाधित हो जाने से डुमरी की ओर जाने वाले वाहनों को जारी भिखमपुर होते हुए डुमरी तक लंबा सफर तय करना पड़ता है। सड़क निर्माण में जितना भी डायवर्सन बनाया गया है, सभी में लाल मिट्टी भरी हुई है। बारिश होने पर यह गीली हो जाती है। इससे गाडियां स्लीप करने लगती है। यही स्थिति रही तो बरसात में चैनपुर से डुमरी का संपर्क पूरी तरह कट सकता है।

# अकीदत से मनी बकरीद, नमाज अदा कर मांगीं खुशहाली

संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो इस्पात नगर और चास सहित आसपास के मुस्लिम बहुल गांवों में सोमवार को बकरीद पूरे अकीदत और पाकीजगी के साथ मनाई गई। शहर के सेक्टर-4, भर्रा, अंसारी मुहल्ला, सेक्टर-9, आगरडीह, पिपराटांड़, धनघरी, उकरीद, सिवनडीह, डुमरो, हैसाबातू, मखदुमपुर, सिजुआ, आजाद नगर, स्कूल बालीडीह, करहरिया के मस्जिद और ईदगाहों में मुकर्रर समय पर नमाज अदा की गई। नमाज के बाद लोगों ने गले मिलकर एक-दूसरे को पर्व की बधाई दी। नमाज अदा कर लोगों ने देश के अमन-चैन और आपसी भाईचारे की दुआ मांगी। इसके बाद मुस्लिम धर्मावलंबियों ने कुबार्नी की रस्म पूरी की।

पर्व को लेकर बताया जाता है कि इस पर्व में कुबार्नी का बहुत बड़ा सवाब है। सबों ने कुबार्नी देकर अल्लाह ताला की राह में अपनी भावनाएं अर्पित की। इसी दिन हमारे पैगंबर हजरत इब्राहिम ने अपने बेटे हजरत इस्माइल को अल्लाह की राह में कुर्बान करने का इरादा किया था। चूंकि अल्लाह ने इब्राहिम को अपने बेटे को कुर्बान करने का हुक्म दिया था। यह अल्लाह की बड़ी मेहरबानी हुई कि अल्लाह ने इस्माइल की जगह जन्नत से एक दुम्बा (सिंग वाला भेड़) भेज दिया। जिसे दुम्बे की कुबार्नी हजरत इब्राहिम ने दी। चूंकि अल्लाह को इस्माइल की कुबार्नी मकसूद नहीं थी, बल्कि इब्राहिम का इम्तिहान लेना मकसूद था। हजरत इब्राहिम इसमें खरे उतरे। इसी की याद में बकरीद का त्योहार मनाया जाता है। पर्व को लेकर लोगों में काफी उमंग देखा गया। पर्व में शांति-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर एसपी पूज्य प्रकाश के निर्देशन में पुलिस बल के जवान जगह-जगह मुस्तैद दिखे।


चास-बोकारो के मस्जिदों व ईदगाहों में उमड़ी नमाजियों की भीड़

**मानगो ईदगाह में पढ़ी गई बकरीद की नमाज**

**बोकारो :** सोमवार को मुसलमानों का पवित्र त्यौहार बकरीद तुपकाडीह और मानगो में शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। सुबह सात बजे तुपकाडीह जामा मस्जिद में तथा मानगो ईदगाह में बकरीद जिसे ईद उल जोहा या कुरबानी भी कहा जाता है। नमाज पढ़ने के लिए काफी संख्या में समुदाय के लोग पहुंचे और सजदा करने के बाद एक दूसरे से गले मिलकर बधाई दी। इमाम नईमुद्दीन रिजवी ने बताया कि हम मुस्लमान देश की सलामती के लिए अमन चैन के लिए दुआ मांगी।

## बोकारो थर्मल में भी धूमधाम से मनाया गया बकरीद का त्योहार



संवाददाता

**बोकारो थर्मल ।** बोकारो थर्मल में कुबार्नी का त्योहार बकरीद हर्षोल्लास एवं धूमधाम से सोमवार को मनाया गया।

इसके पूर्व स्थानीय राजा बाजार, जनता नगर एवं नूरी नगर के मस्जिदों में ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई। नमाज के बाद सभी लोगों ने एक दूसरे को बकरीद की बधाई दी तथा अपने-अपने घरों पर कुबार्नी की। साथ ही घर में आने वालों को सेवईं, शीरिनी से मुंह मीठा करवाया। सुबह से ही सभी एक दूसरे के घरों में जाकर बकरीद की मुबारकबाद देने का सिलसिला जारी रखे हुए है। बकरीद पर जिप सदस्य शहजादी बानो, राजद नेता अनवर आलम, आजसू प्रखंडाध्यक्ष मंजूर आलम, भाकपा नेता मो शाहजहां, मो. मनीरुद्दीन, करीम अंसारी, मुखिया अंजू आलम, महबूब आलम, हाजी रमीज गुलाम मुस्तफा, अख्तर हुसैन, अफजल इस्लाम,हयात अली,ताज मोहम्मद, सहरयार हुसैन आदि ने सभी को बधाई दी। बकरीद पर सभी मस्जिदों में नमाज के समय इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह ने सुरक्षा के इंतजाम कर रखे थे।

## चास : 15 मिनट के लिए आई आंधी और गिर गए दर्जनों पेड़ व खंभे



नहीं बरसीं राहत की बूंदें, उमस भरी गर्मी से लोग रहे परेशान

संवाददाता

**बोकारो ।** सोमवार को भी दिनभर बोकारो में उमस भरी गर्मी से लोग हलकान रहे। दोपहर को जैसे ही बादलों ने घुमड़ना शुरू किया तो बारिश की आस जगी, लेकिन राहत की बूंदें नहीं बरसीं। अलबत्ता, चास में महज 15 मिनट की आंधी ने भारी तबाही मचा दी। दोपहर करीब सवा तीन बजे 15 मिनट के लिए आई तेज आंधी ने चास शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में तबाही मचाकर रख दी। करीब 50 से 60 कमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली आंधी ने चास-चंदनकियारी क्षेत्र में करीब 40 खंभे तार समेत उखाड़ कर गिरा दिया। जबकि, 65 जगहों पर पेड़ उखड़ने और पेड़ की डालियां टूटकर तार व खंभों पर गिरने के कारण समस्त चास-चंदनकियारी में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। आंधी की तबाही में चास और चंदनकियारी में बिजली विभाग को काफी नुकसान हुआ है।

पेड़ की डालियां टूटकर 25 स्थानों में बिजली तार पर ही गिरकर टूट गए हैं, जिससे बिजली आपूर्ति बाधित हुई है। चास, चंदनकियारी और बोकारो के कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। हालांकि आंधी आने से पहले ही बिजली कटी हुई थी, इसलिए कोई बड़ी घटना नहीं घटी।

तेज आंधी ने जोधाडीह मोड़ में अच्छा-खासा नुकसान पहुंचाया। यहां बैंक ऑफ इंडिया के समीप का करीब 200 साल पुराना पेड़ गिरा दिया। उक्त पेड़ बिजली तार पर ही गिरा, जो साथ में आसपास के कई बिजली पोल को भी गिरा दिया। पोल के नीचे दबने से चार बाइक और एक कार क्षतिग्रस्त हुई है। इससे जोधाडीह मोड़ में एक सिरे से चार बिजली के पोल गिरे। रामरुद्र हाईस्कूल के मुख्य द्वार पर भी एक बिजली पोल गिरा, जिसमें एक बाइक दब गई। सड़क पर ही पेड़ गिरने से करीब एक घंटे के लिए आवाजाही बाधित हो गई। स्थानीय लोगों की सहयोग से बिजली पोल और पेड़ को हटाकर किनारे किया गया, फिर आवागमन शुरू हुआ। वहीं पुपुनकी केवट टोला में 150 साल पुराना पीपल का पेड़ गिर गया। इससे पेड़ के नीचे खड़ा पंचायत का एंबुलेंस दबकर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

## ईद-उल-अजहा पर बच्चों ने किया पौधरोपण



**झरिया।** यूथ कॉन्सेप्ट एवं ग्रीन लाइफ झरिया के संयुक्त तत्वावधान में झरिया के कतरास मोड़ में ईद उल जुहा के अवसर पर बच्चों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं अवाम के सलामति का दुआ किया। बच्चों ने झरिया के लोगों से भी एक एक पौधे लगा कर देख भाल करने की अपील की। लगाए गए पौधों में सुरक्षा घेरा भी लगाया गया। डॉ. समीर ने कहा इस साल सभी को एहसास हुआ है पर्यावरण कितनी जरूरी है, तापमान लगातार बढ़ती जा रही है बच्चे बूढ़े सभी वर्ग के लोगों को जलती गर्मी से राहत के लिए पेड़ पौधे लगाए। यूथ कॉन्सेप्ट के संयोजक अखलाक अहमद ने कहा कि सभी त्योहार में बच्चों द्वारा पौधा लगाने की परंपरा रखी गई है। ताकि इनमे पर्यावरण संरक्षण का संस्कार विकसित किया जा सके। यह पौधा बड़ा हो कर इस वर्ष के बकरीद की याद को ताजा रखेगा। अखलाक अहमद ने कहा कि इसी तरह पर्व में जन्मदिन पर या अन्य खुशी के मौके पर पौधे लगाए जाएं तो झरिया को हरा भरा बनाया जा सकता है। ग्रीन लाइफ के संयोजक डॉ. मनोज सिंह ने कहा कि आज 17 जून को पूरा विश्व में मरुस्थल एवं सुखा निवारण दिवस के रूप में मनाया जा रहा है ।

## भैसों की मौत के बाद मांगा मुआवजा, तो हुआ बवाल

### बोकारो में दो पक्षों में भिड़ंत, रोड़ेबाजी, पुलिस ने किया लाठीचार्ज, आंसू गैस के गोले छोड़े


हंगामे में सीओ का सिर फटा, डीएसपी भी चोटिल




संवाददाता

**बोकारो।** चास के भर्रा बस्ती और सेक्टर-1 स्थित विकास नगर के लोगों में सोमवार की शाम करीब 4 बजे के बाद जमकर विवाद हुआ। बताया जाता है कि अवैध तरीके से लिए गए बिजली कनेक्शन के तार से सटने से शाम 4 बजे सेक्टर-1बी खटाल के सीताराम यादव की दो भैंस की मौत हो गई। इसके बाद विकास नगर के लोगों ने भर्रा बस्ती के लोगों से मुआवजे की मांग की। इस बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। बात बढ़ते ही झड़प के बाद पथराव शुरू हो गया। इसी बीच सूचना पाकर सिटी डीएसपी आलोक रंजन, चास एसडीपीओ प्रवीण सिंह और चास अंचल अधिकारी दिवाकर दुबे पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। इस दौरान दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन लोग मानने को तैयार नहीं थे। हो रहे पथराव में सिटी डीएसपी, चास सीओ, एसआई प्रभात कुमार सहित करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए। इस दौरान करीब 3 घंटे तक तनाव रहा। मामला बढ़ता देख, पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठी चार्ज किया, तब मामला शांत हुआ। पुलिस द्वारा रबड़ बुलेट भी छोड़ा गया।

सेक्टर-1 विकास नगर व भर्रा के दो गुटों के लोगों में हुए पथराव के दौरान कई लोग अपने-अपने मकान के छतों पर चढ़कर पत्थर फेंक रहे थे। इससे वहां भीड़ में दूसरे पक्ष के लोगों को चोट लगी। पथराव काफी देर तक चली। पुलिस द्वारा दोनों पक्षों को समझाने के बाद भी पथराव रूक-रूककर पथराव जारी था। पुलिस ने समझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन भर्रा के लोग मानने को तैयार नहीं थे, और गरगा नदी पुल पर डटे हुए थे। कई बार समझाने के बाद भी जब भर्रा के लोग नहीं माने तो पुलिस उग्र हो गई और मामले को शांत कराने व भीड़ को हटाने के लिए एक दर्जन आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठी चार्ज किया। इसके बाद भीड़ तितर-बितर हुई।

पथराव के दौरान सिटी डीएसपी आलोक रंजन घायल हो गए, उनके कान में चोट लगी, जहां से खून रिस रहा था। वहीं चास सीओ दिवाकर दुबे के सिर पर पत्थर लगी, इससे उनका ?सिर फट गया। इसके अलावा सिटी थाना के एसआई प्रभात कुमार के हाथ पर चोट लगी। विकास नगर के सन्नी, गुंजन, भर्रा के एहसान अली को भी पत्थर लगी, जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं जेबीकेएसएस के केंद्रीय उपाध्यक्ष गुलजार शाह को किसी ने चाकू मारा। उन्हें चास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अपनी निगरानी में सभी घायलों की विभिन्न अस्पतालों में इलाज करा रही है। पथराव नहीं रुकने के कारण घटनास्थल पर काफी संख्या में पुलिस बल बुलाया गया। पुलिस लाइन से 50 की संख्या में जवान पहुंचे। देखते ही देखते भर्रा और सेक्टर-1 को जोड़ती गरगा नदी पुल पुलिस छावनी में तब्दील हो गई। जिले के कई पुलिस पदाधिकारी के अलावा सिटी थाना, महिला थाना, चास थाना, चीराचास थाना व पुलिस लाइन से जवान पहुंचे।

**उपद्रवियों पर चिन्हित कर की जाएगी कार्रवाई : एसडीएम**

घटना की सूचना पर पहुंचे चास एडीएम ओमप्रकाश गुप्ता ने कहा कि भर्रा और विकास नगर के लोगों के बीच हुए विवाद में काफी समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन भीड़ के बीच मौजूद उपद्रवियों ने पथराव किया। ऐसे उपद्रवियों को बख्शा नहीं जाएगा। चिन्हित का दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कहा कि मामले में जांच होगी, इसके बाद दोषी पर कानूनी कार्रवाई होगी। घायल पुलिस पदाधिकाई व अधिकारियों का इलाज कराया जा रहा है। रात में भी घटनास्थल पर पुलिस फोर्स व दंडाधिकारी तैनात रहेंगे।

## धनबाद में देवप्रभा कंपनी के गुर्गो ने ग्रामीणों को जमकर पीटा

संवाददाता

**धनबाद।** बीसीसीएल के एरिया 10 के कुजामा में चल रही एटी देवप्रभा आउटसोर्सिंग कंपनी के गुर्गों ने सोमवार को जमकर तांडव मचाया। कंपनी के गुर्गों ने कई राउंड फायरिंग करने के साथ ही मुहल्ले में घुसकर ग्रामीणों को जमकर मारा-पीटा। इस घटना में एक ग्रामीण को गोली लगने की भी बात कही जा रही है। इस घटना में कई लोग घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।घटना के संबंध में बताया जाता है कि सोमवार को एटी देवप्रभा आउटसोर्सिंग में कोयले के उत्खनन के दौरान हैवी ब्लास्टिंग की गई, जिससे आउटसोर्सिंग से उड़ा पत्थर मोहरीबांध मुहल्ला में आकर गिरा। मुहल्ले के लोग इधर-उधर भागने लगे। इसके बाद मुहल्ले वाले विरोध प्रकट करने आउटसोर्सिंग पहुंचे। लोगों को देखते ही कंपनी का मालिक कुंभनाथ सिंह आग बबूला हो गया और अपने गुर्गों से सभी को मारने का आदेश दे दिया। इसके बाद गुर्गे ग्रामीणों पर टूट पड़े।घटना की जानकारी मिलते ही झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के साथ धरने पर बैठ गईं। आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगा दिया। साथ ही कुंभनाथ सिंह और लालबाबू सिंह की गिरफ्तारी की मांग करने लगे।

## एक दिवसीय युवा सम्मेलन सम्पन्न

**सिन्दरी।** युवा शक्ति के निर्माण हेतु एक दिवसीय युवा सम्मेलन सिंदरी गायत्री ज्ञान मंदिर में सोमवार को संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सुपर 50 के अंतर्गत 50 सक्रिय युवा भाई बहनों की टीम जन्म शताब्दी वर्ष तक मिशन के विचार क्रांति अभियान को हर युवा तक पहुंच सके। शांतिकुंज यूथ सेल के प्रतिनिधि नीरज महतो एवं प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ झारखंड के यूथ मोटीवेटर सुरेश कुमार यादव ने युवाओं को मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। केंद्रीय प्रतिनिधि एवं प्रांतीय प्रतिनिधि नीरज महतो एवं सुरेश कुमार, बीआईटी सिंदरी के असिस्टेंट प्रोफेसर नीरज यादव का मंत्र चादर तिलक लगाकर मुख्य प्रबंधक ट्रस्टी एवं युवा टीम के द्वारा स्वागत किया गया।

## अच्छी चिकित्सा की मांग को लेकर जनता मजदूर सभा का मौन प्रदर्शन




संवाददाता

**बोकारो ।** जनता मजदूर सभा के बैनर तले मजदूरों के साथ आम नागरिकों ने सोमवार को बोकारो जनरल अस्पताल में क्वालिटी चिकित्सा और व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर अस्पताल के मुख्य गेट के समक्ष मौन प्रदर्शन किया। इस दौरान अध्यक्ष साधु शरण गोप ने कहा कि निजी अस्पतालों को विकसित करने के लिए बीजीएच को रणनीति के तहत बर्बाद किया जा रहा है, ताकि मरीज निजी अस्पतालों की ओर रुख करें। विडंबना है कि इसके दोषी कोई और नहीं, बल्कि वे हैं जिनकी शहर के बीच विशिष्ट पहचान इसी प्लांट और अस्पताल से मिली है। उन्होंने कहा कि बीजीएच में विशेषज्ञ डॉक्टरों की घोर कमी है। मरीजों का इलाज प्रशिक्षु डॉक्टर करते हैं। सीनियर सिर्फ खानापूर्ति करते हैं। रविवार को डॉक्टर नहीं रहते, चिकित्सीय मशीन तो नई खरीदी जाती है, लेकिन उसे उचित तरीके से उपयोग करने के लिए विशेषज्ञ की बहाली नहीं हो रही है। आउट सोर्सिंग से डॉक्टर, टेक्नीशियन, नर्स, सफाई कर्मी बहाल हैं। दवा की गुणवत्ता अव्वल नहीं है। अच्छी खासी खर्च के बाद भी शौचालय गंदे व टूटे पड़े हैं। उक्त कुव्यवस्था से तंग होकर मरीज निजी अस्पतालों की ओर रुख कर रहे हैं। यदि इसे गंभीरता से नहीं लिया गया तो, बीएसएल विद्यालयों के खंडहर में तब्दील भवन जैसा अस्पताल का खंडहर भवन भी शहर का शोभा बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि प्रबंधन बोकारो को स्वस्थ रखने के लिए बीजीएच के गुणवत्ता पर कोई समझौता नहीं करें। अच्छे डॉक्टर, तकनीशियन, संसाधन, स्टाफ उपलब्ध कराए। जब तक यह व्यवस्था बहाल नहीं होगा, यूनियन प्रत्येक महीने प्रदर्शन करेगा। मौके महासचिव संदीप कुमार आस, सहदेव साव, बैद्यनाथ बेसरा, उमाशंकर गोप,अनिरुद्ध कुमार, राजू यादव, ललन यादव, प्रदीप सिंह, जेठू राम गोप, गंगाधर गोप, एसके यादव, सुरेश महतो, आरके यादव, सुभाष दास, गोरा चांद गोप, लखन लाल, डीके सिंह, मुकेश कुमार, गोविंद साह, शिव शंकर गुप्ता, अमर साह, देवाशीष, सुभाष हालदार आदि मौजूद थे।

## आदिम जनजाति बिरहोर बच्चों का भविष्य संवार रही बीएसएल

### पहली कक्षा से लेकर 12वीं के बाद आईटीआई तक का कराया जाएगा कोर्स

- ज्ञान ज्योति योजना के तहत 12 बच्चों के नए बैच की शुरुआत




संवाददाता

**बोकारो।** अपने निगमित सामाजिक दायित्व के तहत बोकारो इस्पात संयंत्र दशकों से आदिम जनजाति बिरहोर के बच्चों का भविष्य संवार उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने को सतत प्रयासरत है।

इसी कड़ी में सोमवार को नए बैच के आगमन के साथ ही एक नए अध्याय की शुरूआत हुई। सेल-बीएसएल के निगमित सामाजिक दायित्व की ज्ञान ज्योति योजना के अंतर्गत बिरहोर जनजाति के 12 बच्चों के नए बैच का आगमन हुआ। बीएसएल द्वारा गोद लिए गए सभी 12 नए बिरहोर बच्चों को गोमिया प्रखंड के कल्याण पदाधिकारी द्वारा बीएसएल संचालित बिरहोर बाल निवास, प्रशिक्षु छात्रावास के प्रतिनिधि को सौंपा गया। इस दौरान बोकारो जिला प्रशासन के प्रतिनिधि के अलावा बीएसएल के सीआरके सुधांशु महाप्रबंधक (एल एंड ए), अशोक कुमार उप प्रबंधक (सीएसआर), बहादुर सिंह छात्रावास वार्डेन (सीएसआर), गौरव रंजन (सीएसआर) और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

ज्ञान ज्योति योजना के तहत बोकारो स्टील प्लांट सभी गोद लिए बच्चों को गुणवत्तायुक्त प्राथमिक से आईटीआई तक की शिक्षा, ड्रेस सामग्री, छात्रावास में रहने की व्यवस्था, भोजन और अन्य सभी दैनिक कार्य की आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ अन्य सुविधाएं निःशुल्क प्रदान करती है. इस वर्ष गोद लिए गए बिरहोर बच्चों को डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल में कक्षा 01 में प्रवेश मिलने की संभावना है। बिरहोर बच्चों का नया बैच वर्ष 2036 में बारहवीं कक्षा/आईटीआई तक की पढ़ाई पूरी करेगा।

उल्लेखनीय है कि बिरहोर समुदाय के बच्चों के प्रथम बैच को वर्ष 2001 में सेल-बीएसएल द्वारा निगमित सामाजिक दायित्व के ज्ञान ज्योति योजना के अंतर्गत अपनाया गया था जो कि 2012-13 में पास आउट हुए। उसी क्रम में वर्ष 2011 में 15 बिरहोर बच्चों के दूसरे बैच को गोद लिया गया था, जिसे अगस्त 2024 तक पूरा कर लिया जाएगा।

# फिर आतंकी हमले, कायम को शांति का उजाला



ललित गर्ग

> पाकिस्तान एक दिन भी चुप नहीं बैठा, लगातार आतंक की आंधी को पोषित करता रहा, अपनी इन कुचेष्ठाओं के चलते वह कंगाल हो चुका है, आर्थिक बदहाली में कटोरा लेकर दुनिया घूम आया, अब कोई मदद को तैयार नहीं, फिर भी उसकी घरेलू व विदेश नीति 'कश्मीर' पर ही आधारित है। कश्मीर सदैव उनकी प्राथमिक सूची में रहा। पाकिस्तान जानता है कि सही क्या है पर उसकी उसमें वृत्ति नहीं है, पाकिस्तान जानता है कि गलत क्या है पर उससे उसकी निवृत्ति नहीं है।

भा यह आशंका सच साबित हो रही है कि भाजपा को पूर्ण बहुमत न मिलने पर कश्मीर में आतंकी घटनाएं बढ़ेंगी एवं पाकिस्तान पोषित आतंकवाद फिर से फन उठाने लगेगा। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 की समाप्ति के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में रिकॉर्ड मतदान से पाकिस्तान बौखलाया है। इसी का परिणाम है लगातार हो रहे आतंकी हमलें। इन हमलों ने आंतरिक सुरक्षा के लिये नये सिरे से चुनौती पैदा की है। जम्मू में रियासी, कठुआ और डोडा में चार दिनों में चार आतंकी हमले चिन्ता का बड़ा कारण बने है। रविवार को रियासी में श्रद्धालुओं से भरी बस के चालक पर हुए हमले के बाद बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई थी। जिसमें नौ श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। फिर कठुआ व डोडा में हुए आतंकी हमलों में एक जवान और दो आतंकवादी मारे गए हैं। लम्बे समय की शांति, अमन-चैन एवं खुशहाली के बाद एक बार फिर कश्मीर में अशांति एवं आतंक के बादल मंडराये हैं। धरती के स्वर्ग की आभा पर लगे ग्रहण के बादल छंटने लगे थे कि एक बार फिर कश्मीर को अशांत करने की कोशिशें तीव्र होते हुए दिख रही है। केन्द्र में गठबंधन वाली मोदी सरकार के सामने यह एक बड़ी चुनौती है।

इन आतंकी घटनाओं को केन्द्र सरकार ने गंभीरता से लिया है। कुछ गिरफ्तारियां भी हुई और हथियार भी बरामद हुए हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए गुरुवार को प्रधानमंत्री ने गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल व सुरक्षा एजेंसियों के साथ बैठक की है। इसमें आतंकवाद की नई चुनौती से मुकाबले की रणनीति पर विचार हुआ है। दरअसल, नई सरकार बनने की प्रक्रिया के दौरान हुए इन हमलों में पाक की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। लेकिन पाकिस्तान यह बड़ी भूल कर रहा है, क्योंकि मोदी सरकार की दृढ़ता एवं साहस को चुनौती देना इतना आसान नहीं है। फिर भी लगातार हुए आतंकी हमले चिंता तो बढ़ा ही रहे हैं। एलओसी से लगते जम्मू के इलाके में आतंकवादी घटनाओं का बढ़ना गंभीर हैं, चिन्ताजनक है। मारे गये दो आतंकवादियों के पास से पाकिस्तानी हथियार व सामान की बरामदगी बताती है कि पाकिस्तान सत्ता प्रतिष्ठानों की मदद से यह आतंक का खेल फिर शुरू कर रहा है। कहीं न कहीं दिल्ली में बनी गठबंधन सरकार को यह संदेश देने की कोशिश की जा रही है कि पाक पोषित आतंकवादी जम्मू-कश्मीर में शांति एवं अमन को कायम नहीं रहने देंगे।



मैंने चुनाव से पूर्व अपनी एक सप्ताह की कश्मीर यात्रा में देखा कि केन्द्र सरकार ने कश्मीर में विकास कार्यों को तीव्रता से साकार किया है, न केवल विकास की बहुआयामी योजनाएं वहां चल रही है, बल्कि पिछले 10 सालों में कश्मीर में आतंकमुक्त करने में भी बड़ी सफलता मिली है। बीते साढ़े तीन दशक के दौरान कश्मीर का लोकतंत्र कुछ तथाकथित नेताओं का बंधुआ बनकर गया था, जिन्होंने अपने राजनीतिक स्वार्थों के लिये जो कश्मीर देश के माथे का ऐसा मुकुट था, जिसे सभी प्यार करते थे, उसे डर, हिंसा, आतंक एवं दहशत का मैदान बना दिया। लेकिन वहां विकास एवं शांति स्थापना का ही परिणाम रहा कि चुनाव में लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेकर लोकतंत्र में अपना विश्वास व्यक्त किया। कहा जा सकता है कि राज्य में लोकतंत्र को मजबूत होते देख बौखलाहट में ये आतंकवादी हमले किये जा रहे हैं। दरअसल, केंद्रशासित प्रदेश का शांति-सुकून की तरफ बढ़ना आतंकवादियों की हताशा को ही बढ़ाता है। हाल के दिनों में रिकॉर्ड संख्या में पर्यटकों का घाटी में आना और लोकसभा चुनाव में बंपर मतदान सीमा पार बैठे आतंकियों के आकाओं को रास नहीं आया है।

जम्मू के इलाके में आतंकी घटनाओं में वृद्धि शासन-प्रशासन के लिये गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। इन हमलों में पाकिस्तान की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। उल्लेखनीय है कि रविवार को हुए हमले की जिम्मेदारी जहां लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी गुट टीआरएफ ने ली तो डोडा में हुए हमले की जिम्मेदारी पाक पोषित जैश-ए-मोहम्मद के एक गुट कश्मीर टाइगर्स नामक आतंकी संगठन ने ली है। बहरहाल, भारतीय सेना व सुरक्षा बल आतंकवादियों को भरपूर जवाब दे रहे हैं। लेकिन इस माह के अंत में शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा का निर्बाध आयोजन सुरक्षा बलों के लिये बड़ी चुनौती होगी। जिसको लेकर विशेष चौकसी बरतने की जरूरत है। वहीं दूसरी ओर हाल के आतंकी हमले केंद्र सरकार व राज्य प्रशासन को भी आत्ममंथन का मौका देते हैं।

तीन दशकों से कश्मीर घाटी दोषी और निर्दोषी लोगों के खून की हल्दीघाटी बनी रही है। लेकिन वर्ष 2014 के बाद से, नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से वहां शांति एवं विकास का अपूर्व वातावरण बना है। गठबंधन की केन्द्र सरकार के सामने अब बड़ा लक्ष्य है वहाँ आतंक से अमन-चैन तक लाने के चले आ रहे मिशन को सफल करने का, लोकतंत्र को सशक्त बनाने का, विकास के कार्यक्रमों को गति देने का एवं कश्मीर के लोगों पर आयी मुस्कान को कायम रखने का। बेशक यह कठिन और पेचीदा काम है लेकिन राष्ट्रीय एकता और निर्माण संबंधी कौन-सा कार्य पेचीदा और कठिन नहीं रहा है? इन कठिन एवं पेचीदा कामों को आसान करना ही तो नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार का जादू रहा है। अब गठबंधन सरकार में भी वे अपने इस जादू को दिखाये।

इन आतंकी हमलों ने अनेक प्रश्न खड़े किये हैं। सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि कश्मीर की जनता क्यों राष्ट्र की मुख्यधारा से जुड़ नहीं पा रही है? क्या कश्मीरी लोगों में नई व्यवस्था में अपने अधिकारों की सुरक्षा व संपत्ति के अधिकारों को लेकर मन में संशय की स्थिति में वृद्धि हुई है? हमें यह तथ्य स्वीकारना चाहिए कि किसी भी राज्य में आतंकवाद का उभरना स्थानीय लोगों के सहयोग के बिना संभव नहीं हो सकता। वहीं यह भी हकीकत है कि कश्मीरी जनमानस का दिल जीतना शक्ति से नहीं बल्कि उनके अनुकूल नीतियां बनाने व लोकतंत्र की बहाली से ही संभव है। अब कश्मीर में आतंक का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला होना ही चाहिए। आए दिन की हिंसक घटनाएं आम नागरिकों में भय का माहौल ही बनाती हैं। माना कि रोग पुराना है, लेकिन ठोस प्रयासों के जरिए इसकी जड़ का इलाज होना ही चाहिए। कश्मीरियों में अपनी सुरक्षा के प्रति भरोसा जगाना सरकार की पहली जिम्मेदारी है। घाटी में सक्रिय आतंकियों के खात्मे में सुरक्षा तंत्र ने काफी कामयाबियां हासिल की हैं। अब जरूरत है खुफिया तंत्र को दूसरी तरह की चुनौतियों का सामना करने को तैयार एवं सक्षम किया जाये। घाटी में हालात सुधरने के केंद्र सरकार के दावों की सत्यता इसी से परखी जाएगी कि घाटी में अल्पसंख्यक पंडित और प्रवासी कामगार खुद को कितना सुरक्षित महसूस करते हैं। वास्तव में देखा जाये तो असली लड़ाई कश्मीर में बन्दूक और सन्दूक की है, आतंकवाद और लोकतंत्र की है, अलगाववाद और एकता की है, पाकिस्तान और भारत की है। शांति का अग्रदूत बन रहा भारत एक बार फिर युद्ध के जंग की बजाय शांति प्रयासों एवं कूटनीति से पाकिस्तान को उसकी औकात दिखाये, यह अपेक्षित है।

पाकिस्तान एक दिन भी चुप नहीं बैठा, लगातार आतंक की आंधी को पोषित करता रहा, अपनी इन कुचेष्ठाओं के चलते वह कंगाल हो चुका है, आर्थिक बदहाली में कटोरा लेकर दुनिया घूम आया, अब कोई मदद को तैयार नहीं, फिर भी उसकी घरेलू व विदेश नीति 'कश्मीर' पर ही आधारित है। कश्मीर सदैव उनकी प्राथमिक सूची में रहा। पाकिस्तान जानता है कि सही क्या है पर उसकी उसमें वृत्ति नहीं है, पाकिस्तान जानता है कि गलत क्या है पर उससे उसकी निवृत्ति नहीं है। कश्मीर को अशांत करने का कोई मौका वह खोना नहीं चाहता। आज के दौर में उठने वाले सवालों में ज्यादातर का जवाब गठबंधन की मोदी सरकार को ही देना है, उसे सटीक जबाव देकर आतंकियों के मनसूंबों को ढेर करना होगा, पडोसी देश की गर्दन को एक बार फिर मरोड़ना होगा। यह बात भी सही है कि इस मसले को दलगत राजनीति से दूर रखना होगा।

## संपादकीय

### पीएम मोदी की उम्मीदों भरी यात्रा

इटली के अपूलिया में संपन्न हुए जी-7 सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आउटरीच सत्र में वैश्विक नेताओं से मुलाकात की। इस क्रम में तमाम वैश्विक राजनीतिक हस्तियों से उनका मिलना हुआ। इनमें पोप फ्रांसिस भी शामिल थे, जिन्होंने भरपूर गर्मजोशी से मोदी को गले लगाया और विचार-विमर्श किया। मोदी ने पोप को भारत आने का न्योता भी दिया। भारत में कैथोलिक इसाइयों की संख्या एशिया में दूसरे नंबर पर है। भारत के केरल जैसे राज्यों में ईसाइयों की संख्या खासी है, इसलिए इसे संकेत माना जा रहा है कि मोदी ने भारत की धर्मनिरपेक्ष छवि को दशार्या है।




जी-7 यानी ग्रुप ऑफ सेवन दुनिया केसबसे अमीर और खुद को अत्याधुनिक मानने वाले मुल्कों की संस्था है। कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, ब्रिटेन, अमेरिका और जापान ये सात देश हैं। इनकी ग्लोबल ट्रेड और वैश्विक वित्त पण्राली पर खासी पकड़ है। इस बार ये सब आर्थिक सुरक्षा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे मुद्दों को लेकर विमर्श कर रहे थे। चूंकि भारत विकसित होती अर्थव्यवस्था है, इसलिए वे उसके सहयोग और लाभ की साझेदारी पर काम करने को इच्छुक हैं। इस सम्मेलन में दक्षिण अमेरिका और अफ्रीका के साथ भारत प्रशांत क्षेत्र के बारह विकासशील देशों के नेताओं को इसी खास मकसद से आमंत्रित किया गया था। माना जा रहा है कि जी-7 देश चीन और रूस की बढ़ती आर्थिक ताकत को लेकर चिंतित हैं। इस मौके का फायदा उठाने में मोदी सफल होते नजर आ रहे हैं। साथ ही, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस को सुरक्षित और भरोसेमंद बनाने के प्रति सरकार की जिम्मेदारी को भी मदद मिलने की उम्मीद है। इस मसले पर बनने वाले अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों द्वारा देश में बढ़ रहे साइबर क्राइम पर सख्ती की जा सकेगी। हालांकि यह कहना गलत नहीं है कि इस गुट के पास ऐसे कोई अधिकार नहीं हैं, जिनके बल पर कोई भी निर्णय जबरन लागू कराया जा सके, मगर भारत को इन देशों से जो सहयोग और लाभ मिल सकते हैं, उनके प्रति यदि मोदी सफल होते नजर आते हैं तो यह देश के भविष्य के लिए बेहतर करने का घटनाक्रम ही कहा जाएगा। निःसंदेह इनसे जुड़े परिणामों के लिए अभी इंतजार करना होगा। मगर कुल मिलाकर दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले देश का लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी की यह पहली विदेश यात्रा सकारात्मक कही जा सकती है, जिसके परिणाम आने वाले वर्षों में यकीनन नमूदार होंगे।

### नियति ने आखिरकार ट्रिगर दबा दिया...

सुनील कुमार

दक्षिण अफ्रीका की राजधानी शहर केपटाउन को दुनिया का पहला जल-विहीन शहर घोषित किया गया है, क्योंकि इसकी सरकार ने 14 अप्रैल, 2024 के बाद पानी की आपूर्ति करने में असमर्थता दिखाई है। वहां नहाने पर रोक लगा दी गयी है, 10 लाख लोगों के कनेक्शन काटने की तैयारी चल रही है, जिस तरह भारत में पेट्रोल पंप जाकर पेट्रोल खरीदा जाता है, वैसे ही वहां केपटाउन में जगह जगह पानी के टैंकर होंगे वहां 25लीटर पानी मिलेगा, ज्यादा पानी मांगने या पानी लूटने वालों के इलाज के लिए पुलिस व सेना के लोग तैनात किए गए हैं,अंत में दुनिया की दुखद यात्रा का यह समय किसी के भी पास आएगा, इसलिए पानी का संयम से उपयोग करें।

पानी बर्बाद करना बंद करो। हमने रेल द्वारा लातूर (महाराष्ट्र) को पानी भेजते हुए भी देखा है। विश्व का केवल 2.7% जल ही पीने योग्य है।

**ग्रुप मेम्बर्स से अपील** : जैसे-जैसे आसपास के सभी बांधों में पानी का स्तर कम हुआ है, भूमिगत जल स्तर गहरा होता गया है। एक जिम्मेदार के रूप में हम पानी की बर्बादी को रोककर पानी की बचत करेंगे। आप इसे आसानी से कर सकते हैं।:-

1. कार/ बाइक को रोज न धोएं।
2. आंगन/सीढ़ी/फर्श को धुलना अवॉयड करें या धोने में पानी कम से कम प्रयोग करें।
3.. नल को लगातार चालू न रखें।.
4. अन्य और भी कई अच्छे उपाय करके पानी बचाएं।
5. घर में टपकते नल को ठीक करें।
6. पेड़ के गमले में कम से कम पानी डालें।
7. रोड पर पानी न छिड़कें
8. छत पर पानी की टंकी को भर जाने के बाद मोटर को समय से बंद कर दे, कियोकि इसमें पानी की अनावश्यक बर्बादी होती है।
9. रोज की दिनचर्या मे पानी की अनावश्यक खर्च को कम करे।
10. बरसात के मौसम मे प्रत्येक व्यक्ति कम से कम 5-10 पेड़ जरूर लगायें।*

**आइए मिलकर इस संकट का सामना करें**

## एनडीए सरकार और मोदी-3.0 की 'मन की बात'

मो दी मंत्रिमण्डल का गठन जरूर हो गया लेकिन कयासों का दौर खत्म नहीं हुआ। एक बार में ही 72 सदस्यीय भारी-भरकम मंत्रिमण्डल की वजह लोग कुछ भी बताएं लेकिन यह नरेन्द्र मोदी की चतुराई कही जाएगी जो उन्होंने एकबारगी सारे किन्तु-परन्तु पर विराम लगा एक तीर से कई निशाने साधे। इससे न केवल सहयोगियों बल्कि भाजपा के आनुषांगिक संगठनों को भी बड़ा संदेश गया कि भले सीटें घटीं लेकिन मोदी की हैसियत वही है। घटक दलों के सहयोगियों का मोदी के तीसरे कार्यकाल में मंत्रिमण्डल बंटवारे में मिले पद और कद से भी काफी भ्रम टूटा। साफ दिखा कि नरेन्द्र मोदी ने जो चाहा वो किया। जिस शांति और धैर्य से घटक दलों के साथ पहली बैठक हुई, प्रमुख दोनों सहयोगी नीतीश और चंद्रबाबू ने मोदी की तारीफ में कसीदे पढ़े, उससे राजनीतिक नब्ज टटोलने वालों की भी धड़कनें असहज हुई। हमउम्र और राजनीति में मोदी से सीनियर होने के बावजूद नीतीश का उनके पैर छूने झुकना, सबको अब भी हैरान कर रहा है।



यह भ्रम ही साबित हुआ कि जेडीयू को रेल तो टीडीपी को सड़क परिवहन मंत्रालय मिलना तय है। पुरानी सरकारों में रेल मंत्रालय प्रायः गठबन्धन सहयोगियों के खाते में रहा। मौजूदा मंत्रिमण्डल में 33 नए चेहरे हैं जिनमें तीन पूर्व मुख्यमंत्री हैं। पहली बार मंत्री बनने वालों में 7 सहयोगी दलों से हैं। 7 महिलाएं भी मंत्री बनीं जिनमें 2 कैबिनेट और 5 राज्य मंत्री हैं। नए मंत्रिमंडल में 21 सवर्ण, 27 ओबीसी, 10 एससी, 5 एसटी, 5 अल्पसंख्यक मंत्रियों को जगह मिली।

भावुक अपीलों और जनता से कनेक्ट होने में हुनरमंद मोदी का कोई सानी नहीं। अब उन्होंने नई अपील कर विपक्ष को बहस का नया मुद्दा दे दिया। अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल से ह्यमोदी का परिवारह्न हटाने की गुहार लगा दी। भले ही डिस्प्ले नाम बदले लेकिन भारत की तरक्की की कोशिशों के खातिर प्रयास करने वाले एक परिवार के रूप में हमारा बंधन मजबूत और अटूट है। इशारा अबकी बार एनडीए सरकार की ओर तो था ही साथ ही गठबन्धन के सहयोगियों को भी बता दिया कि अब वो कितने अहम हैं। अब सबकी निगाहें लोकसभा अध्यक्ष पर है। जिस पर फिर कयासों का दौर शुरू हो गया है। निश्चित रूप से विविधताओं से भरे देश और उसकी राजनीति में मतांतर नए नहीं है।

आंध्र प्रदेश विधानसभा में गजब का प्रदर्शन करते हुए टीडीपी-भाजपा गठबंधन ने बड़े बहुमत वाली जीत हासिल की। दोनों का एजेण्डा सबको पता है। टीडीपी मुस्लिम आरक्षण, परिसीमन, सीएए, अमरावती के विकास और विशेष दर्जे पर तवज्जो चाहेगी तो कमोबेश जेडीयू भी बिहार में ऐसे ही एजेण्डे के साथ अगले साल विधानसभा चुनाव में जाएगी। महाराष्ट्र में तो अभी चुनाव होने हैं। इन हालातों में महत्वपूर्ण घटक कब तक भाजपा के हमराह रहेंगे? जबकि महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश सहित बिहार में पद और कद पर कई बातें होनी शुरू हो गई हैं।

अपने दम पर बहुमत हासिल करने में नाकाम भाजपा नीत गठबंधन सरकार को लेकर दुनिया भर में कौतूहल था। लेकिन मंत्रिमण्डल गठन के बाद विभाग वितरण से लोग भौंचक्का हैं कि यह कैसा जादू? क्या सचमुच राजनीति में मंजे दोनों बाबू न केवल मोदी के साथ हैं बल्कि ब्रान्ड मोदी के दो हाथ हैं? बहुमत का आंकड़ा न छू पाने के बावजूद मंत्रिमण्डल बंटवारे में दिखी मोदी के मन की बात ने क्या सभी का लोहा मनवा लिया। हालांकि चंद्रबाबू नायडू के शपथ ग्रहण में नीतीश का न जाना फिर चचाओं में है। लेकिन इटली में जी-7 सम्मेलन में बिना सदस्य रह कर भी विशेष रूप से प्रधानमंत्री को बुलाना और दुनिया के शीर्ष नेताओं से मेल-मुलाकात के बाद मोदी की नई छवि और कार्यप्रणाली को लेकर राजनीतिक चचाओं ने नया मोड़ जरूर ले लिया है। लेकिन देश के अंदर उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, पंजाब और दक्षिण के चुनाव परिणामों के मायने पर भी जानकारों की राय बंटी हो सकती है। लेकिन यह सच है कि असल परीक्षा के लिए लोकसभा के नियमित सत्र और नए अध्यक्ष तक इंतजार करना होगा। नई परिस्थितियों में खुद की छवि को बजाए मसीहाई दिखाने के बड़ी सहजता और विनम्रता से लबरेज दिखाकर भी प्रधानमंत्री मोदी नई एनडीए सरकार के वैसे ही सख्त मुखिया दिख रहे हैं जैसे बीते दोनों कार्यकाल में रहे। लोग तब और अब में फर्क भले ढूंढें लेकिन यह कब दिखेगा, कोई नहीं जानता। फिलहाल 30 जून का इंतजार है जब मन की बात के जरिए तीसरे कार्यकाल में नरेन्द्र मोदी का पहला संबोधन होगा।

**( ऋतुपर्ण दवे - स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## भारत समेत दुनिया के केंद्रीय बैंक बढ़ा रहे अपने स्वर्ण भंडार

हा ल ही में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विदेशी बैंकों में रखे भारत के 100 टन सोने को ब्रिटेन से वापस लाया गया है। यह सोना भारत ने ब्रिटेन के बैंक में रिजर्व के तौर पर रखा था और इस पर भारत प्रतिवर्ष कुछ फीस भी ब्रिटेन के बैंक को अदा करता रहा है। समस्त देशों के केंद्रीय बैंक अपने यहां सोने के भंडार रखते हैं ताकि इस भंडार के विरुद्ध उस देश में मुद्रा जारी की जा सके (भारत में 308 टन सोने के विरुद्ध रुपए के रूप में मुद्रा जारी की गई है, यह सोने के भंडार भारतीय रिजर्व बैंक के पास जमा हैं) और यदि उस देश की अर्थव्यवस्था में कभी परेशानी खड़ी हो एवं उस देश की मुद्रा का तेजी से अवमूल्यन होने लगे तो इस प्रकार की परेशानियों से बचने के लिए उस देश को अपने स्वर्ण भंडार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में बेचना पड़ सकता है। इस कारण से विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंक अपने पास स्वर्ण के भंडार रखते हैं।




पूरे विश्व में उपलब्ध स्वर्ण भंडार का 17 प्रतिशत हिस्सा विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंकों के पास जमा है। भारतीय रिजर्व बैंक के पास भी 822 टन के स्वर्ण भंडार हैं। सुरक्षा की दृष्टि से इसका 50 प्रतिशत से अधिक भाग, अर्थात लगभग 413.8 टन, भारत के बाहर अन्य केंद्रीय बैंकों विशेष रूप से बैंक आफ इंग्लैंड एवं बैंक आफ इंटर्नैशनल सेटल्मेंट के पास रखा गया है। उक्त वर्णित 308 टन के अतिरिक्त 100.3 टन स्वर्ण भंडार भी भारतीय रिजर्व बैंक के पास जमा है।

वर्ष 1947 में भारत के राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति के पूर्व ही भारत ने अपने स्वर्ण के भंडार बैंक आफ इंग्लैड में रखे हुए हैं। इसके बाद 1990 के दशक में भी भारत ने अपनी आर्थिक परेशानियों के बीच अपने स्वर्ण भंडार को बैक आफ इंग्लैंड में गिरवी रखकर अमेरिकी डॉलर उधार लिए थे। विभिन्न देशों द्वारा लंदन में स्वर्ण भंडार इसलिए रखे जाते हैं क्योंकि लंदन पूरे विश्व का सबसे बड़ा स्वर्ण बाजार है और यहां स्वर्ण को सुरक्षित रखा जा सकता है। यहां के बैंकों द्वारा विभिन्न देशों को स्वर्ण भंडार के विरुद्ध अमेरिकी डॉलर एवं ब्रिटिश पाउंड में आसानी से ऋण प्रदान किया जाता है बल्कि यहां पर स्वर्ण भंडार को आसानी से बेचा भी जा सकता है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण के कई खरीदार यहां आसानी से उपलब्ध रहते हैं।

कुल मिलाकर इंग्लैंड स्वर्ण का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुत बड़ा बाजार हैं। लंदन के बाद न्यूयॉर्क को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण का एक बड़ा बाजार माना जाता है। भारत को इस स्वर्ण भंडार को सुरक्षित रखने के लिए प्रतिवर्ष फी के रूप में कुछ राशि बैंक आफ इंग्लैंड को अदा करनी होती थी अतः अब भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 100 टन स्वर्ण भंडार को भारत लाने के बाद इस फी की राशि को अदा करने से भी भारत बच जाएगा। दूसरे अपने यहां स्वर्ण भंडार रखने से भारत के पास सदैव तरलता बनी रहेगी। जब चाहे भारत इस स्वर्ण भंडार का इस्तेमाल स्थानीय अथवा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने हित के लिए कर सकता है।

वर्ष 2009 में भारत ने 200 टन का स्वर्ण भंडार अंतरराष्ट्रीय बाजार में 670 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि अदा कर खरीदा था। 15 वर्ष वर्ष बाद पुनः भारत ने अपने स्वर्ण भंडार में वृद्धि करने का निश्चय किया है। स्वर्ण भंडार सहित आज भारत के विदेशी मुद्रा भंडार 65,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के उच्चत्तम स्तर पर पहुंच गए हैं और यह भारत के लगभग एक वर्ष के आयात के बराबर की राशि है। अतः अब भारत को अपने स्वर्ण भंडार बेचने की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी इसलिए भी भारत ने ब्रिटेन में स्टोर किए गए अपने स्वर्ण भंडार को भारत में वापिस लाने का निर्णय किया है।

विश्व में आज विभिन्न देश अपने विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ाने के उद्देश्य से अपने पास स्वर्ण के भंडार भी बढ़ाते जा रहे हैं। आज पूरे विश्व में अमेरिका के पास सबसे अधिक 8133 मेट्रिक टन स्वर्ण के भंडार है, इस संदर्भ में जर्मनी, 3352 मेट्रिक टन स्वर्ण भंडार के साथ दूसरे स्थान पर एवं इटली 2451 मेट्रिक टन स्वर्ण भंडार के साथ तीसरे स्थान पर है। फ्रान्स (2437 मेट्रिक टन), रूस (2329 मेट्रिक टन), चीन (2245 मेट्रिक टन), स्विजरलैंड (1040 मेट्रिक टन) एवं जापान (846 मेट्रिक टन) के बाद भारत, 812 मेट्रिक टन स्वर्ण भंडार के साथ विश्व में 9वें स्थान पर है। भारत ने हाल ही के समय में अपने स्वर्ण भंडार में वृद्धि करना प्रारम्भ किया है एवं यूनाइटेड अरब अमीरात से 200 मेट्रिक टन स्वर्ण भारतीय रुपए में खरीदा था। हाल ही के समय में चीन का केंद्रीय बैंक भारी मात्रा में अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्वर्ण की खरीद कर रहा है। कुछ अन्य देशों के केंद्रीय बैंक भी अपने स्वर्ण भंडार में वृद्धि करने में लगे हैं। इसके चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्वर्ण के दामों में बहुत अधिक वृद्धि देखने में आई है और यह 2400 अमेरिकी डॉलर प्रति आउंस तक पहुंच गई है।

कई देश संभवतः अपने विदेशी मुद्रा के भंडार में अमेरिकी डॉलर की तुलना में स्वर्ण भंडार को अधिक महत्व दे रहे हैं, क्योंकि अमेरिकी डॉलर पर अधिक निर्भरता से कई देशों को आर्थिक नुक्सान झेलना पड़ रहा है। यदि अमेरिकी डॉलर अंतरराष्ट्रीय बाजार में मजबूत हो रहा हो तो उस देश की मुद्रा का अवमूल्यन होने लगता है। इससे उस देश में वस्तुओं का आयात महंगा होने लगता है और उस देश में मुद्रा स्फीति के बढ़ने का खतरा बढ़ जाता है। इन विपरीत परिस्थितियों में घिरे देश के लिए स्वर्ण भंडार बचाव का काम करते हैं। इसलिए आज लगभग प्रत्येक देश के केंद्रीय बैंक अपने स्वर्ण भंडार को बढ़ाने के बारे में विचार करते हुए नजर आ रहे हैं।

**(प्रहलाद सबनानी, आर्थिक विश्लेषक एवं स्तम्भकार हैं।)**

# हिंदू धर्म में गंगा स्नान का विशेष महत्व



**हिंदू धर्म में गंगा स्नान का विशेष महत्व है। जिस प्रकार संस्कृत भाषा को देववाणी कहा जाता है, उसी प्रकार गंगाजी को देव नदी कहा जाता है। गंगा भारत की ही नहीं बल्कि विश्व की परम पवित्र नदी है। इस तथ्य को भारतीय तो मानते ही है, विदेशी विद्वान भी इसे स्वीकार करते है।**

## प्रचलित मान्यता

ऐसा माना जाता है कि गंगा जी स्वर्गलोक से ज्येष्ठ शुक्ल दशमी को पृथ्वी पर उतरी थीं। इसी दिन सूर्यवंशी राजा भगीरथ की पीढ़ियों का परिश्रम और तप सफल हुआ था। उनके घोर तप के फलस्वरूप गंगाजी ने शुष्क तथा उजाड़ प्रदेश को उर्वर तथा शस्य श्यामल बनाया और भय-ताप से दग्ध जगत के संताप को मिटाया। उसी मंगलमय सफलता की पुण्य स्मृति में गंगा पूजन की परंपरा प्रचलित है।

## भारतीय संस्कृति और गंगा

गंगा, गीता और गौ को भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व दिया गया है। प्रत्येक आस्तिक भारतीय गंगा को अपनी माता समझता है। गंगा में स्नान का अवसर पाकर कृत-कृत्य हो जाता है। गंगा दशहरा के दिन गंगा के प्रति अपनी सारी कृतज्ञता प्रकट की जाती है। ऐसा माना जाता है कि गंगा दशहरा के दिन गंगा स्नान और पूजन से समस्त पाप नष्ट हो जाते है। गंगा दशहरा के दिन यदि संभव हो तो गंगा स्नान अवश्य करना चाहिए अथवा किसी अन्य नदी, जलाशय में या घर के ही शुद्ध जल से स्नान करें, पर गंगा जी का स्मरण और पूजन करे।

गंगा पूजन के साथ उनको भूतल पर लाने वाले राजा भागीरथ और उद्गम स्थान हिमालय का भी पूजन नाम मंत्र से करना चाहिए। इस दिन गंगा जी को अपनी जटाओं में समेटने वाले भगवान शिव की भी पूजा करनी चाहिए। संभव हो तो इस दिन दस फूलों और तिल आदि का दान भी करना चाहिए।

## पौराणिक कथा

प्राचीन ग्रंथों में वर्णित कथा के अनुसार अयोध्या के सूर्यवंशी राजा सगर ने एक बार अश्वमेघ यज्ञ का अनुष्ठान किया। यज्ञीय अश्व की रक्षा के लिए उनके साठ हजार पुत्र उसके पीछे-पीछे चले। इंद्र ने ईर्ष्यावश यज्ञ के अश्व को पकड़वा कर कपिल मुनि के आश्रम में बंधवा दिया। सागर पुत्र जब अश्व को खोजते हुए कपिल मुनि के आश्रम में गए, तो वहां यज्ञ के घोड़े को देखकर ऋषि को भला-बुरा कहा। ऋषि को इंद्र के षड्यंत्र का पता न था अतएव उन्हे भी क्रोध आया और उन्होंने हुंकार से राजकुमारों को भस्म कर दिया।

जब बहुत दिन बीत गए और कोई भी राजकुमार लौट कर नहीं आया तो राजा सगर ने अपने नवयुवक पौत्र अंशुमान को उनका पता लगाने के लिए भेजा। उसने घोड़े का पता लगाया और अपने पूर्वजों की दुर्दशा भी देखी। उसे गरुड़ द्वारा यह भी ज्ञात हुआ कि भस्म हुए राजकुमारों का उद्धार तभी हो सकता है, जब स्वर्गलोक से गंगा जी को पृथ्वी पर लाया जाए और इन सबकी भस्मी का स्पर्श गंगाजल से कराया जाए। अंशुमान ने वैसा ही किया। इसके बाद इसी वंश में आगे चल कर राजा दिलीप के पुत्र भगीरथ परम प्रतापी तथा धर्मात्मा राजा हुए। वह गंगा जी को लाने केलिए गोकर्ण तीर्थ में जाकर कठोर तप करने लगे। उन्होंने अपनी कठोर तपस्या से देवताओं को भी विचलित कर दिया। देवों ने ब्रह्मा जी से प्रार्थना की कि वे भगीरथ को संतुष्ट करे। इसके बाद ब्रह्मा जी देवताओं के साथ राजा के पास गए और उनसे अभीष्ट वरदान मांगने को कहा। भगीरथ ने गंगावरतण की प्रार्थना की। ब्रह्माजी ने प्रार्थना स्वीकार कर ली, किंतु यह भी कहा कि गंगा जी की वेगवती धारा को भूतल पर संभालने का प्रबंध तु6हे करना पड़ेगा। इसके लिए राजा ने घोर तप करके शिवजी को प्रसन्न किया और उन्होंने गंगा की वेगवती धारा को संभालने का कार्य अंगीकार कर लिया। उसके बाद शंकर जी ने अपनी जटा से गंगा जी को रोका और बाद में अपनी जटा को निचोड़ कर बिंदु के रूप में गंगा जी को बाहर निकाला। वह बिंदु शिवजी के निवास स्थान कैलास पर्वत के पास बिंदु सरोवर में गिरा। वहां पर तत्काल गंगाजी सात धाराएं हो गई और वे अलग-अलग दिशाओं में फैल गई।

## अथक भागीरथ प्रयत्न

गंगा जी की कृपा से भारत का मानचित्र ही बदल गया है। गंगावतरण के प्रमुख साधक भगीरथ की साधना, तप और अति विकट परिश्रम ने यह अमृत फल प्रदान किया है। उनके इस कठिन प्रयत्न की वजह से ही भगीरथ प्रयत्न एक मुहावरा बन गया है और गंगा जी का एक नाम भागीरथी पड़ गया। गंगावतरण की तिथि गंगा दशहरा के दिन हरिद्वार स्थित हर की पौड़ी में गंगा स्नान, गंगा पूजन और दान का विशेष महत्व है।

# सच्ची आध्यात्मिकता



एक व्यक्ति किसी फकीर के पास साधना सीखने गया। फकीर की चारों ओर बहुत ख्याति थी। उनके आशीर्वाद से बीमार स्वस्थ हो जाते थे और लोगों की परेशानियां दूर हो जाती थीं। दूर-दूर से पीड़ित लोग उनके यहां आते, दुआएं मांगते और प्रसन्न होकर जाते। जब वह आदमी संत के पास पहुंचा तो देखा कि फकीर एक टोकरी में से दाना निकालकर पक्षियों को चुगा रहे थे। उन्हें चुगते देख कर वे बच्चों की तरह खुश हो उठते थे। इस तरह लंबा समय बीत गया। न फकीर ने उस व्यक्ति की ओर देखा और न दाना चुगाना ही बंद किया। आने वाला परेशान हो गया। वह फकीर की ओर बढ़ा। उसे सामने देखते ही फकीर ने टोकरी उसके हाथों में थमा दी और कहा, अब तुम पक्षियों के साथ आनंद का अनुभव करो। वह व्यक्ति सोचने लगा, कहां तो मैं इनसे आध्यात्मिक साधना का रहस्य जानने आया हूं और ये हैं कि मुझे पक्षियों को दाना चुगाने को कह रहे हैं। फकीर ने उसके मन की बात पढ़ ली। वह बोले, स्वयं की परेशानियों को भूल कर दूसरों को आनंद पहुंचाने का प्रयत्न ही जीवन की हर सिद्धि और आनंद का राज है। यदि तुम स्वयं सुख और आनंद पाना चाहते हो, तो वही दूसरे को भी देना सीखो। तुम यदि यह साध सकोगे तो तुम्हारी सारी साधना हो जाएगी। जो लोग आध्यात्मिकता को किसी खास नियम और जीवनशैली में देखते हैं, वे उसके नैसर्गिक पक्ष से वंचित रह जाते हैं। खरा आध्यात्मिक जीवन दूसरों को सुख बांटने में होता है। उसमें आनंद और खुलेपन का अनुभव होता है। एक छोटे से उदाहरण से वह व्यक्ति आध्यात्मिकता के रहस्य को समझ गया।

# अहंकार है पतन का जनक



**न तत्र सूर्यो भाति न चन्द्र तारकं नैमा विद्युतो भान्ति कुतो-यम्-अग्निः
तमेव भान्तम्-अनुभाति सर्वतस्य भासा सर्वम्-इदम् विभाति**

**अर्थ : वास्तव में सूर्य, चन्द्र, विद्युत आदि में जो प्रकाश है, वह सूर्य, चन्द्र और विद्युत की सत्ता में नहीं है- इन सबका प्रकाशक सर्वाधिष्ठान शुद्ध-चैतन्य ब्रह्म ही है।**

कठोपनिषद् में एक सुन्दर आख्यान आता है।


एक समय देवासुर संग्राम में देवताओं की विजय हुई तो उन्हें अहंभाव हो गया। विजय का श्रेय लेने के लिए अग्नि, वायु आदि सभी देवता अपने-अपने पराक्रम का यशोगान करने लगे। देवताओं का इस प्रकार अहंकार बढ़ा हुआ देखकर सर्वनियन्ता परमात्मा ने सोचा कि अहंकार तो पतन का हेतु होता है, इसलिए देवताओं को पतन से बचाने के लिए इनका अहंकार चूर कर देना आवश्यक है। जहां देवगण मिलकर अपनी-अपनी विभूति गाथा गा रहे थे, वहीं आकाश में एक विचित्र आकृति वाला यक्ष उत्पन्न हो गया। देवताओं की दृष्टि उस पर गई तो वे निश्चय नहीं कर सके कि यह क्या है। उन्होंने सोचा कि कहीं कोई दैत्य तो नहीं है।

- उसका पता लगाने के लिए सबने अग्निदेव से कहा कि आप बड़े ही पराक्रमशाली हैं, आप ही जाकर पता लगाइए कि यह कौन है और यहां इसके आने का क्या कारण है। अग्निदेव यक्ष के निकट गये।
- यक्ष ने पूछा कि तुम कौन हो? अग्नि ने बड़े गर्व से कहा – मैं अग्नि हूं और 'जातवेदा' नाम से जगत् में विख्यात हूं। इस प्रकार गर्वीला उत्तर सुनकर यक्ष ने एक तिनका अग्नि के समाने रख दिया और कहा कि इसे जला दो।
- अग्नि ने बार-बार प्रयत्न किया, अपनी पूरी शक्ति लगा दी, पर वह तृण जला नहीं। अग्नि लज्जित होकर वापिस लौट आई, तब देवताओं को बड़ा आश्चर्य हुआ।
- सब ने मिलकर वायु को प्रेरित किया। कहा कि आप भी बड़े प्रभावशाली हैं, आप इसका पता अवश्य ही लगा लेंगे। वायुदेव यक्ष के निकट पहुंचे। यक्ष ने पूछा- तुम कौन है? वायु ने कहा है- हम वायुदेव हैं। यक्ष ने पूछा-तुम्हारी क्या सामर्थ्य है? वायु ने उत्तर दिया- मैं क्षणभर में समस्त भूमण्डल को यहां का वहां कर सकता हूं, चाहे जिसे चाहे जहां उड़ाकर फेंक सकता हूं। यक्ष ने वही तिनका वायु के सामने रख दिया और कहा- इसे उड़ा ले जाओ। वायु ने सरलता से उड़ाना चाहा, तिनका हिला तक नहीं, वायु ने अपना पूरा बल लगाया, पर तिनका उस स्थान से टसमस भी नहीं हुआ। वायु शिथिल होकर लौट आई।

सब देवता बड़े विस्मय और भय में पड़ गये। सब ने मिलकर इन्द्र से कहा- आप देवराज हैं। आप हम सब में बुद्धिमान हैं। यह कोई भयंकर आपत्ति हम लोगों पर आ रही है; कृपा करके युक्तिपूर्वक ढंग से पता लगवाइए कि यह क्या है। इन्द्र अपना पराक्रम बटोरकर यक्ष के समीप पहुंचे। यक्ष ने इनकी इतनी अवहेलना की कि वह इनसे बोला तक नहीं। और वहीं अन्तर्ध्यान हो गया। तब इन्द्र का अभिमान जाता रहा। उसने विनम्र होकर भगवती का ध्यान किया और प्रार्थना की। तब विद्यादेवी ने उमा के रूप में प्रकट होकर इन्द्र को समझाते हुए कहा-'यह यक्ष जो तुम लोगों के सामने प्रकट हुआ था, वह सर्वनियन्ता परब्रह्म परमात्मा ही था; उसी की सत्ता से समस्त जगत सत्तावान् है; उसी की शक्ति से अग्नि, वायु आदि देवगण शक्तिमान होते हैं; उसी के प्रकाश से सूर्य,चन्द्र में प्रकाश है, उसी की शक्ति से ही आप लोग शक्तिमान् हैं ; यह जो आप लोगों की विजय हुई है, वह उसी की विजय है। आप लोगों को अनावश्यक अहंकार हो गया था, इसी हेतु से आपका दर्पदलन करने के हेतु वह यक्ष के रूप में प्रकट हुआ था। आप लोगों को चाहिए कि जिसकी इच्छा के विरुद्ध एक तृण भी नहीं हिल सकता, जो सूर्य, चन्द्र आदि सबको अपने प्रकाश से प्रकाशित कराता है, उसी सर्वाधिष्ठान स्वप्रकाश परब्रह्म परमात्मा की ही प्रधानता मानें, व्यर्थ का अहंभाव अपने मन में न आने दें।'

# अक्खड़, निडर और संत कवि कबीरदास

**कबीर समाज में फैले आडम्बरों के सख्त विरोधी थे। उन्होंने सबको एकता के सूत्र का पाठ पढ़ाया। वह लेखक और कवि थे। उनके दोहे इंसान को जीवन की नई प्रेरणा देते हैं। कबीर ने जिस भाषा में लिखा, वह लोक प्रचलित तथा सरल थी। उन्होंने विधिवत शिक्षा नहीं ग्रहण की थी, इसके बावजूद वे दिव्य प्रतिभा के धनी थे।**



संत कबीरदास जी का जन्म संवत् 1455 की ज्येष्ठ शुक्ल पूर्णिमा को हुआ था। काशी के इस अक्खड़, निडर एवं संत कवि का जुलाहा परिवार में पालन पोषण हुआ। उनके जीवन के बारे में कई तरह की मान्यताएं हैं जिनमें एक के अनुसार वह जगद्गुरु रामानन्द स्वामी के आशीर्वाद से काशी की एक विधवा ब्राह्मणी के गर्भ से उत्पन्न हुए थे लेकिन ब्राह्मणी उस नवजात शिशु को लहरतारा ताल के पास फेंक आयी। उसे नीरु नाम का जुलाहा अपने घर ले आया। उसी ने उसका पालन-पोषण किया। एक प्राचीन ग्रंथ के अनुसार भक्तराज प्रहलाद ही कबीर के रूप में प्रकट हुए थे। कुछ लोगों का कहना है कि कबीर जन्म से ही मुसलमान थे और युवावस्था में स्वामी रामानन्द के प्रभाव से उन्हें हिंदू धर्म की बातें मालूम हुईं। कबीर संत रामानंद के शिष्य बने गये और समाज में अलख जगाने लगे। कबीर समाज में फैले आडम्बरों के सख्त विरोधी थे। उन्होंने सबको एकता के सूत्र का पाठ पढ़ाया। वह लेखक और कवि थे। उनके दोहे इंसान को जीवन की नई प्रेरणा देते हैं। कबीर ने जिस भाषा में लिखा, वह लोक प्रचलित तथा सरल थी। उन्होंने विधिवत शिक्षा नहीं ग्रहण की थी, इसके बावजूद वे दिव्य प्रतिभा के धनी थे। कबीरदास जी को हिन्दू और मुस्लिम दोनों ही सम्प्रदायों में बराबर का सम्मान प्राप्त था। दोनों सम्प्रदाय के लोग उनके अनुयायी थे। यही कारण था कि उनकी मृत्यु के बाद उनके शव को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया। हिन्दू कहते थे कि उनका अंतिम संस्कार हिन्दू रीति से होना चाहिए और मुस्लिम कहते थे कि मुस्लिम रीति से। किन्तु छीना झपटी में जब उनके शव पर से चादर हट गई तब लोगों ने वहां फूलों का ढेर पड़ा देखा जिसे सभी धर्मों में समानता प्राप्त है। यह कबीर जी की ओर से दिया गया संदेश था कि इंसान को फूलों की तरह होना चाहिए, सभी धर्मों के लिए एक जैसा भाव होना चाहिए। बाद में वहां से आधे फूल हिंदुओं ने ले लिये और आधे मुस्लिमों ने और अपने अपने तरीके से अंतिम संस्कार किया। काशी के बारे में कहा जाता है कि जो यहां मरता है उसे मोक्ष प्राप्त होता है। लेकिन कबीर इस बात को नहीं मानते थे। अपने अंतिम समय वह काशी छोड़ मगहर चले गये और वहीं देह त्याग किया। मगहर में ही कबीर की समाधि है जिसे हिन्दू मुसलमान दोनों ही धर्मों के लोग पूजते हैं।कबीर का अर्थ अरबी भाषा में महान होता है। वह एक ही ईश्वर को मानते थे और कर्मकाण्ड के घोर विरोधी थे। अवतार, मूर्ति, रोज़ा, ईद, मसजिद, मंदिर आदि को वह नहीं मानते थे। कबीर परमात्मा को मित्र, माता, पिता और पति के रूप में देखते थे क्योंकि यही लोग मनुष्य के सर्वाधिक निकट रहते हैं। कबीर की कवि ताओं का एक-एक शब्द पाखंडवाद और धर्म के नाम पर ढोंग व स्वार्थपूर्ति पर वार करता है। उन्होंने स्वयं ग्रंथ नहीं लिखे, उन्होंने जो मुंह से बोला उनके शिष्यों ने उसे लिख लिया। कबीर के समस्त विचारों में राम-नाम की महिमा ही प्रतिध्वनित होती है। कबीर की वाणी का संग्रह बीजक के नाम से प्रसिद्ध है। इसके तीन भाग हैं- रमैनी, सबद और साखी। इनके नाम पर कबीरपंथ नामक संप्रदाय भी प्रचलित है। कबीरपंथी इन्हें एक अलौकिक अवतारी पुरुष मानते हैं और इनके संबंध में बहुत सी चमत्कारपूर्ण कथाएं भी सुनी और सुनाई जाती हैं। कबीर का विवाह वनखेड़ी बैरागी की पालिता कन्या लोई के साथ हुआ था। कहा जाता है कि कबीर की कमाल और कमाली नाम की दो संतानें थीं। ग्रंथ साहब के एक श्लोक से विदित होता है कि कबीर का पुत्र कमाल उनके मत का विरोधी था। कमाली का उल्लेख उनकी बानियों में कहीं नहीं मिलता है।

## रियासी आंतकी हमले की जांच करेगी एनआईए

नई दिल्ली (ईएमएस)। केंद्र की मोदी सरकार ने रियासी आंतकी हमले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंप दी है। घटनाक्रम से जुड़े लोगों ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह निर्णय रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय बैठक में लिया गया, जिसमें उन्होंने सेना, अर्धसैनिक बलों और खुफिया एजेंसियों को जम्मू क्षेत्र में भी आतंकवाद के खिलाफ कश्मीर घाटी में हासिल की गई सफलताओं को दोहराने का निर्देश दिया। संघीय एजेंसी ने जम्मू-कश्मीर पुलिस से जांच का जिम्मा संभालने के बाद अपनी स्वयं की प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज कर ली है। अधिकारियों ने बताया कि एनआईए हमले में एक बड़ी साजिश की जांच करेगी, जिसका संबंध कठुआ और डोडा में पिछले मंगलवार और बुधवार को हुए तीन अन्य हमलों से भी हो सकता है। बताया जा रहा है कि जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पिछले एक सप्ताह में कई लोगों से पूछताछ की है, जिनमें वे लोग भी शामिल हैं जो आतंकवादियों का समर्थन करते थे। गृह मंत्री शाह ने स्थानीय खुफिया नेटवर्क को मजबूत करने, आतंकवादियों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली सुरंगों का पता लगाने और ड्रोन घुसपैठ से निपटने के लिए आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल के महत्व पर भी जोर दिया और रेखांकित किया कि सुरक्षा बलों और खुफिया एजेंसियों को मिशन मोड पर काम करने और समन्वय को सुव्यवस्थित करने की आवश्यकता है।

## 35 लाख की चीनी बारिश बही... बाकी बंदर खा गए, ऑडिट रिपोर्ट में हुआ मामले का खुलासा

अलीगढ़। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ की एकमात्र साथा चीनी मिल में 1100 क्विंटल चीनी के घोटाले का मामला सामने आया है। बताया गया कि तकरीबन 35 लाख की चीनी बारिश में बही और बाकी बंदर खा गए। जबकि यह चीनी मिल 26 महीने से बंद है। अब मामले में जांच रिपोर्ट आने के बाद गोदाम कीपर सहित दो पर मुकदमा दर्ज किया गया। 30 दिन में 35 लाख कीमत की 1100 कुंतल चीनी बंदरों के द्वारा खाना अभिलेखों में दर्शाया गया है। ऑडिट रिपोर्ट में यह मामला उजागर हुआ। मामले में प्रबंधक, लेखा अधिकारी सहित 6 को दोषी पाया गया। जांच रिपोर्ट में प्रभारी गोदाम कीपर और गोदाम कीपर के खिलाफ थाना जवां में मुकदमा दर्ज करवाया गया है। चीनी मिल के स्टोर कीपर ने बताया कि ऑडिट टीम ने गेस्ट हाउस में बैठकर ही हवा हवाई ऑडिट किया है। जितनी चीनी कम दिखाई गई है, उतनी मात्रा में चीनी कम नहीं है। मिल के अंदर गोदाम के शटर टूटे हुए हैं। वहीं छत टूटी हुई है। छत से पानी रिसता है। वहीं बंदरों द्वारा खाने और फैलने पर गोदाम में चीनी फैली हुई है। छत से होकर बारिश का पानी नीचे आ जाता है, जिससे 528 क्विंटल चीनी कम हुई है। ऑडिट टीम द्वारा जो 1100 कुंटल चीनी कम दिखाई गई है वह गलत है। गोदाम की बिल्डिंग खराब होने और मेंटेनेंस भत्ते के बारे में कई बार जिला प्रशासन को पत्र लिखा गया है, लेकिन जिला प्रशासन द्वारा समस्या का किसी प्रकार से समाधान नहीं कराया गया है। सिक्योरिटी गार्ड सहित अन्य कर्मचारियों ने बताया कि बंदरों का यहां काफी आतंक है और 2020 के बाद यहां चीनी उत्पादन नहीं हो रहा है। मिल में मेंटेनेंस भी नहीं हुआ है। चीनी कैसे कम हुई यह उन लोगों को कुछ नहीं पता है, लेकिन बंदर इतनी चीनी नहीं खा सकते है।

## नागपुर में तेज रफ्तार निजी बस व ऑटो की टक्कर, सेना के 2 जवानों की मौत 6 से ज्यादा घायल

नयी दिल्ली। महाराष्ट्र के नागपुर में रविवार को कन्हान ब्रिज पर एक तेज रफ्तार निजी बस व एक ऑटो की टक्कर में सेना के 2 जवानों की मौत हो गई व 6 से ज्यादा घायल हो गये। नागपुर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के अनुसार 7 घायल व्यक्तियों का इलाज विभिन्न अस्पतालों में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ऑटो में सवार 8 जवानों में से विघ्नेश और धीरज राय ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि अन्य घायल जवानों की पहचान दीन प्रधान, कुमार पी, शेखर जाधव, अरविंद, मुरुगन और नागरत्नम के रूप में हुई है। कैम्पटी के एक अस्पताल में भर्ती कुमार पी और नागपुर के सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में इलाज करा रहे नागरत्नम की हालत गंभीर है। अधिकारी ने बताया कि घायलों में शामिल ऑटो चालक शंकर खरकबान की भी हालत गंभीर है। नागपुर से करीब 20 किलोमीटर दूर कैम्पटी स्थित सेना के गार्ड रेजिमेंटल ट्रेनिंग सेंटर (जीआरसी) के 15 जवान 2 ऑटो में सवार होकर खरीदारी करने कन्हान गए थे। एक समाचार एजेंसी ने इस हादसे का वीडियो शेयर किया है। वीडियो में दिख रहा है कि बस और ऑटो रिक्शा की टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो रिक्शा के परखच्चे उड़ गए। वीडियो में देखा जा सकता है कि हादसे के बाद ऑटो रिक्शा पूरी तरह कबाड़ हो गया है। हादसे वाली जगह पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैफिक को सुचारू रूप से आवागमन शुरू कराया है।

## जयपुर राजपरिवार के सदस्य पद्मनाभ सिंह का लंदन में कार एक्सीडेंट, बेटे से मिलने लंदन पहुंचीं डिप्टी सीएम दीया कुमारी

जयपुर। राजस्थान के पूर्व जयपुर राजपरिवार के सदस्य और उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी के बेटे पद्मनाभ सिंह का एक्सीडेंट हो गया है। पद्मनाभ अपने पिता नरेंद्र सिंह और बहन गौरवी कुमारी के साथ छुट्टियां बिताने के लिए पिछले कुछ दिनों से लंदन गए हुए हैं। लंदन में हुए कार एक्सीडेंट में पद्मनाभ घायल हो गए। एक्सीडेंट के दौरान कार में पद्मनाभ के साथ पिता नरेंद्र और बहन गौरवी भी थीं। हादसे में पद्मनाभ को चोट लगी लेकिन नरेंद्र और गौरवी सुरक्षित हैं। लंदन के एक अस्पताल में पद्मनाभ सिंह की सर्जरी हुई है। बेटे से मिलने के लिए दीया कुमारी भी लंदन पहुंच गई हैं। हादसा कुछ दिन पहले हुआ था लेकिन इसकी जानकारी किसी को नहीं दी गई। दीया कुमारी ने भी हादसे की जानकारी साझा नहीं की और अपने बेटे से मिलने के लिए लंदन गई। मुख्यमंत्री के अध्यक्षता में होने वाली बैठकों से भी दीया कुमारी शामिल नहीं हो पा रही हैं। अब यह जानकारी सामने आई हैं कि वे राजस्थान में नहीं बल्कि लंदन गई है। लंदन के अस्पताल में पद्मनाभ सिंह की सर्जरी हुई है और अब वे ठीक हैं। उनके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। पद्मनाभ सिंह- पूर्व राजपरिवार सदस्य पद्मनाभ सिंह जाने माने पोलो खिलाड़ी हैं। उन्होंने पोलो खिलाड़ी के रूप में अपने करियर की शुरुआत वर्ष 2015 में लंदन से की थी। वे लंदन के विंडसर में गाड्?र्स पोलो क्लब के सदस्य बने थे। बाद में उन्होंने 2017 में हर्लिंगम पार्क की ऐतिहासिक यात्रा में भारतीय नेशनल टीम की कमान संभाली थी। पद्मनाभ से पहले उनके नाना भवानी सिंह भी भारतीय टीम का नेतृत्व कर चुके हैं। हाल ही में पद्मनाभ अपनी बहन गौरवी के साथ स्कॉटलैंड के ड्रमंड कैसल में हुए डियोर क्रूज शो में शामिल हुए थे।

## बलि के बकरे पर लिखा 'राम', कुर्बानी देने की हो गयी थी पूरी तैयारी, आखिरी वक्त में बचाया, 3 गिरफ्तार

मुंबई। पुलिस ने सोमवार को बताया कि एक वायरल वीडियो में बलि के बकरे की खाल पर 'राम' (हिंदू देवता का नाम) लिखा हुआ दिखाई देने के बाद मुंबई में कम से कम तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिस मीट शॉप से बकरा खरीदा गया था, उसे भी बंद कर दिया गया है। वायरल वीडियो में मीट शॉप पर एक सफेद रंग का बकरा दिखाया गया है, जिसकी खाल पर पीले रंग से 'राम' लिखा हुआ है। वीडियो में एक हिंदू संगठन के सदस्य दुकान के मालिक से इस बारे में बहस करते हुए भी दिखाई दे रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद, बजरंग दल के कार्यकर्ता शिकायत दर्ज कराने पुलिस के पास गए, जिसके बाद मीट शॉप को सील कर दिया गया, एक अधिकारी ने बताया। बकरी पर 'राम' लिखा हुआ था, जिसे बेलापुर में एक ग्राहक ईद-उल-अजहा (आमतौर पर बकरीद के रूप में जाना जाता है) के अवसर पर बेचने के लिए लाया गया था। पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है - मोहम्मद शफी शेख, साजिद शफी शेख और कुय्याम। उन पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने के लिए भारतीय दंड संहिता की धारा 295 (ए) और 34 के साथ-साथ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत भी आरोप लगाए गए हैं। मामले की आगे की जाँच चल रही है।

# सिर्फ टैंकर माफियाओं को पानी बेचने के लिए जलमंत्री बनी हुई हैं आतिशी : मनोज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में लगातार पानी के पाइपलाइनो में रिसाव और पानी की चोरी के कारण दिल्ली की जनता को इस तपती गर्मी में पीने के लिए साफ पानी नहीं मिल रहा है। पानी उपलब्ध कराने की जगह दिल्ली सरकार की जल मंत्री आतिशी भाजपा पर रिसाव का आरोप लगाने की मनगढ़ंत कहानियां बुनने में व्यस्त हैं। जिसके बाद दिल्ली की जनता के मुद्दों को हमेशा से प्राथमिकता देने वाली भाजपा आज प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में दिल्ली के प्रमुख 52 स्थानों पर अरविंद केजरीवाल सरकार की लापरवाही के कारण उत्पन्न जल संकट के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने गीता कॉलोनी कृष्णा नगर विधानसभा में, सांसद मनोज तिवारी ने जल बोर्ड कार्यालय मुखर्जी नगर में, सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने खानपुर अंबेडकर नगर में, सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने पुरानी पुलिस चौकी करोड़ बाग में, सांसद बांरी स्वराज ने मोतीनगर में और सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने संगम पार्क लाल बाग में, वरिष्ठ नेता पवन शर्मा उतम नगर आयोजित विरोध प्रदर्शन को संबोधित किया और केजरीवाल सरकार के खिलाफ मटका फोड़ा। पार्टी के प्रमुख पदाधिकारियों के नेतृत्व में कुल 52 विधानसभा क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन किये।

वीरेंद्र सचदेवा ने कृष्णा नगर में आयोजित विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि हमने ना सिर्फ कहा बल्कि साबित भी किया कि अगर दिल्लीवालों को आज पानी नहीं मिल रहा है तो उसके इकलौते जिम्मेदार हैं अरविंद केजरीवाल और उनकी सरकार। पानी की चोरी और टैंकर माफियाओं को पनाह देकर आम आदमी पार्टी के विधायकों ने पानी को व्यापार बना दिया है, चाहे उसके लिए दिल्ली की जनता को पानी मिले या ना मिले। इस मौके पर भाजपा नेता डॉ अनिल गोयल, कैलाश जैन, दीपक गाबा, निगम पार्षद संदीप कपूर, मीनाक्षी शर्मा और नीमा भगत आदि उपस्थित थे।

सचदेवा ने कहा कि दिल्ली के अंदर अगर पानी की चोरी और रिसाव को रोक लिया जाए तो हर दिल्लीवासी को पर्याप्त मात्रा मे पानी मिलेगा लेकिन आम आदमी पार्टी के विधायकों को दिल्ली की जनता से कोई सहानुभूति नहीं है उन्हें सिर्फ अपनी मोटी कमाई से मतलब है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के अंदर एक-एक बूंद का जब तक हिसाब नहीं हो जाता तब तक भाजपा अपना संघर्ष जारी रखेगी।

दिल्ली जल बोर्ड कार्यालय मुखर्जी नगर में आयोजित विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए मनोज तिवारी ने कहा कि दिल्ली सरकार का सभी विभाग आज भ्रष्टाचार में लिप्त है और जलबोर्ड तो इनके भ्रष्टाचार का मुख्य अड्डा बन चुका है। जलबोर्ड के अंदर ही विधायक का कार्यालय चल रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि आतिशी सिर्फ टैंकर माफियाओं को पानी बेचने के लिए ही जल मंत्री बनी हुई हैं। दिल्लीवालों के न्याय की लड़ाई हम लड़ते रहेंगे। इस मौके पर जिला अध्यक्ष श्रीमती पूनम चौहान, भाजपा नेता सरदार राजा इकबाल सिंह, श्रीमती रेखा अमरनाथ सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

खानपुर में आयोजित विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल जब तक दिल्ली की जनता के साथ पानी का खेल खेलना बंद नहीं करेंगे तब तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। झूठ बोलकर उन्होंने दिल्लीवालों से वोट लिया है और तीन बार से सरकार में आने के बावजूद उन्होंने पानी के लिए कोई काम नहीं किया जबकि दर्जनों बार उन्होंने इस बात का वायदा दिल्लीवालों से किया कि उन्हें 24 घंटे नल से जल उपलब्ध करवाएंगे। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने मुरादनगर से 150 एमजीडी पानी मिलने की बात कही थी जिसको पाइपलान के माध्यम से दिल्ली के लिए लेकर आएंगे लेकिन वह भी नहीं किया। केजरीवाल सरकार ने पिछले 10 सालों में एक भी वाटर ट्रीटमेंट नहीं बना पाई। इस मौके पर प्रदेश उपाध्य गजेन्द्र यादव, निगम पार्षद श्रीमती ममता यादव, हरिश यादव, नवीन गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पोक्सो मामले में सीआईडी के सामने पेश हुए येदियुरप्पा

बेंगलुरु। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता बीएस. येदियुरप्पा पोक्सो मामले में पूछताछ के लिए सीआईडी पुलिस के सामने पेश हुए। बता दें कि सीआईडी पुलिस अधीक्षक (एसपी) सारा फातिमा की अगुवाई वाली टीम मामले में येदियुरप्पा से पूछताछ करेगी। न्यायमूर्ति कृष्ण एस. दीक्षित की अध्यक्षता वाली पीठ ने येदियुरप्पा को सोमवार को बिना किसी चूक के अदालत में पेश होने का निर्देश दिया था, जैसा कि उन्होंने पुलिस को दिए अपने जवाब में उल्लेख किया था। मार्च में येदियुरप्पा के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम के तहत शिकायत दर्ज की गई थी। महिला ने आरोप लगाया कि जब वह मदद मांगने पूर्व सीएम के आवास पर गईं, तब उनकी बेटी को परेशान किया गया। 3 मार्च 2024 को पीड़िता की मां ने पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करके बताया कि उसकी नाबालिग बेटी का यौन उत्पीड़न किया गया है। इस घटनाक्रम के बाद भाजपा और कांग्रेस के बीच तीखी नोकझोंक हुई थी। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रहलाद जोशी ने कर्नाटक की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वह पूर्व मुख्यमंत्री को इसलिए निशाना बना रही है क्योंकि पार्टी लोकसभा चुनाव में हार को पचा नहीं पा रही है।



## सत्ता गंवाई पर ताकत बरकरार, अब भी मोदी सरकार के लिए बेहद जरूरी हैं जगन मोहन रेड्डी व नवीन पटनायक



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश की एस. जगन मोहन रेड्डी की पार्टी वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) और ओडिशा की नवीन पटनायक की बीजू जनता दल (बीजेडी) के लिए हाल में संपन्न चुनाव सही नहीं रहे। लोकसभा और विधानसभा चुनावों में दोनों ही दलों को हार का सामना करना पड़ा है। हालांकि, अभी भी इन दोनों दलों की भूमिका राष्ट्रीय राजनीति में काफी महत्वपूर्ण है। इसका बड़ा कारण राज्यसभा में मौजूद दोनों दलों की ताकत है। वाईएसआरसीपी, जिसे तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) ने अपदस्थ कर दिया था, के पास 11 राज्यसभा सांसद हैं, जबकि बीजेडी, जो ओडिशा में भाजपा से हार गई थी, के संसद के उच्च सदन में नौ सांसद हैं।

वर्तमान में, 245 सदस्यीय राज्यसभा में 117 एनडीए सांसद, 80 इंडिया ब्लॉक सांसद और 33 अन्य हैं। निर्वाचित सदस्यों के लिए 10 और मनोनीत सदस्यों के लिए पांच रिक्तियां हैं। 10 निर्वाचित सदस्यों की रिक्तियों में से, जिसके लिए चुनाव की तारीख अभी घोषित नहीं की गई है, भाजपा के पास सात, कांग्रेस के पास दो और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के पास एक सीट है। फिलहाल बीजेपी इनमें से कम से कम छह सीटें जीतने का दम रखती है। ऐसे परिदृश्य में, एनडीए को कानून पारित करने के लिए दूसरों के समर्थन की आवश्यकता नहीं होगी, लेकिन वाईएसआरसीपी और बीजेडी का समर्थन उसे आरामदायक स्थिति में रखेगा।

जबकि बीजद ने अभी तक अपनी राज्यसभा रणनीति के बारे में बात नहीं की है हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में, पार्टी ज्यादातर संसद में भाजपा के साथ ही रही है। वाईएसआरसीपी ने कहा है कि वह भाजपा के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार को 'मुद्दा-आधारित' समर्थन देगी। पिछले हफ्ते, दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में, वाईएसआरसीपी नेता वी विजयसाई रेड्डी ने केंद्र सरकार से आंध्र प्रदेश में 'चुनाव-संबंधी हिंसा' का जायजा लेने के लिए कहा और कहा, 'एनडीए को राज्यसभा में बिल पारित करने के लिए हमारी संख्या की आवश्यकता होगी।÷

टीडीपी ने आंध्र प्रदेश में विधानसभा चुनावों में 135 सीटें और 16 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की। वाईएसआरसीपी 11 विधानसभा सीटों पर सिमट गई और लोकसभा में उसके चार सांसद हैं। वाईएसआरसीपी ने स्पष्ट किया है कि वह एनडीए या इंडिया ब्लॉक को बिना शर्त समर्थन देने को तैयार नहीं है। रेड्डी ने कहा, 'हम उन मामलों का समर्थन करेंगे जो देश के हित में हैं।' उन्होंने कहा कि वाईएसआरसीपी के फैसले 'संवैधानिक मूल्यों पर आधारित' होंगे। वाईएसआरसीपी ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि वाईएसआरसीपी समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर किसी भी कानून का समर्थन नहीं करेगी। हालाँकि, पार्टी ने यह सार्वजनिक नहीं किया है कि क्या वह 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' का समर्थन करेगी, जो देश में राज्य और आम चुनाव एक साथ कराने के लिए भाजपा का प्रयास है, रेड्डी ने कहा कि निर्णय बाद में लिया जाएगा। बीजेडी ने अभी तक यूसीसी या 'वन नेशन, वन इलेक्शन' पर अपना रुख स्पष्ट नहीं किया है।

## पाठ्यपुस्तकों में भारत और इंडिया का परस्पर प्रयोग, इस पर बहस बेकार: एनसीईआरटी प्रमुख

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के निदेशक दिनेश प्रसाद सकलानी ने कहा है कि एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों में 'भारत' और 'इंडिया' का परस्पर प्रयोग किया जाएगा, जैसा कि देश के संविधान में है। ये टिप्पणियां सामाजिक विज्ञान पाठ्यक्रम पर काम कर रही एक उच्च स्तरीय समिति द्वारा यह सिफारिश किए जाने के मद्देनजर महत्वपूर्ण हैं कि सभी कक्षाओं की स्कूली पाठ्यपुस्तकों में 'इंडिया' के स्थान पर 'भारत' शब्द होना चाहिए। यहां 'पीटीआई' के मुख्यालय में संपादकों के साथ बातचीत में एनसीईआरटी प्रमुख ने कहा कि किताबों में दोनों शब्दों का इस्तेमाल किया जाएगा और परिषद को 'भारत' या 'इंडिया' से कोई परहेज नहीं है। उन्होंने कहा, 'यह परस्पर उपयोग के योग्य हैं....हमारा रुख वही है जो हमारा संविधान कहता है और हम उस पर कायम हैं। हम भारत का इस्तेमाल कर सकते हैं, हम इंडिया का इस्तेमाल कर सकते हैं, इसमें समस्या क्या है? हम इस बहस में नहीं हैं। जहां भी हमें ठीक लगे हम इंडिया का इस्तेमाल करेंगे, जहां भी हमें ठीक लगेगा हम भारत का इस्तेमाल करेंगे। हमें इंडिया या भारत से कोई परहेज नहीं है।' सकलानी ने कहा, 'आप देख सकते हैं कि दोनों का प्रयोग हमारी पाठ्यपुस्तकों में पहले से ही किया जा रहा है और नई पाठ्यपुस्तकों में भी यह जारी रहेगा। यह एक बेकार बहस है।' विद्यालयी पाठ्यक्रम को संशोधित करने के लिए एनसीईआरटी द्वारा गठित सामाजिक विज्ञान की एक उच्च स्तरीय समिति ने पिछले वर्ष सिफारिश की थी कि सभी कक्षाओं की पाठ्यपुस्तकों में 'इंडिया' के स्थान पर 'भारत' शब्द रखा जाना चाहिए। समिति के अध्यक्ष सी.आई.इसाक ने कहा था कि उन्होंने पाठ्यपुस्तकों में 'इंडिया' के स्थान पर 'भारत' शब्द रखने, पाठ्यक्रम में 'प्राचीन इतिहास' के स्थान पर 'शास्त्रीय इतिहास÷ को शामिल करने तथा सभी विषयों के पाठ्यक्रम में भारतीय ज्ञान प्रणाली (आईकेएस) को शामिल करने का सुझाव दिया है।

## कौन हैं... लटूरलाल गुर्जर, जिसने दी सलमान को मारने की धमकी

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई (ईएमएस)। मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने राजस्थान में 25 साल के एक यूट्यूबर को गिरफ्तार किया है, जो अभिनेता सलमान खान की जान लेना चाहता था। अरे छोड़ो यार नाम से यूट्यूब पर चैनल चलाने वाले बनवारीलाल लटूरलाल गुर्जर ने वीडियो शेयर करके अपने इरादे जाहिर किए थे। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने लटूरलाल गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के मुताबिक, अरे छोड़ो यार यूट्यूब चैनल पर वीडियो देखने के बाद एक यूजर ने शिकायत की थी। वीडियो में गुर्जर हिंदी में बात करते हुए खुद को गोल्डी बरार, विवेक, रोहित और जितिन से खुद को जुड़ा हुआ बताकर सलमान को धमकी देता है। वीडियो में कहा, गोल्डी मेरा भाई है, नितिन, विवेक, रोहित, जितिन, सभी यहां और भी कई भाई हैं। हमारा मकसद साफ है, हम क्या चाहते हैं, हमने बताया था लेकिन वह सुन नहीं रहा है। उसका ईगो हर्ट हो जाता है। उसका एटीट्यूड है और ईगो। वह खुद को दबंग किंग खान समझता है।

वीडियो में धमकी दी जाती है, हम उसे नहीं बताएंगे कि खान क्या है और कौन कट्टरपंथी हिंदू है। ठीक है, कोई मुद्दा नहीं है, हम सभी भाई यहां मौजूद हैं। आज हमने जाल बिछा दी है। हमें पता है कि कब क्या करना है और क्या नहीं और उसके साथ क्या करना है... जो भी गलती करेगा कीमत चुकाएगा। हमें फर्क नहीं पड़ता...हम सलमान को तलाश रहे हैं और वह उसी लाइन पर पर आ रहा है, चाहे उसके पास वाई प्लस सिक्यॉरिटी हो या जेड प्लस।

वीडियो के आधार पर साउथ साइबर पुलिस ने मामला दर्ज किया। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी के ईमेल आईडी और फोन नंबर की पहचान की। इसकी मदद से वे राजस्थान के बूंदी जिले में बनवारीलाल लटूरलाल गुर्जर तक पहुंचे। पुलिस ने लटूरलाल गुर्जर को एक हॉस्टल से गिरफ्तार किया और उसके चाचा को सूचना दी।

## शहर भाजपा प्रमुख का विवादित बयान : जिसने वोट दिया, करें उसका काम

**वडोदरा (एजेंसी)।** शहर भाजपा प्रमुख के एक बयान से राज्य की राजनीति गरमा गई है। वडोदरा शहर भाजपा के प्रमुख विजय शाह ने कहा कि जिन क्षेत्रों में लोग भाजपा को वोट नहीं करते उनके क्षेत्र के विकास के लिए ग्रांट के पैसे खर्च ना किए जाएं। विजय शाह के इस बयान के बाद शहर के भाजपा के एक विधायक ने ही नाराजगी जाहिर करते हुए पार्टी के शहर प्रमुख की मानसिकता पर सवाल उठा दिए हैं। राजनीतिक दृष्टि से वडोदरा शहर की सीट भाजपा के सुरक्षित मानी जाती है और यहां के मतदाताओं को लेकर ही पार्टी के शहर प्रमुख ने विवादित बयान दिया है। दरअसल वडोदरा के समा क्षेत्र में भाजपा के नवनिर्वाचित सांसद डॉ. हेमांग जोशी का अभिवादन समारोह आयोजित किया गया था। समारोह में भाजपा के सभी निर्वाचित प्रतिनिधि मौजूद थे। उस वक्त मंच से वडोदरा शहर भाजपा प्रमुख विजय शाह ने कहा कि वर्षों से जो लोग भाजपा को वोट नहीं देते उनके लिए ग्रांट की रकम खर्च करने का कोई अर्थ नहीं है। जहां से वोट नहीं मिलता वहां ग्रांट या कोटे की रकम खर्च कर विकास कार्य नहीं करने चाहिए7 जिन क्षेत्रों के लोग भाजपा को वोट देते हैं उन लोगों के साथ खड़े रहकर उनके इलाकों में विकास कार्य करने चाहिए। विजय शाह के इस बयान को लेकर राज्य की राजनीति गरमा गई है। भाजपा के शहर प्रमुख विजय शाह के बयान को लेकर भाजपा के वरिष्ठ विधायक योगेश पटेल ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। योगेश पटेल ने कहा कि विजय शाह का आदेश मतलब मान लेना नहीं है। विजय शाह शहर भाजपा प्रमुख हैं और उनका व्यक्तिगत विचार हो सकता है। लेकिन भाजपा इससे सहमत नहीं है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं के साथ द्वेषभाव के साथ राजनीति नहीं की जा सकती। हम जब विधायक निर्वाचित होते हैं तब शपथ लेते हैं कि किसी प्रकार का किसी के साथ भेदभाव या पक्षपात नहीं रखेंगे। योगेश पटेल ने कहा कि विकास कार्यों पर सभी जातियों का एक समान अधिकार होता है। जनहित में काम करेंगे तभी वोट बढ़ेंगे। दूसरी ओर गुजरात प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता निशांत रावल ने कहा कि वडोदरा शहर भाजपा प्रमुख विजय शाह का बयान उनकी मानसिकता दर्शाता है। ओछी मानसिकता वाली भाजपा ने वडोदरा की भोलीभाली जनता के साथ अन्याय किया है। ऐसी मानसिकता के कारण ही आज वडोदरा के लोग विकास से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि विजय शाह ने ऐसा बयान देकर एक प्रकार से मतदाताओं को धमकाने का प्रयास किया है।

## गाजा में युद्ध रोकने का अमेरिका ने दिया सुझाव

**वॉशिंगटन:** इजरायल और गाजा के बीच चल रहे युद्ध को रोकने के लिए जारी प्रयासों के बीच अमेरिका ने शांति का सुझाव दिया है। अमेरिका राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इजरायल और गाजा के युद्ध को देखते हुए अपने मुस्लमानों को देने वाले संदेश का इस्तेमाल किया।जो बाइडेन ने मुसलमानों को ईद अल-अधा संदेश दिया। उन्होंने कहा, यह हमास और इजरायल के बीच युद्ध की भयावहता से पीड़ित नागरिकों की मदद करने का युद्धविराम समझौते सबसे अच्छा तरीका था। बाइडेन ने आगे अपने इजरायल और हमास के युद्ध को लेकर कहा, बहुत से निर्दोष लोग मारे गए हैं, जिनमें हजारों बच्चे भी शामिल हैं। परिवार अपने घरों से भाग गए हैं और उन्होंने अपने समुदायों को नष्ट होते देखा है। जानकारी के लिए बता दें कि संयुक्त राज्य अमेरिका ने इजरायल और हमास पर पिछले हफ्ते युद्धविराम समझौते को लिए औपचारिक रूप से स्वीकार करने के लिए दबाव डाला है, जिससे लड़ाई को शुरुआती छह सप्ताह के लिए रोका जा सकेगा। ये उन्होंने सुरक्षा परिषद के सदस्यों की तरफ से युद्धविराम को लेकर हरी झंडी दिखाने के बाद किया है। वहीं राष्ट्रपति जो बाइडेन ने म्यांमार में रोहिंग्या और चीन में उइगर सहित उत्पीड़न का सामना कर रहे अन्य मुस्लिम समुदायों के अधिकारों की वकालत करने की अपनी कोशिश पर भी बात की।

# अब तक 25,000 करोड़ की चपत लगा चुके हैं साइबर ठग

### -केंद्र सरकार के कान खड़े.... हो रही हाईलेवल मीटिंग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में साइबर फ्रॉड की जड़ काफी मजबूत हो चुकी है। इसकी वजह से हर दिन कोई न कोई इसका शिकार हो रहा है। साइबर फ्रॉड से किसी को लाखों की चपत लग रही हैं, तब किसी से करोड़ों की ठगी हो रही है। आपको जानकर हैरानी होगी कि पिछले तीन सालों में हम भारतीय साइबर फ्रॉड से इतने रुपए गंवा चुके हैं, जितना किसी राज्य का सालान बजट होता है। जी हां, पिछले 3 सालों में साइबर फ्रॉड से भारतीयों को 25,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। यह रकम सिक्किम राज्य के सालाना बजट से दोगुनी है।

सूत्रों की मानें, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में एक हाई लेवल की बैठक हुई है। इसमें गृह मंत्रालय और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधिकारियों ने इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप और गूगल जैसे विभिन्न सोशल मीडिया मचों के साथ अपनी चिंताओं को शेयर किया है।

डेटा से खुलासा हुआ है जनवरी 2024 से जून 2024 तक सेंट्रल साइबर फ्रॉड एजेंसी को 709 शिकायतें मिलीं। इसमें पीड़ितों को 1 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ। कुल नुकसान 1,421 करोड़ रुपये था। बैठक में शामिल हुए सीनियर अधिकारी ने बताया कि सरकार लगातार एक ऐसी प्रणाली पर काम कर रही है, जहां सूचना का प्रवाह तेज हो। फिलहाल, सभी कंपनियां शुरुआती चरण में भी कई तरह के डिटेल्स मांगती हैं। इसकारण साइबर फ्रॉड को रोकने की प्रक्रिया में देरी होती है।

हाल के दिनों में साइबर क्राइम के कई मामले सामने आए, मसलन- एम्स पर साइबर हमले, आईसीएमआर यानी भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद डेटा लीक और लोन देने वाले एप से फ्रॉड. नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल पर 2020 से फरवरी 2024 के बीच 31 लाख शिकायतें दर्ज कराई गई हैं। केंद्र के एक सीनियर अधिकारी के मुताबिक, सबसे बड़ी चिंता यह है कि साइबर फ्रॉड के मामलों में गिरफ्तारी की संख्या बहुत कम है।

आधिकारिक डेटा के मुताबिक, साइबर फ्रॉड से संबंधित विभिन्न कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा दर्ज कुल मामले या एफआईआर 66,000 से ज्यादा हैं। लेकिन अब तक गिरफ्तारियां केवल 500 हैं। सूत्रों के अनुसार, भारत सरकार ने सोशल मीडिया मंचों



से अपनी सिफारिशों पर काम करने को कहा है। सूत्रों ने कहा कि कंपनियों को लोन ऐप, पोंजी स्कीम और स्टॉक ट्रेडिंग समूहों पर फर्जी विज्ञापनों का पता लगाने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कहा गया है। इतना ही नहीं, सरकार ने उनसे भारतीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों से डेटा अनुरोधों में तेजी लाने का भी आग्रह किया है। फिलहाल, इसमें सप्ताह भर का वक्त लगता है।

# टी-20 विश्वकप से बाहर होने के बाद लंदन में छुट्टी मनायेंगे बाबर सहित छह खिलाड़ी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तानी टीम के टी 20 विश्व कप में अभियान के निराशाजनक रूप से ग्रुप चरण में समाप्त होने के बाद कप्तान बाबर आजम और पांच अन्य खिलाड़ी मोहम्मद आमिर, इमाद वसीम, हारिस रउफ, शादाब खान और आजम खान ने पाकिस्तान लौटने से पहले लंदन में छुट्टियां मनाने का फैसला किया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, ये छह खिलाड़ी मंगलवार को शेष टीम के साथ पाकिस्तान नहीं उतरेंगे। इन खिलाड़ियों ने लंदन में अपने मित्रों और परिवार के साथ समय गुजारने का फैसला किया है। कुछ खिलाड़ी यूनाइटेड किंगडम में स्थानीय लीग खेलने की योजना भी बना रहे हैं। इस बीच मुख्य कोच गैरी कर्स्टन और सहायक कोच अजहर महमूद अपने-अपने घरों के लिए रवाना होंगे। कोई नजदीकी सीरीज न होने के कारण पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कोचिंग स्टाफ को अपने-अपने देश लौटने की अनुमति दे दी है। पकिस्तान का टी 20 विश्व कप के ग्रुप ए में निराशाजनक प्रदर्शन रहा और उसे आखिरी जीत रविवार को आयरलैंड के खिलाफ अपने अंतिम मुकाबले में तीन विकेट से मिली। उसे सह मेजबान अमेरिका और चिर-प्रतिद्वंद्वी भारत से हार का सामना करना पड़ा। उसने फिर कनाडा को सात विकेट से हराया। चार मैचों में चार अंकों के साथ पकिस्तान ग्रुप में तीसरे स्थान पर रहा और सुपर आठ में जगह बनाने से दूर रह गए। भारत और अमेरिका ने शीर्ष दो स्थान हासिल कर सुपर आठ में जगह बनायी। पाकिस्तानी टीम अगस्त में दो मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज में बांग्लादेश से भिड़ेगी, जिसके बाद इंग्लैंड का अक्टूबर में पकिस्तान का दौरा होगा।

## कप्तानी के बारे में निर्णय पीसीबी को लेना है, मुझे नहीं: बाबर आज़म




**लौडरहिल, एजेंसी।** टी 20 विश्व कप से ग्रुप चरण में पाकिस्तान के बाहर होने के बाद बाबर आज़म के पाकिस्तान का कप्तान बने रहने को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। हालांकि बाबर ने कहा कि वह इस संबंध में वह कोई भी निर्णय पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के साथ पाकिस्तान के वर्ल्ड कप अभियान की समीक्षा के लिए होने वाली मीटिंग के बाद ही लेंगे।

बाबर ने कहा, जब मैंने कप्तानी छोड़ी थी, तब मुझे यही लगा था कि मुझे आगे कप्तानी नहीं करनी चाहिए और इसीलिए मैंने खुद ही कप्तानी छोड़ने की घोषणा कर दी थी। इसके बाद मुझे वापस कप्तानी दे दी गई और यह पीसीबी का निर्णय था। जब मैं वापस जाऊंगा तब जो भी चीज़ें यहां घटित हुई हैं उनके ऊपर बोर्ड के साथ चर्चा करूंगा और अगर मुझे कप्तानी छोड़नी पड़ी तो मैं सार्वजनिक तौर पर इसकी घोषणा करूंगा। लेकिन अभी के लिए मैंने इस बारे में नहीं सोचा है, अंततः यह पीसीबी का निर्णय है। बाबर से जब यह पूछा गया कि क्या वह टी 20 वर्ल्ड कप 2024 के शुरुआती चरण में पाकिस्तान के बाहर होने की ज़िम्मेदारी लेते हैं? तब उन्होंने यही कहा, मैंने आपको जैसा कि पहले भी कहा कि हम एक व्यक्ति की वजह से नहीं हारे हैं, हम एक टीम के तौर पर जीतते या हारते हैं। आप कप्तान होने के संदर्भ में मेरे से यह सवाल कर रहे हैं लेकिन मैं हर खिलाड़ी की जगह नहीं खेल सकता। टीम में 11 खिलाड़ी होते हैं और हर किसी का अपना रोल होता है। हम यह स्वीकारते हैं कि हम एक टीम के तौर पर अच्छा नहीं खेले। उन्होंने कहा,जिस तरह की टीम हमारे पास थी उससे बेहतर परिणाम की अपेक्षा थी। एक कप्तान के तौर पर मैं किसी एक खिलाड़ी के ऊपर उंगली नहीं उठा सकता। कमी सभी 15 खिलाड़ियों में थी। हम समीक्षा करेंगे। एक कप्तान के तौर पर मेरा दायित्व यह है कि मैं निर्णय लेने वाले लोगों को अपना फ़ीडबैक दूं।

बाबर से एक बार फिर पूछा गया कि पाकिस्तान के ख़राब प्रदर्शन का दोष किसे दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, आप किसी एक व्यक्ति पर दोष नहीं मढ़ सकते। हम एक टीम के तौर पर अच्छा नहीं खेले। हर कोई हताश है। हम भी प्रशंसकों जितना ही हताश हैं। यह किसी एक की ग़लती नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### स्ट्राइकर्स की ब्लास्टर्स पर रोमांचक जीत

**मोहाली, एजेंसी।** जेके सुपर स्ट्राइकर्स ने रविवार को अपने युवा खिलाड़ियों के संयुक्त प्रयास की बदौलत शानदार जीत दर्ज की। मोहाली के आईएस बिंद्रा स्टेडियम में पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन(पीसीए) द्वारा आयोजित दूसरे शेर-ए-पंजाब टी20 कप में टीम ने बीएलवी ब्लास्टर्स पर रोमांचक मुकाबले में 11 रन से जीत दर्ज की। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए जेके सुपर स्ट्राइकर्स ने 20 ओवर में 187/5 का विशाल स्कोर बनाया। ओपनर शिवेन रखेजा ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 26 गेंदों में 46 रन की पारी खेलकर स्ट्राइकर्स को शानदार शुरुआत दिलाई। दूसरे ओपनर कार्तिक शर्मा ने उनका अच्छा साथ दिया, जिन्होंने 15 गेंदों में 26 रन बनाए। दोनों ने 4.3 ओवर में 59 रन जोड़े। मध्यक्रम के बल्लेबाज आर्यन यादव(20 गेंदों में 25 रन) और शहबाज संधू (18 गेंदों में 28 रन) ने स्ट्राइकर्स को मजबूती दी। आखिरी क्षणों में शानदार प्रदर्शन करते हुए गौरव मार्कन ने 19 गेंदों पर 39 रनों की पारी खेली और स्ट्राइकर्स को 20 ओवर में 187 रनों तक पहुंचाया। ब्लास्टर्स की ओर से बाएं हाथ के स्पिनर हरप्रीत बराड़ ने 22 रन देकर तीन विकेट लिए।

जवाब में ब्लास्टर्स लक्ष्य से 11 रन पीछे रह गए। बाएं हाथ के बल्लेबाज हरनूर पन्नू ने 48 गेंदों पर 73 रनों की शानदार पारी खेली, लेकिन वे जीत नहीं दिला सके। अपनी काबिलियत साबित करते हुए हरनूर ने चार गगनचुंबी छक्के लगाए। कप्तान नमन धीर बल्ले से ज्यादा कुछ नहीं कर सके और 10 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें सनवीर सिंह ने आउट किया। फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज अनमोल मल्होत्रा ने 40 गेंदों पर 55 रनों की पारी खेलकर अपनी टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचाया, लेकिन उन्हें दूसरे छोर से ज्यादा सहयोग नहीं मिला। टीम ब्लास्टर्स 20 ओवर में 8 विकेट पर 176 रन ही बना सकी। विजेता टीम के लिए हर्षदीप सिंह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट लिए। सनवीर सिंह को दो सफलताएं मिली, जबकि प्रेरित दत्ता ने एक बल्लेबाज का शिकार किया।

### स्मृति मंधाना 7000 अंतर्राष्ट्रीय रन बनाने वाली दूसरी भारतीय महिला बनीं



**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारतीय महिला टीम की ओपनर स्मृति मंधाना दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बेंगलुरु में एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रविवार को पहले वनडे के दौरान 7000 अंतर्राष्ट्रीय रन पूरे करने वाली दूसरी भारतीय महिला बन गयी हैं। मंधाना ने पूर्व कप्तान मिताली राज के बाद यह उपलब्धि हासिल की है। मिताली ने अपने शानदार करियर में सभी फॉर्मेट में 10,868 रन बनाये थे।

मंधाना के बाद सबसे करीबी मौजूदा भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर हैं जिन्होंने अब तक 6,870 रन जुटा लिए हैं। भारतीय ओपनर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे में 127 गेंदों में 12 चौकों और एक छक्के की मदद से 117 रन बनाये जो घरेलू जमीन पर उनका पहला और कुल छठा शतक है।

इस बीच दीप्ति शर्मा ने अपनी 37 रन की पारी के दौरान 200 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 2000 वनडे रन पूरे कर लिए हैं।

# नेपाल को 21 रनों से हराकर बांग्लादेश सुपर 8 में




**किंग्सटॉउन (सेंट विन्सेंट), एजेंसी।** बांग्लादेश ने सफलतापूर्वक अपने 106 के स्कोर का बचाव करते हुए नेपाल को भारतीय समयानुसार सोमवार को 21 रन से हराकर टी 20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में प्रवेश कर लिया।

बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किये जाने के बाद बांग्लादेश की टीम 106 रन पर सिमट गयी। लेकिन तंजीम हसन साकिब ने नेपाल के शीर्ष क्रम को झकझोरा और मुस्तफिजुर रहमान के डेथ बोलिंग मास्टरक्लास ने बांग्लादेश को टी 20 विश्व कप इतिहास में सबसे कम स्कोर का बचाव करते हुए सुपर आठ में पहुंचने वाली जीत दिला दी। नेपाल की टीम 19.2 ओवर में मात्र 85 रन पर सिमट गयी। तंजीम हसन साकिब ने मात्र सात रन देकर चार विकेट झटके जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

सुपर 8 में बांग्लादेश का सामना भारत, ऑस्ट्रेलिया और अफ़ग़ानिस्तान से होगा। बांग्लादेश ने इस जीत के साथ टी20 वर्ल्ड कप इतिहास के सबसे न्यूनतम स्कोर के बचाव का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। कुछ ही दिनों पहले यह रिकॉर्ड दक्षिण अफ़्रीका ने बांग्लादेश के ख़िलाफ़ ही अपने नाम किया था, जब उन्होंने 113 रनों के स्कोर का सफलतापूर्वक बचाव किया था।

बांग्लादेश को नेपाल ने पहले बल्लेबाज़ी के लिए आमंत्रित किया था और सोमपाल कामी ने शुरुआत में ही बांग्लादेश को झटका दे दिया। बांग्लादेश को लगातार लग रहे झटकों के बीच शाकिब अल हसन और महमूदुल्लाह में साझेदारी पनपी ही थी कि दोनों में ग़लतफ़हमी हुई और महमूदुल्लाह को रनआउट होकर जाना पड़ा। पिच पर स्पिनर्स को मदद मिल रही थी और दोहरा उछाल भी था। बांग्लादेश की पूरी टीम मिलकर किसी तरह 106 रन का स्कोर खड़ा कर पाई।

हालांकि एक मुश्किल विकेट को देखते हुए नेपाल के लिए इस लक्ष्य को हासिल करना उतना आसान नहीं रहने वाला था। तंजीम हसन साकिब ने शुरुआत में एक ही ओवर में दो झटके देकर नेपाल को पीछे धकेल दिया। यह इस मैच में पहला और सबसे बड़ा टर्निंग प्वाइंट साबित हुआ क्योंकि इस क्षण के बाद नेपाल बांग्लादेश को मुश्किल में नहीं डाल पाई।

हालांकि बीच में दीपेंद्र ऐरी और कुशल मल्ला के बीच अर्धशतकीय साझेदारी हुई और ऐसा प्रतीत हुआ कि यहां से बांग्लादेश को चुनौती मिल सकती है। लेकिन तभी मुस्तफ़िज़ुर रहमान ने मल्ला को चलता कर बांग्लादेश की वापसी करा दी। 19वें ओवर में भी मुस्तफ़िज़ुर ने ऐरी का विकेट लेने के साथ साथ मेडन ओवर किया और ऐसा कर के उन्होंने बांग्लादेश की जीत पर मुहर लगा दिया। मुस्तफ़िज़ुर ने तीन तो वहीं तंजीम ने चार विकेट झटके। मुस्तफ़िज़ुर ने एक ओवर मेडन डालते हुए सिर्फ़ सात रन दिए। जबकि तंजीम ने दो ओवर मेडन डालते हुए चार विकेट लिए। तंजीम का यह गेंदबाज़ी आंकड़ा टी20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश की ओर से सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ी आंकड़ा भी है। पहली बार बांग्लादेश ने इस टूर्नामेंट के इतिहास में किसी एक संस्करण में तीन मैच जीते हैं।

## यूरो 2024

### इंग्लैंड-सर्बिया के फैंस भिड़े एक-दूसरे पर कुर्सी और बोतलें फेंक कर मारी, वीडियो वायरल





**बर्लिन, एजेंसी।** अल्बानिया के कुछ फैंस भी इस हिंसक झड़प में शामिल थे, जो गेल्सेंकिर्चेन के एक बार में हुआ। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अल्बानियाई फैंस ने सर्बियाई फैंस के खिलाफ विवाद शुरू किया, जो उनके कट्टर प्रतिद्वंद्वी हैं। इंग्लैंड ने अपने यूरो 2024 अभियान की शुरुआत रविवार को गेल्सेनकिर्चेन के एरिना औफशाल्के में सर्बिया के खिलाफ जीत के साथ की। इस रोमांचक मुकाबले में जूड बेलिंघम ने निर्णायक गोल दागा और इसकी बदौलत इंग्लैंड ने सर्बिया को 1-0 से हराया। ग्रुप सी के इस मुकाबले में इंग्लैंड की टीम ने 13वें मिनट में ही बढ़त हासिल की और फुल टाइम तक इसी बढ़त को बनाए रखा। हालांकि, इस मैच से पहले इंग्लैंड और सर्बिया के फैंस के बीच हिंसक कहासुनी हुई। इसका वीडियो भी सामने आया है। अल्बानिया के कुछ फैंस भी इस हिंसक झड़प में शामिल थे, जो गेल्सेंकिर्चेन के एक बार में हुआ। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अल्बानियाई फैंस ने सर्बियाई फैंस के खिलाफ विवाद शुरू किया, जो उनके कट्टर प्रतिद्वंद्वी हैं। क्षण भर बाद, इंग्लैंड के फैंस भी अल्बानिया के फैंस के साथ मिल गए और यह एक बड़ा विवाद बन गया। घटना के कई वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुईं, जिनमें टूटी हुई मेज, कुर्सियां और कांच की बोतलें दिखाई दे रही हैं।

एक प्रत्यक्षदर्शी के हवाले से कहा, अचानक से कैफे में हिंसा शुरू हो गई। यह कहां से शुरू और किसने क्या शुरू किया यह स्पष्ट नहीं है, लेकिन मुझे ऐसा लग रहा था कि इंग्लैंड के फैंस का एक समूह बार में गया और वहां पहले से ही सर्बियाई फैंस मौजूद थे। सबने एक दूसरे पर टेबल, कुर्सियां और बोतलें फेंकीं और फिर कुछ देर बाद विवाद खत्म हो गया। प्रत्यक्षदर्शी ने कहा, एक आदमी के सिर में चोट लगी थी और खून बह रहा था। मुझे लगता है कि वह इंग्लिश फैन था। इंग्लैंड और सर्बिया के बीच मैच को बाद में जर्मन पुलिस ने सख्त कदम उठाते हुए जगह को खाली कराया और फिर सात सर्बियाई फैंस को हिरासत में लिया।

मैच की बात करें तो जूड बेलिंगहम ने मिडफील्ड में काइल वॉकर को एक शानदार पास दिया। इसके बाद बेलिंगहम ने बुकायो साका के क्रॉस को एक शानदार डाइविंग हेडर के साथ गोल पोस्ट के अंदर पहुंचाया। इंग्लैंड के लिए लगातार किसी दूसरे मेजर टूर्नामेंट में बेलिंगहम ने गोल का खाता खोला है। इससे पहले कतर में 2022 विश्व कप में ईरान के खिलाफ इंग्लैंड के पहले मैच में भी बेलिंगहम ने ही गोल कर टीम का खाता खोला था। बेलिंगहम यूरो 2020 और 2022 फीफा विश्व कप में खेलने के बाद 21 साल के होने से पहले तीन मेजर टूर्नामेंटों में भाग लेने वाले पहले यूरोपीय खिलाड़ी हैं।

# पांड्या और पंत का प्रदर्शन भारत के लिए सबसे सकारात्मक पहलू: हरभजन सिंह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टी20 विश्व कप के ग्रुप चरण में भारत के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा कि हार्दिक पांड्या का उम्मीद से बेहतर गेंदबाजी प्रदर्शन और ऋषभ पंत का तीसरे नंबर पर बल्ले से उपयोगी योगदान टीम के लिए सबसे बड़ी सकारात्मक चीजों में शामिल हैं। भारत ने आयरलैंड, पाकिस्तान और अमेरिका को हराकर सुपर आठ में अपनी जगह पक्की की। कनाडा के खिलाफ टीम का आखिरी मैच गीली आउटफील्ड के कारण रद्द हो गया था।

हरभजन ने कहा, 'टीम के लिए सबसे बड़ी सकारात्मक बात यह है कि हार्दिक पांड्या विकेट चटका रहे हैं। अगर आप उनके विकेटों की संख्या पर नजर डालें तो उन्होंने उम्मीद से कहीं बेहतर प्रदर्शन किया है। विश्व कप से पहले इंडियन प्रीमियर लीग में पांड्या का



प्रदर्शन खराब था लेकिन उन्होंने अमेरिका में ग्रुप चरण के तीन मैचों में सात विकेट लेकर अच्छी वापसी की।

पंत दिसंबर 2022 में एक भयानक कार दुर्घटना में गंभीर रूप से चोटिल हो गए थे। उन्होंने लंबे इलाज और रिहैबिलिटेशन के बाद इस साल आईपीएल से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की। टी20 विश्व कप में उन्होंने तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए मुश्किल पिच पर 124.67 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए।

हरभजन ने कहा, 'पांड्या के अलावा ऋषभ पंत ने तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी से प्रभावित किया। उनकी भूमिका पूरी तरह से बदल गयी। विश्व कप से पहले हम संजू सैमसन को टीम में शामिल करने के लिए कह रहे थे क्योंकि उन्होंने काफी रन बनाये थे। हरभजन ने कहा, 'पंत को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी कराना बड़ी सकारात्मक बात है। जब वह तीसरे नंबर पर खेलते है तो दायें और बायें हाथ के बल्लेबाजों का संयोजन बनता है।

भारत सुपर आठ में अपने अभियान की शुरुआत 20 जून को बारबाडोस में अफगानिस्तान के खिलाफ करेगा। हरभजन ने कहा कि टीम के पास नयी परिस्थितियों की चुनौती का सामना करने की क्षमता है। उन्होंने कहा, 'टीम के साथ बहुत सारी सकारात्मक चीजें हैं। बेशक, चुनौतियां और कठिनाई है। लेकिन चुनौतियां उनके सामने आती हैं जो बेखौफ होते हैं। यह निडर खिलाड़ियों की टीम है। उन्होंने कहा, 'उन्होंने अच्छा संघर्ष किया (न्यूयॉर्क में मुश्किल पिच पर) और बहुत अच्छा खेले। इस वजह से वे ग्रुप में शीर्ष पर रहे।



## ओलंम्पिक क्वालिफायर

### हरियाणा की तीरंदाज भजन कौर को स्वर्ण के साथ ओलंपिक टिकट

# अंकिता भकत ने भी हासिल किया कोटा

**अंताल्या (तुर्की), एजेंसी।** दूसरी वरीय दीपिका को अजरबेजान की तीरंदाज ने 6-4 (26-28, 25-27, 23-26, 24-25, 27-29) से मात दी। टीम के एक अधिकारी के मुताबिक, दीपिका को उपकरण संबंधित कोई दिक्कत नहीं थी, लेकिन खराब रिलीज के कारण ऐसा हुआ। यह दबाव के कारण या किसी और वजह से हो सकता है। हरियाणा के ऐलानाबाद की रहने वाली तीरंदाज भजन कौर ने ओलंपिक क्वालिफायर तीरंदाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल किया। भजन ने फाइनल में शीर्ष वरीय ईरान की मोबीना फलाह को 6-2 से पराजित किया। वह तीरंदाजी में ओलंपिक कोटा हासिल करने वाली दूसरी तीरंदाज हैं। इससे पहले बी धीरज पुरुषों में कोटा ले चुके हैं।

इससे पहले भारतीय तीरंदाज अंकिता भकत अंताल्या में ओलंपिक क्वालिफायर के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करके पेरिस खेलों के लिए व्यक्तिगत कोटा जीता था। अंकिता ने रविवार को फिलीपींस की गैब्रियल मोनिका बिडौर को हराया और क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। साथ ही अगले महीने होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए महिला वर्ग में व्यक्तिगत कोटा हासिल कर लिया।

नौवीं वरीय अंकिता ने प्री क्वार्टर फाइनल में 40वीं वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी गैब्रियल पर 6-0 (26-23, 28-22, 28-23) से जीत हासिल की। भारत ने इस तरह पुरुष और महिला दोनों वर्गों में व्यक्तिगत कोटा हासिल कर लिया है। धीरज बोम्मादेवरा ने इससे पहले एशियाई क्वालीफाइंग चरण से पुरुष व्यक्तिगत कोटा हासिल किया था। इससे पहले अंकिता ने इजराइल की शेली हिल्टन को 6-4 (24-26, 25-25, 28-20, 25-25, 27-25) और मिकाएला मोशे को 7-3 (28-25, 25-27, 27-27, 28-25, 26-25) से हराकर अंतिम 16 में जगह बनायी थी। अब वह क्वार्टरफाइनल में ईरान की शीर्ष वरीय मोबिना फलाह से भिड़ेंगी। व्यक्तिगत कोटे शीर्ष आठ देशों को दिए जाते हैं। प्रत्येक देश को एक व्यक्तिगत कोटा मिलता है।

**दीपिका को मिली अप्रत्याशित हार**

रैंकिंग राउंड में शीर्ष पर रहने वाली दीपिका कुमारी को पहले ही मुकाबले में अजरबैजान की यावलागुल से 4-0 की बढ़त के बावजूद 4-6 से अप्रत्याशित हार का सामना करना पड़ा। भजन ने सेमीफाइनल में माल्डोवा की अलेक्जांद्रा मिर्का को 6-2 से हराया था। भजन का कोटा मिलने से पेरिस ओलंपिक में भारत का मिश्रित स्पर्धा में भी खेलना तय हो गया है। धीरज और भजन की जोड़ी यहां उतर सकती है। हालांकि भारत के पास अभी पुरुष और महिला वर्ग में टीम का कोटा हासिल करने का मौका है। भारत अपनी रैंकिंग पर कायम रहा तो 24 जून को उसे दोनों वर्गों में टीम कोटा मिल सकता है।

# अडाणी की कंपनी के साथ हुई ग्रीन हाइड्रो प्लांट के लिए डील

नई दिल्ली।

अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी इस समय भूटान के दौरे पर हैं। आज यानी 17 जून को अदाणी ने बताया कि उन्होंने भूटान के प्रधान मंत्री शेरिंग टोबगे से मुलाकात की और चुखा प्रांत में 570 मेगावाट जलविद्युत प्लांट के लिए भूटान के ड्रुक ग्रीन पावर कॉरपोरेशन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। अदाणी ने इस दौरान किंग जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक के विजन के तहत इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए भूटान के प्रयासों की सराहना की और कहा कि वे भूटान में हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्लांट लगाने और अन्य प्रोजेक्ट्स पर मिल रहे सहयोग से काफी उत्सुक हैं। गौतम अदाणी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'भूटान के महामहिम किंग खेसर नमगेल वांकचुक से मिलकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। भूटान के लिए उनके विजन, बड़े कंप्यूटिंग सेंटर्स और डेटा फैसिलिटीज सहित गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी के लिए महत्वाकांक्षी पर्यावरण अनुकूल मास्टरप्लान से प्रेरित हूं। इन परिवर्तनकारी पहलों के साथ-साथ कार्बन निगेटिव राष्ट्र के लिए ग्रीन एनर्जी मैनेजमेंट पर सहयोग करने के लिए उत्साहित हूं! आज यानी 17 जून के बकरीद के चलते शेयर बाजार बंद हैं। अंतिम कारोबारी दिन के मुताबिक, क्लस्थ पर




अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के शेयर 0141 प्रतिशत की उछाल के साथ 1,805 रुपये पर बंद हुए थे। अदाणी ग्रीन के शेयरों ने एक साल में निवेशकों को करीब 89 फीसदी का रिटर्न दिया है।

# देश के कुछ राज्यों में पेट्रोल-डीजल सस्ता

नई दिल्ली ।

सरकारी तेल कंपनियों ने सोमवार को पेट्रोल-डीजल की नई दरें जारी कर दी है। आपको बता दे कि देश के महानगरों में राजधानी दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में सोमवार को पेट्रोल और डीजल के कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। जबकि देश के कुछ राज्यों में पेट्रोल-डीजल सस्ता हो गया है तो वहीं कुछ राज्यों में इसकी कीमतें बढ़ गई हैं। राज्य स्तर पर झारखंड, मध्य प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और पश्चिम बंगाल में सोमवार को पेट्रोल-डीजल के भाव कम हो गए हैं।

जबकि हिमाचल, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, ओडिशा, पंजाब और राजस्थान में पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ गई हैं। वहीं दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 103.94 रुपये और डीजल



90.76 रुपये प्रति लीटर और मुंबई में पेट्रोल की कीमत 104.21 रुपये और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर है।

# ब्रिटेन भारत का चौथा सबसे बड़ा निर्यात बाजार बना

## - पिछले साल मई में ब्रिटेन भारत का छठा सबसे बड़ा निर्यात बाजार था

नई दिल्ली ।

ब्रिटेन मई में चीन को पीछे छोड़कर भारत का चौथा सबसे बड़ा निर्यात बाजार बन गया। पिछले साल मई में वह भारत का छठा सबसे बड़ा निर्यात बाजार था। वाणिज्य विभाग के आंकड़ों के मुतो बिक मई में भारत से ब्रिटेन को निर्यात लगभग एक तिहाई बढ़कर 1.37 अरब डॉलर हो गया और चीन का निर्यात 1.33 अरब डॉलर ही रहा। मई में भारत का वस्तु निर्यात 9.13 फीसदी बढ़कर 38 अरब डॉलर हो गया। वैश्विक मांग में उतार-चढ़ाव और अर्थव्यवस्थाओं की रफ्तार कम होने से पिछले कई महीनों तक निर्यात में सुस्ती रही थी मगर मई में अच्छी वृद्धि हुई। अमेरिका को निर्यात में 13 फीसदी इजाफा हुआ और वह भारत का सबसे बड़ा निर्यात साझेदार बना रहा। उसके बाद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को निर्यात में 19 फीसदी वृद्धि दर्ज की गई। नीदरलैंड भारत का तीसरा सबसे बड़ा निर्यात साझेदार है और मई में वहां के लिए निर्यात 44 फीदी चढ़कर 2.19 अरब डॉलर हो गया। भारत से चीन को निर्यात में पिछले महीने केवल 3 फीसदी इजाफा हुआ। सऊदी अरब को निर्यात में 8.46 फीसदी, सिंगापुर को 4.64 फीसदी, बांग्लादेश को 13.47 फीसदी, जर्मनी को 6.74 फीसदी और फ्रांस को निर्यात में 36.94 फीसदी बढ़ोतरी रही। भारत ने जिन 10 देशों से सबसे ज्यादा आयात करता है, उनमें से केवल 2 देशों से आयात में कमी आई। मई में सऊदी अरब से आयात में 4.11 फीसदी और स्विट्जरलैंड से आयात में 32.33 फीसदी कमी दर्ज की गई। मई में भारत का कुल वस्तु आयात 7.7 फीसदी बढ़कर 61.91 अरब डॉलर हो गया। रूस से होने वाला आयात 18 फीसदी बढ़कर 7.1 अरब डॉलर हो गया, जिसकी बड़ी वजह वहां के तेल पर भारत की निर्भरता है। चीन के बाद भारत सबसे ज्यादा आयात इसी देश से करता है और यह सिलसिला मई में भी जारी रहा। पिछले महीने चीन से आयात 2.81 फीसदी बढ़कर 8.48 अरब डॉलर हो गया। स्विट्जरलैंड से मुख्य तौर पर सोने का आयात होता है। मई में वहां से भारत को आयात करीब एक तिहाई घटकर 1.52 अरब डॉलर रह गया। मई में अमेरिका से आयात 0.4 फीसदी, यूएई से 18 फीसदी, इराक से 58.68 फीसदी), दक्षिण कोरिया से 13 फीसदी और सिंगापुर से आयात 8.78 फीसदी बढ़ा।

# कोयला आयात कम करने के लिए कोयला क्षेत्र में होगा सुधार

## – मंत्रालय बना रहा कोकिंग कोल उत्पादन बढ़ाने की योजना

नई दिल्ली ।



देश में कोयला आयात कम करने के लिए सरकार कोयला क्षेत्र में सुधार का तीसरा दौर शुरू करने वाली है। इसका उद्देश्य आयात में भारी कमी करना और उद्योगों के लिए कोयले की बेरोक उपलब्धता सुनिश्चित करना है। 1971 में कोयले का राष्ट्रीयकरण होने और वर्ष 2015 में ई-नीलामी प्रक्रिया शुरू होने के बाद इसे सुधारों का तीसरा दौर माना जा रहा है, जिसमें इस्पात जैसे क्षेत्रों का खास ध्यान रखा जाएगा। इस दिशा में आगे बढ़ते हुए सरकार सबसे पहले नई फॉरवर्ड बिडिंग नीलामी शुरू करेगी, जिसमें देसी कोकिंग कोल की नीलामी दो तरीकों से होगी। मामले की जानकारी रखने वाले एक अधिकारी ने बताया` कि पहला तरीका उन इस्पात संयंत्रों के लिए उपयोग होगा जिनमें वॉशरी (कोयला धुलाई संयंत्र) भी है। दूसरा रास्ता उन इस्पात संयंत्रों के लिए होगा, जिनमें वॉशरी ही नहीं है। जो कारखाने अपना कोयला खुद धोएंगे, उन्हें उससे निकले उत्पाद भी बेचने की इजाजत होगी। अधिकारी ने कहा कि इसके लिए कोयला मंत्रालय नीलामी में बोली लगाने वालों से यह पाबंदी हटा देगा कि आखिर में कोयले का उपयोग कहां किया जा रहा है। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की सात सहायक इकाइयों में एक भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) इस काम के लिए वॉशरी लगाएगी। बीसीसीएल देश में कोकिंग कोल का खनन करने वाली सबसे बड़ी कंपनी है। जेएसडब्ल्यू स्टील के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम उन वॉशरी की नीलामी की बात कर रहे हैं, जिन पर कोकिंग कोयला आता है और नई वॉशरी की लिए लंबे अरसे तक कोकिंग कोयला उपलब्ध कराने की बात कर कर रहे हैं। इस नीलामी से इस्पात क्षेत्र को देश में निकला कोयला मिलता रहेगा और विदेश से आने वालो कोयले पर उसकी निर्भरता कम हो जाएगी।

# म्यूचुअल फंड से अप्रैल-मई में जुड़े 81 लाख नए निवेशक

नई दिल्ली ।

म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री ने चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनों अप्रैल-मई में 81 लाख से ज्यादा निवेशकों के खाते जोड़े हैं। स्टॉक ट्रेडिंग मंच के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि इसके अलावा फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) के बारे में बदलती धारणाएं और आय के स्तर में वृद्धि और वित्तीय बाजार तक पहुंच ने भी नए निवेशकों की संख्या वृद्धि में योगदान दिया है। फिक्स्ड डिपॉजिट योजनाएं अब म्यूचुअल फंड की तुलना में प्रतिस्पर्धी रिटर्न नहीं देती हैं। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही म्यूचुअल फंड के लिए संभावनाएं मजबूत बनी हुई हैं, जिसे शेयर बाजार में चल रही तेजी, ठोस रिस्क मैनेजमेंट प्रैक्टिसेज, निरंतर इन्वेस्टर एजुकेशन और लगातार मार्केटिंग प्रयासों से समर्थन मिल रहा है। विशेषज्ञों ने कहा कि इसके अलावा इंडस्ट्री में अच्छी वृद्धि जारी रहेगी क्योंकि बचतकर्ता अपने लांग-टर्म गोल्स के लिए वैकल्पिक रास्ते तलाश रहे हैं। पीजीआईएम इंडिया म्यूचुअल फंड के एक अधिकारी ने कहा कि जैसे-जैसे भारत की प्रति व्यक्ति आय बढ़ेगी, निवेशक ऐसे एसेट क्लासेज में पैसा




बचाना चाहेंगे, जिनमें मंहगाई को मात देने और वेल्थ क्रिएशन की क्षमता है। जैसे-जैसे म्यूचुअल फंड की पहुंच बढ़ेगी, यह इंडस्ट्री स्तर पर हायर फोलियो बेस में तब्दील हो जाएगा।

# एनटीपीसी ग्रीन को शेयर बाजार में लिस्ट कराएगी कंपनी

**नई दिल्ली ।** देश और दुनिया में ग्रीन एनर्जी पर बढ़ते फोकस की वजह से देश की सबसे बड़ी थर्मल पावर कंपनी एनटीपीसी ने ग्रीन एनर्जी के फील्ड में प्रवेश करने का फैसला किया है। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी सोलर, हाइड्रोजन और विंड एनर्जी जैसे कामकाज करती है। एनटीपीसी ने अपनी सहयोगी कंपनी के रूप में एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड स्थो पित की है। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी शेयर बाजार में लिस्ट होने के बाद भी एनटीपीसी की सहयोगी कंपनी बनी रहेगी। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी कार्बनिक और इनॉर्गेनिक रूट से कई ग्रीन एनर्जी प्रोजेक्ट लगाती है। कंपनी साल 2032 तक 60 गीगावॉट ग्रीन एनर्जी प्रोजेक्ट लगाना चाहती है। शेयर बाजार के कवि विशेषज्ञों ने एनटीपीसी के शेयरों को 455 रुपए के टारगेट के लिए खरीदने की सलाह दी है। नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन भारत की महारत्न पीएसयू कंपनी है जो साल 2024 में अब तक अच्छी तेजी दिखा रही है। बंबई स्टॉक एक्सचेंज में एनटीपीसी के शेयरों में इस साल 20 फ़ीसदी तक की तेजी आई है। एनटीपीसी के शेयर इस समय 370 रुपए के लेवल से नीचे कामकाज कर रहे हैं लेकिन कई ब्रोकरेज ने एनटीपीसी के शेयरों को खरीदने की सलाह दी है।



# यूएई से सोना-चांदी का आयात बढ़ा, एफटीए में शुल्क संशोधन की जरूरत- जीटीआरआई

**नई दिल्ली ।** देश का अपने मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) साझेदार संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से सोने और चांदी का आयात 2023-24 में बढ़कर 10.7 अरब डॉलर हो गया है। इस उछाल को कम करने के लिए समझौते के तहत रियायती सीमा शुल्क दरों में संभावित रूप से संशोधन करने की आवश्यकता है। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के अनुसार सोने और चांदी के आयात में यह तीव्र वृद्धि मुख्य रूप से भारत-संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) के तहत भारत द्वारा यूएई को दी गई आयात शुल्क रियायतों से संभव हो पाई है। जीटीआरआई की रिपोर्ट के अनुसार भारत असीमित मात्रा में चांदी के आयात पर सात प्रतिशत शुल्क या सीमा शुल्क रियायतें और 160 मीट्रिक टन सोने पर एक प्रतिशत रियायत देता है। सीईपीए पर फरवरी 2022 में हस्ताक्षर किए गए और मई 2022 में इसे लागू किया गया। इसके अतिरिक्त भारत गिफ्ट सिटी में इंडिया इंटरनेशनल बुलियन एक्सचेंज (आईआईबीएक्स) के जरिए निजी कंपनियों को यूएई से आयात करने की अनुमति देकर सोने और चांदी के आयात की सुविधा देता है। पहले केवल अधिकृत एजेंसियां ही ऐसे आयातों को संभाल सकती थीं। रिपोर्ट में कहा गया` कि भारत का यूएई से कुल आयात वित्त वर्ष 2022-23 में 53.2 अरब अमरीकी डॉलर से 9.8 प्रतिशत घटकर वित्त वर्ष 2023-24 में 48 अरब अमरीकी डॉलर हो गया, जबकि सोने तथा चांदी का आयात 210 प्रतिशत बढ़कर 3.5 अरब अमरीकी डॉलर से 10.7 अरब अमरीकी डॉलर हो गया। शेष सभी उत्पादों का आयात वित्त वर्ष 2022-23 में 49.7 अरब अमरीकी डॉलर से 25 प्रतिशत घटकर वित्त वर्ष 2023-24 में 37.3 अरब अमरीकी डॉलर हो गया।

# अमूल ने महिला से आइसक्रीम का टब वापस करने का अनुरोध किया

नई दिल्ली ।



आइसक्रीम में कनखजूरा मिलने की शिकायत के बाद अमूल ने नोएडा में महिला ग्राहक से आइसक्रीम का टब वापस करने का सोमवार को अनुरोध किया ताकि उसकी जांच की जा सके। कंपनी ने साथ ही कहा कि वह भारत और वैश्विक बाजारों में बेहतर गुणवत्ता वाले दुग्ध उत्पाद उपलब्ध कराने को प्रतिबद्ध है। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि नोएडा में एक महिला ने दावा किया है कि उसने एक इंस्टेंट डिलीवरी ऐप के जरिए आइसक्रीम मंगवाई थी, जिसके अंदर उसे एक कनखजूरा मिला है। अमूल ब्रांड के तहत दुग्ध उत्पादों का विपणन करने वाले गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन संघ (जीसीएमएमएफ) ने नोएडा में महिला ग्राहक को हुई असुविधा पर खेद व्यक्त किया। नोएडा के खाद्य सुरक्षा विभाग ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। अमूल ने एक बयान में कहा कि उसने सोशल मीडिया पर मिली शिकायत पर तुरंत गौर किया। इस घटना के कारण उन्हें हुई असुविधा के लिए हमें बेहद खेद है। अमूल ने कहा कि उसके दल ने ग्राहक से संपर्क किया और उसी दिन रात साढ़े नौ बजे के बाद उससे मुलाकात की। बयान के अनुसार ग्राहक के साथ हमारी बैठक के दौरान हमने ग्राहक से जांच के लिए उक्त आइसक्रीम टब उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था, दुर्भाग्य से ग्राहक ने इसे सौंपने से इनकार कर दिया। जब तक ग्राहक से शिकायत वाला उत्पाद वापस नहीं मिल जाता तब तक हमारे लिए मामले की जांच करना मुश्किल होगा और इसलिए इस मुद्दे पर हम कोई टिप्पणी नहीं कर पाएंगे।

# टाटा पंच ईवी और नेक्सॉन ईवी की अच्छी डिमांड

## - टाटा की दो इलेक्ट्रिक कार के दीवाने हुए लोग

नई दिल्ली ।

वाहन निर्माता स्वदेशी कंपनी टाटा मोटर्स की इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री के कुछ आकर्षक आंकड़े सामने आए हैं। टाटा पंच ईवी और नेक्सॉन ईवी की अपने सेगमेंट में अच्छी डिमांड देखी जा रही है। टाटा पंच ईवी को लॉन्च हुए केवल 5 महीने हुए हैं और इसी के भीतर इस इलेक्ट्रिक कार ने 10,000 यूनिट की बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया है, जबकि नेक्सॉन ईवी ने 2020 में लॉन्च होने के बाद से 68,000 से अधिक बिक्री का आंकड़ा हासिल किया है। कुल मिलाकर दोनों कारों की 78,000 यूनिट्स बिक चुकी हैं। फीचर्स की बात करें तो, नेक्सॉन ईवी वायरलेस एंड्रॉइड ऑटो और ऐप्पल कारप्ले के साथ 12.3 इंच का टचस्क्रीन सिस्टम, 10.25 इंच का डिजिटल ड्राइवर डिस्प्ले, 9-स्पीकर जेबीएल सिस्टम, रियर वेंट के साथ स्वचालित एसी, वायरलेस फोन चार्जर और सनरूफ जैसे फीचर्स के साथ आती है। इसमें सामने वेन्टीलेटेड सीटें भी मिलती हैं। वहीं पंच ईवी की बात करें तो, इसमें डुअल-स्क्रीन सेटअप, एयर प्योरिफायर, 6-स्पीकर, क्रूज कंट्रोल, एम्बिएंट लाइटिंग और सनरूफ जैसे फीचर्स मिलते हैं। सुरक्षा के लिहाज से, दोनों एसयूवी




में छह एयरबैग, 360-डिग्री कैमरा, ऑल-व्हील डिस्क ब्रेक और ऑटो होल्ड के साथ एक इलेक्ट्रॉनिक पार्किंग ब्रेक मिलता है। इसमें ब्लाइंड स्पॉट व्यू मॉनिटर, हिल होल्ड कंट्रोल और हिल डिसेंट कंट्रोल भी शामिल है।नेक्सान ईवी में फ्रंट पार्किंग सेंसर भी मिलता है। हाल ही में, नेक्सॉन ईवी और पंच ईवी दोनों का भारत एनसीएपी ने क्रैश टेस्ट किया है जिसमें दोनों एसयूवी को 5-स्टार रेटिंग मिली है। दोनों एसयूवी में इको, सिटी और स्पोर्ट मोड जैसे मल्टी-ड्राइव मोड भी मिलते हैं। इनमें मल्टी-मोड रीजेनरेटिव ब्रेकिंग के 4 लेवल भी मिलते हैं।टाटा पंच ईवी की कीमत 10.99 लाख रुपये से 15.49 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) के बीच है, और यह सिट्रोएन ईसी3 से टक्कर लेती है, जबकि यह टाटा टियागो ईवी और एमजी कॉमेट ईवी का एक प्रीमियम विकल्प भी है।

दूसरी ओर, टाटा नेक्सान ईवी की कीमत 14.49 लाख रुपये से 19.49 लाख रुपये के बीच है और यह एमजी झेडएस ईवी और हयूदै कोना इलेक्ट्रिक के किफायती विकल्प के रूप में काम करते हुए सीधे तौर पर महिंद्रा एक्सयूवी 400 ईवी को टक्कर देती है। बता दें कि अगर इलेक्ट्रिक वाहनों की बात की जाए टाटा मोटर्स इस सेगमेंट में मार्केट लीडर है। मौजूदा समय में कंपनी भारतीय बाजार में चार इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री कर रही है।

कंपनी की इलेक्ट्रिक व्हीकल लाइनअप में हैचबैक और कॉम्पैक्ट सेडान से लेकर कॉम्पैक्ट एसयूवी तक शामिल है। इस वजह से टाटा मोटर्स को कम्पटीशन के मुकाबले एडवांटेज मिलती है।

# वेदांता का 10 अरब डॉलर की पूर्व आय हासिल करने का लक्ष्य

**नई दिल्ली ।** खनन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी वेदांता समूह की निकट भविष्य में 10 अरब अमेरिकी डॉलर की कर पूर्व आय हासिल करने के लक्ष्य को 50 से अधिक उच्च प्रभाव वाली वृद्धि परियोजनाओं के समय पर क्रियान्वयन से बल मिलेगा। इनमें जस्ता, एल्युमीनियम, तेल एवं गैस तथा बिजली कारोबार शामिल हैं। वेदांता समूह द्वारा आयोजित साइट विजिट पर आए 45 से अधिक कोष प्रबंधकों और विश्लेषकों के समक्ष प्रस्तुत की गई पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के अनुसार ये परियोजनाएं पूरी होने के अग्रिम चरण में हैं। इस प्रस्तुति के अनुसार वेदांता समूह इन मौजूदा वृद्धि परियोजनाओं में करीब आठ अरब डॉलर निवेश कर रहा है। कंपनी की इस वर्ष के अंत तक सभी विनियामक अनुमोदन प्राप्त करने के बाद पांच अतिरिक्त संस्थाओं को बाजार में सूचीबद्ध करने की भी योजना है।

# साल 2030 तक दो लाख करोड़ रुपये का निवेश करेंगी दिग्गज वाहन कंपनियां

नई दिल्ली ।

देश के अग्रणी यात्री वाहन निर्माताओं ने अगले कुछ साल में 2 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा के निवेश का खाका तैयार किया है। वाहन दिग्गजों जैसे टाटा मोटर्स, महिंद्रा ऐंड महिंद्रा, मारुति सुजूकी इंडिया, ह्युंडै मोटर इंडिया, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया, निसान मोटर कॉरपोरेशन और रेनो एसए ने उत्पादन क्षमता में बढ़ोतरी, वाहनों के विकास पर बड़े निवेश के अलावा और स्वच्छ व पर्यावरण अनुकूल तकनीक को लेकर प्रतिबद्धता जताई है। पिछले हफ्ते इलेक्ट्रिक वाहन में भारत की अग्रणी टाटा मोटर्स ने कहा था कि वह वित्त वर्ष 2030 तक अपनी ईवी इकाई में 16 से 18,000 करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्च की योजना बना रही है। कंपनी का इरादा मार्च 2026 तक छह और मॉडल उतारने का है। पिछले तीन साल में टाटा मोटर्स के लिए बिक्री दमदार रहीपिछले तीन साल में टाटा मोटर्स के लिए बिक्री दमदार रही है और यह वित्त वर्ष 2021-22 के 3.72 लाख के मुकाबले वित्त वर्ष 2022-23 में 5.41 लाख और वित्त वर्ष 2023-24 में 5.73 लाख वाहन पर पहुंच गई। भारतीय यात्री वाहन बाजार वित्त वर्ष 30 तक 60 लाख वाहन पर पहुंचने की संभावना है, जो वित्त वर्ष 24 में 43 लाख रहा है। कोरियाई वाहन दिग्गज ह्युंडै मोटर ने अगले 10 साल में 32,000 करोड़ रुपए के निवेश का खाका खींचा है। देसी बाजार में 14.6 फीसदी हिस्सेदारी रखने वाली कोरियाई कंपनी का स्थान भारत में मारुति के बाद दूसरा है, जिसके पास 41.7 फीसदी हिस्सेदारी है।` सियाम के आंकड़ों से यह जानकारी मिली। मारुति ने साल 2023 में ऐलान किया था



कि वह पहली ईवी एसयूवी 2023-24 में उतारेगी। हालांकि अब इसे उतारने की तारीख 2024-25 हो गई है। कुल मिलाकर मारुति का इरादा 2029-30 तक भारत में छह ईवी उतारने का है।

# पेटीएम के फिल्म और इवेंट टिकटिंग कारोबार खरीदेगा जोमेटो

**नई दिल्ली ।** पेटीएम अपनी फिल्म और इवेंट टिकटिंग कारोबार को बेचने के लिए फूड डिलिवर कंपनी जोमैटो के साथ बातचीत कर रही है। एक रिपोर्ट में मामले से परिचित सूत्रों के हवाले से बताया कि संकट से जूझ रही फिनटेक कंपनी कमजोर बिक्री के बीच पुनरुद्धार की रणनीति बना रही है। सूत्रों के मुतो बिक पेटीएम, जिसे आधिकारिक तौर पर वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता है और ऑनलाइन फूड डिलीवरी फर्म जोमैटो के बीच चर्चा एडवांस स्टेज में है। हालांकि इस डील के लिए अन्य दावेदार भी हैं। सूत्रों ने कहा कि बातचीत चल रही है और कोई अंतिम निर्णय नहीं हुआ है। पेटीएम के एक अे धिकारी ने पिछले महीने अपने पहले बिक्री गिरावट की सूचना दी और गैर-प्रमुख संपत्तियों को कम करने का वादा किया। इसके साथ ही नौकरी में कटौती की चेतावनी भी दी, जो पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) पर नियामक कार्रवाई के परिणामस्वरूप उत्पन्न हुई है, जिससे फिनटेक के व्यापार का अधिकांश हिस्सा प्रभावित हुआ है और इसे ऋणदाताओं के साथ नई साझेदारी बनाने के लिए मजबूर किया है। पेटीएम पीपीबीएल को नियंत्रित नहीं करता है लेकिन इस साल की शुरुआत में केंद्रीय बैंक के कदम से पहले डिजिटल वॉलेट और भुगतान ट्रैफ़िक के लिए उस पर निर्भर था। पेटीएम और जोमैटो ने नियमित व्यावसायिक घंटों के बाहर टिप्पणी के अनुरोधों का जवाब नहीं दिया।

# आरबीआई ने गाजीपुर स्थित पूर्वांचल सहकारी बैंक का लाइसेंस किया रद्द

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने उत्तर प्रदेश के गाजीपुर स्थित पूर्वांचल सहकारी बैंक का लाइसेंस रद्द कर दिया है। आरबीआई ने बैंक के पास पर्याप्त पूंजी और कमाई की संभावनाएं नहीं होने के कारण यह कदम उठाया है। इस फैसले के बाद अब पूर्वांचल सहकारी बैंक के खाता धारक पैसा नहीं निकाल पाएंगे। रिजर्व बैंक ने जारी एक बयान में कहा कि उत्तर प्रदेश के सहकारिता आयुक्त और सहकारी समितियों के पंजीयक को बैंक को बंद करने को कहा है। साथ ही एक परिसमापक नियुक्त करने का आदेश जारी करने को कहा गया है। आरबीआई के मुताबिक परिसमापन के तहत प्रत्येक जमाकर्ता जमा बीमा और ऋण गारंटी निगम (डीआईसीजीसी) से केवल पांच लाख रुपये तक की अपनी जमा राशि पाने का हकदार होगा। आरबीआई ने कहा कि पूर्वांचल सहकारी बैंक के आंकड़ों के मुताबिक लगभग 99.51 फीसदी जमाकर्ता डीआईसीजीसी से अपनी पूरी जमा राशि पाने के हकदार हैं। रिजर्व बैंक ने कहा कि डीआईसीजीसी ने 30 मई, 2024 तक बैंक के संबंधित जमाकर्ताओं से प्राप्त इच्छा के आधार पर कुल बीमाकृत जमा का 12.63 करोड़ रुपये का भुगतान पहले ही कर दिया है।




# सीएमपीडीआई में स्वच्छता अभियान आउर जूट बैग कर बितरन

**रांची।** सीएमपीडीआई कर अध्यछ-सह-प्रबंध निदेसक मनोज कुमार, निदेसक (तकनीकी/सीआरडी) शंकर नागाचारी, निदेसक (तकनीकी/पीएंडडी) अजय कुमार, निदेसक (तकनीकी/ईएस) सतीश झा कर नेतृत्व में संस्थान कर मुख्यालय परिसर में दिनांक 16 से 30 जून तक चलेक वाला स्वच्छता पखवाड़ा कर अंतर्गत आइज स्वच्छता अभियान कर आयोयन करल गेलक। छेतरीय संस्थान-3-रांची कर छेतरीय निदेसक जयंत चक्रवर्ती, महाप्रबंधक (टीएस/पीआर) संजय कुमार दुबे संगे महाप्रबंधक आउर बिभागाध्यछ, वरीय अधिकारी आउर कर्मचारीमन ई अभियान में भाग लेलयं।

इकर अतिरिक्त, सीएमपीडीआई कर द्वारा आपन मुध द्वार में नजदीकी बाजार में खरीददारी करेक ले आवल आसपास कर निवासीमन कर बीच जूट बैग कर बितरन करल गेलक, ताकि प्लास्टिक बैग कर उपयोग उपरे रोक लगाल जाए सके।

आपने के मालूम होवी कि स्वच्छता पखवाड़ा-2023 कर दौरान सीएमपीडीआई कर द्वारा करल गेल गतिबिधि, सामिल नवा बिचार, अधिकतम सार्वजनिक भागीदारी आउर आयोजित जागरूकता कार्जक्रम कर आधार में सीएमपीडीआई के कोयला मंत्रालय कर द्वारा द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित करल जाय रहे।

भारत सरकार कर 'स्वच्छ भारत मिसन' कर तहत, कोल इंडिया आउर उकर सहायक कंपनीमन स्वच्छ आउर स्वच्छ भारत कर महात्मा गांधी कर सपना के साकार करेक ले 16 से 30 जून, 2024 तक स्वच्छता पखवाड़ा मनात हे।

# ई केवाईसी कर माध्यम से 29 जून तक बनी आयुष्मान कार्ड

- सउब प्रज्ञा केन्द्रमन के रोज दिन कम से कम 50 गो योग्य परिवारमन कर लछ निर्धारित

सोनू सपवार, रांची




राइज में आयुष्मान भारत-मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत अच्छादित लाभुकमन कर ई केवाईसी कर माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाएक ले 29 जून, 2024 तक आयुष्मान पखवाड़ा मनाल जात हे। इके लेइ के रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा सम्बंधित अधिकारी के कतई निरदेस देइ हयं।

ई निरदेस देल गेलक : सउब परखंडमन आउर नगर निगम कर छेतर में हर दिन लगातार कैंप कर आयोजन करल जाई। जे परिवार गुलाबी/पीला/हरा रासन कार्डधारी होंबयं, ऊ परिवार आयुष्मान भारत अंतर्गत आयुष्मान कार्ड ले जोग्य होंबयं। लाभुक कर निबंधन ले प्रज्ञा केन्द्र में आधार कार्ड, रासन कार्ड आउर मोबाइल न. कर संगे उपस्थित होवेक जरूरी होवी। सहिया / रासन डीलर / एसएचजी कर माध्यम से बेसी से बेसी जोग्य परिवारमन के लाभान्वित करेक सुनिश्चित करबयं। सउब प्रज्ञा केन्द्रमन के प्रतिदिन कम से कम 50 गो जोग्य परिवारमन कर लछ निर्धारित करल जाए। उक्त लछ के हर हाल में पूरा करेक कर निरदेस सीएससी प्रबंधक के देल गेलक।

कैंप कर सूचना मीडिया में प्रकासित करेक कर बेवस्था आपन अस्तर से सुनिश्चित करबयं, ताकि बेसी से बेसी अदमी कैंप में उपस्थित होए सकयं। सहिया /रासन डीलर/ एसएचजी कर महिला जे आपन अस्तर से कार्ड बनात हयं ऊ कार्ड बनाते रहबयं। (कम से कम 10 गो आयुष्मान कार्ड रोज दिन) आउर जे कार्ड बनाएक में असमर्थ हयं ऊ कम से कम 10 गो अदमीमन के रोज दिन नजिक कर प्रज्ञा केन्द्र में लेगेक सुनिश्चित करबयं। सहिया कर द्वारा घर-घर सर्वे करल जाए। लाभार्थीमन कर सूची बनाल जाए।




# मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा गौ सेवा करलयं

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा कर साखा अध्यछ श्रीमती विनीता सिंघानिया कर अध्यछता में हर एकादसी के गौ सेवा करेक कर जोजना बनाय हे। आइज निर्जला ग्यारस कर सुभ अवसर में ई सेवा करल गेलक।

साखा कर मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल आउर सदस्य मंजु अग्रवाल ई करुवालयं।

गौ सेवा प्रभारी आशा संथोलिया आउर संयोजिका डॉली बंसल गौ सेवा कर सउब तैयारी करलयं। बढ़त गरमी के देखते गौ माता के खीरा, लौकी आउर क़रीब 25 किलो हरा सब्जी खियाल गेलक। इकर अलावा निर्जला ग्यारस कर सुभ अवसर में तुलादान भी कराल गेलक/ ममता बिवानिया आउर माया बोड़ा तुलादान करुवालयं।

कार्जक्रम में अध्यछ विनीता सिंघानिया, आशा संथोलिया, सरिता बथवाल, कोमल पोद्दार, डॉली बंसल, रितु पोद्दार, मंजु अग्रवाल, सोनल, नेहा अग्रवाल, दीपिका मोतिका, स्मिता अग्रवाल मौजूद रहयं।

# फर्जी सरकारी अधिकारी बइन के अदमीमन के ठगेक वाला व्हाट्सएप कॉल कर बारे में भी परामर्स होलक जारी

**नई दिल्ली।** अदमीमन के कॉल कइर के मोबाइल नंबर बंद करेक कर धमकी देवल जात हे। ई किसिम कर कॉल आवेक से अदमीमन डइर जात हयं। उनके समइझ में नी आवत हे कि ऊ का करयं। सरकार, दूरसंचार बिभाग कर नाम लेइ के अदमीमन कर मोबाइल नंबर बंद करेक कर धमकी देवेक वाला कॉल कर बारे में परामर्स जारी कइर हे।



नागरिकमन के अइसन कॉल आवत हे, जेकर में कॉल करेक वाला बेक्ति डीओटी कर नाव लेइ के उकर सउब मोबाइल नंबर काइट देवेक इया उनकर मोबाइल नंबर कर कुछ अबैध गतिबिधिमन में दुरुपयोग होवेक कर धमकी देवत हयं। डीओटी बिदेसी मूल कर मोबाइल नंबरमन (जैसे +92-xxxxxxxxxx) से फर्जी सरकारी अधिकारी बइन के अदमीमन के ठगेक वाला व्हाट्सएप कॉल कर बारे में भी परामर्स जारी करल जाय हे।

साइबर अपराधी अइसन कॉलमन कर माध्यम से साइबर-अपराध/ बित्तीय धोखाधड़ी के अंजाम देवेक ले धमकी देवेक/बेक्तिगत जानकारी चोराएक कर कोसिस करयंना। दूरसंचार बिभाग आपन दन से केखु भी अइसन कॉल करेक ले अधिकृत नई करेला। ऊ अदमीमन के सतर्क रहेक कर सलाह देइ हयं। अइसन कॉल आवेक से केऊ भी जानकारी साझा नई करेक ले कहलयं।

डीओटी नागरिकमन के संचार साथी पोर्टल कर 'चक्षु-रिपोर्ट संदिग्ध धोखाधड़ी संचार' सुबिधा में अइसन धोखाधड़ी वाला संदेसमन कर रिपोर्ट करेक कर परामर्स देइ हयं। सक्रियता कर संगे इकर रिपोर्ट करल जायेक से दूरसंचार बिभाग के साइबर अपराध, बित्तीय धोखाधड़ी आदि ले दूरसंचार संसाधनमन कर दुरुपयोग के रोकेक में मदद मिलेला।

इकर अलावा, संचार साथी पोर्टल कर 'नो योर मोबाइल कनेक्शंस' सुबिधा में नागरिक आपन नाव में जारी मोबाइल कनेक्सनमन कर जांच कइर सकयंना। अइसन केउ भी मोबाइल कनेक्सन कर रिपोर्ट कइर सकयंना, जे ऊ नई किन हयं इया जेकर उनके जरुरत नखे।

डीओटी पहिले से से साइबर अपराध इया बित्तीय धोखाधड़ी कर सिकार होवल नागरिकमन के भी साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 इया साइबरक्राइम वेबसाइट में रिपोर्ट करेक कर सलाह देइ हयं।

# सीसीएल गांधीनगर अस्पताल में निःसुल्क हृदय रोग सिबिर 21 के

- मैक्स सुपर स्पेसियलिटी कर डॉ. राजीव राठी सेवा देंबयं

**रांची।** सीसीएल कर रांची कर कांके रोड इस्थित गांधीनगर केन्द्रीय अस्पताल में 21 जून, 2024 के बिहाने 9 बजे से निःसुल्क हृदय रोग चिकित्सा सिबिर (कार्डियक क्लिनिक) कर आयोजन करल जात हे। इकर में नई दिल्ली कर मैक्स सुपर स्पेसियलिटी कर प्रसिद्ध चिकित्सक सीनियर इंटरवेंसनल कार्डियोलॉजिस्टि डॉ. राजीव राठी मरीजमन कर जांच कइर के चिकित्सीय सलाह देंबयं।



निःसुल्क हृदय संबंधित चिकित्सीय सलाह कर सउब झारखंडवासी लाभ उठाय सकयंना। मरीज कर अगर पुरना इलाज कर रिपोर्ट इया जांच कर पेपर होवी तो उके जरुर आपन संगे लानेक हय।

जनसंपर्क प्रमुख कर अनुसार सीएमडी निलेन्दुप कुमार सिंह कर मार्ग दरसन में सीसीएल आपन कर्मीमन आउर हितधारकमन कर संगे-संगे समाज कर हर बर्ग ले चिकित्सान सेवा मुहैया करुवायेक ले कृतसंकल्पित हेकयं। इकर ले सीसीएल कर द्वारा समय-समय में देस कर ख्याति मिलल बिसेसग्य चिकित्सकमन के बोलाय के बिभिन्न बेमारीमन से संबंधित सिबिर कर आयोजन करल जायेला। इकर से जरूरतमंद के बेमारी कर अत्याधुनिक इलाज कर सुबिधा उनकर घर कर नजीक में मिइल जायेला। अदमीमन लाभान्वित होवयंना।

# उपराष्ट्रपति संसद भवन परिसर में प्रेरणा स्थल कर करलयं उद्घाटन

- उपराष्ट्रपति अस्थल के सउब ले प्रेरक बतालयं

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति आउर राज्यसभा कर सभापति जगदीप धनखड़ संसद भवन परिसर में नवनिर्मित प्रेरणा स्थल कर उद्घाटन 17 जून के करलयं। ई अस्थल में भारत कर परतिस्ठित नेतामन आउर स्वतंत्रता सेनानीमन कर प्रतिमा हेके, जे पहिले संसद भवन परिसर में बिभिन्न अस्थानमन में लागल रहे।

ई पहल कर उद्देस क्यूआर कोड जइसन आधुनिक तकनीक कर आसान पहुंच आउर उपयोग कर माध्यम से भारतीय इतिहास कर ई प्रेरक हस्तिमन कर जीवन कर कहनीमन के हियां आवेक वाला आगंतुकमन से साझा कइरके उनकर अनुभव के बढ़ाएक हय।



श्री धनखड़ ई अवसर के प्रेरक आउर यादगार बताते कहलयं कि ऊ आपन जीवन में कहियो नी सोइच रहयं कि उनके हमिन कर महान नेतामन के ई लखे सम्मानित करेक कर अवसर मिली। ऊ बिश्वास बेक्त करलयं कि ई प्रेरणा स्थल में आवेक वाला सउब नागरिक प्रेरनादायक कहनीमन कर माध्यम से ऊर्जावान आउर प्रेरित होंबयं।

प्रेरणा स्थल में पट्टिका कर अनावरन कर बाद उपराष्ट्रपति अन्य गनमान्य बेक्तिमन कर संगे अस्थल में सउब मूर्तिमन में पुसपांजलि अर्पित करलयं।ई अवसर में लोकसभा अध्यछ ओम बिरला, राज्यसभा कर उप सभापति डॉ. हरिवंश, अश्विनी वैष्णव, किरेन रिजिजू, अरुण राम मेघवाल संगे आउरो केंद्रीय मंत्री उपस्थित रहयं।

# श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा में 185 गो अदमीमन करलयं भोजन

**रांची।** पहाड़ी मंदिर रोड इस्थित श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा में 185 गो अदमीमन 17 जून के भोजन करलयं। स्व० धनवंती देवी कर पुण्य स्मृति में उनकर बेटा नीरज भट्ट, धीरज भट्ट, राजेश भट्ट आउर ममता राय ई प्रायोजित कइर रहयं।

ई अवसर में भट्ट परिवार कर घरवईयामन स्व. धनवंती देवी कर फोटो में पुसपांजलि अर्पित कइर के श्रद्धांजलि देलयं। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन कर द्वारा संचालित पुरुलिया रोड इस्थित स्वर्ण भूमि अन्नपूर्णा सेवा केंद्र में 175 गो लाभुकमन भोजन करलयं।

ई अवसर में अन्नपूर्णा सेवा कर संयोजक सुरेश चंद्र अग्रवाल कहलयं कि माता अन्नपूर्णा अदमीमन के एहे लखे सेवा करेक कर प्रेरना प्रदान करयं। प्रभु कर कृपा सदैव इनकर परिवार में बनल रहे। ऊ कहलयं कि आर्थिक रूप से कमजोर अदमीमन ले अन्नपूर्णा सेवा निरंतर चलते रही।

ई अवसर में मारवाड़ी सम्मेलन कर जिला अध्यछ ललित कुमार पोद्दार, महामंत्री विनोद कुमार जैन, प्रमोद अग्रवाल, प्रदीप नारसरिया, संजय सर्राफ, मनोज रुइया, द्वारका प्रसाद अग्रवाल, बबलू हरित, सांवरमल बुधिया, रमेश बंका संगे अन्य सदस्य उपस्थित रहयं।

रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन कर संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ कहलयं कि दुईयों अन्नपूर्णा सेवा स्व. सत्यनारायण नारसरिया आउर स्व. शारदा देवी नारसरिया कर स्मृति में रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित हेके।



मुद्रक व प्रकाशक **नीलम सिंह** द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना-गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : कृशन गोपालका, **सलाहकार संपादक** : रतन लाल अग्रवाल। फोन नंबरः 8210640230, 9934166306, **ईमेल आइडीः** jharkhandwanitaudyog@gmail.com